3 राजधानी
रेवड़ी पर भाजपा और आप में बढ़ी तकरार

6 प्रादेशिकी
पाकिस्तानी झंडा फहराने के आरोप में एक गिरफ्तार

9 राष्ट्रीय
नरेंद्र मोदी की मां ने बांटे तिरंगे

10 विदेश
मोंटेनेग्रो में बंदूकधारी ने 10 लोगों को गोली मारी

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 275
नई दिल्ली, रविवार, 14 अगस्त, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
www.dailypioneer.com



पुजारा के 107 रन के बावजूद हारा ससेक्स
स्पोर्ट्स-12

# सुरक्षा की गारंटी बना हमारा तिरंगा: मोदी

- न केवल भारतीयों के लिए बल्कि अन्य देशों के नागरिकों के लिए भी, यूक्रेन की घटना की दी मिसाल
- हर घर तिरंगा अभियान के शुरू होने के मौके पर राष्ट्रमंडल खेलों में पदक विजेताओं को किया संबोधित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 'तिरंगे की ताकत' को सराहा और कहा कि इसकी मिसाल कुछ समय पहले यूक्रेन में देखने को मिली थी जब तिरंगा न केवल भारतीयों के लिए बल्कि अन्य देशों के नागरिकों के लिए भी सुरक्षा कवच बन गया था जो भागकर सुरक्षित इलाकों में जा रहे थे।

प्रधानमंत्री अपने आवास पर राष्ट्रमंडल खेलों (सीडब्ल्यूजी) 2022 में पदक विजेताओं को संबोधित कर रहे थे और आज ही के दिन देश भर में हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत हुई। मोदी ने



अभियान का एंथम भी ट्वीटर पर लांच किया। उन्होंने कहा कि हर तिरंगा अभियान को लेकर लोगों में जो जोश और उत्साह देखा जा रहा है वह देश की एकता और अखंडता की भावना का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने देश के नागरिकों से अनुरोध किया है कि स्वतंत्रता दिवस समारोह के मौके पर वे हर घर तिरंगा के आधिकारिक वेबसाइट पर तिरंगे के साथ अपनी फोटो साझा करें।

उन्होंने ट्वीट किया कि हर घर तिरंगा अभियान को लेकर लोगों की जबरदस्त प्रतिक्रिया को देखकर बेहद खुश हूं और गर्व महसूस कर रहा हूं। जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से रिकॉर्ड संख्या में लोग इसमें भाग ले रहे हैं। आजादी का अमृत महोत्सव मनाने का यह शानदार तरीका है। तिरंगे के साथ आप अपनी फोटो भी साझा करें।' पुरुषों, महिलाओं या बच्चों के बड़े समूह अपने अपने तरीके से इस जश्न को मना रहे हैं। इसमें ऐसे भी



**चंडीगढ़ में शनिवार को चंडीगढ़ विश्वविद्यालय तथा एनआईडी फाउंडेशन के तत्वावधान में लहराते झंडे की सबसे बड़ी मानवनिर्मित छवि बनाई गई। इसे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल किया गया है। इस कार्यक्रम में 7,500 लोगों ने सहभागिता की।**

लोग शामिल हैं जो अकेले ही झंडा ऊंचा किए हुए हैं। तिरंगा ऊंचे व्यवसायिक भवनों, व्यस्त बाजारों, रोड सिग्नल, झोपड़ियों, नावों, बर्फ की चादर से ढंके पर्वतों, द्वीपों, जंगल और लाखों घरों पर शान से लहरा रहा है। यहां तक कि बेघर भी अपने कामचलाऊ बिस्तरों के आसपास झंडा लिए दिखाई दे रहे हैं। राष्ट्मंडल खेलों में पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उन्होंने खेलों इंडिया मंच के जरिए उभरते चैंपियनों को लेकर खुशी जताई। उन्होंने कहा ' खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के कारण देश प्रेरणास्पद उपलब्धि के साथ आजादी के अमृत काल में प्रवेश कर रहा है। केंद्रीय मंत्रियों समेत भाजपा नेताओं ने शनिवार को पूरे देश में हर घर तिरंगा अभियान में भाग लिया। भारत के 75वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर यह अभियान तीन दिन तक चलेगा। गृहमंत्री अमित शाह तथा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपने आवास पर तिरंगा फहराया। उन्होंने लोगों से अभियान को सफल बनाने का अनुरोध किया। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने (शेष पेज 8)

## संघ ने सोशल मीडिया प्रोफाइल पिक्चर बदला, लगाया तिरंगा

**नई दिल्ली( भाषा )।** स्वतंत्रता दिवस से पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर प्रोफाइल तस्वीर में पारंपरिक भगवा ध्वज को बदलकर राष्ट्रीय ध्वज लगा दिया। गौरतलब है कि देश की आजादी के 75वें सालगिरह के तहत आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो से 15 अगस्त के बीच लोगों से सोशल मीडिया पर प्रोफाइल तस्वीर में तिरंगा लगाने की अपील की है। आरएसएस, सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी का वैचारिक संगठन है। आरएसएस के राष्ट्रीय ध्वज पर रुख की कांग्रेस और विपक्षी पार्टियों ने आलोचना की थी। आरएसएस का संदर्भ देते हुए कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि जिस संगठन ने नागपुर स्थित अपने मुख्यालय में 52 साल तक तिरंगा नहीं फहराया, क्या वह प्रधानमंत्री के सोशल मीडिया पर प्रोफाइल तस्वीर (शेष पेज 8)

## गुजरात के पूर्व उपमुख्यमंत्री तिरंगा यात्रा के दौरान गाय के हमले में घायल

**मेहसाणा (भाषा)।** गुजरात के पूर्व उपमुख्यमंत्री नितिन पटेल मेहसाणा जिले के कडी कस्बे में शनिवार को तिरंगा यात्रा के दौरान एक गाय के हमले में घायल हो गए। भाजपा नेता ने कहा कि घटना में उनके बाएं पैर की हड्डी टूट गई है। पटेल राज्य की विजय रूपाणी सरकार में उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री रहे हैं। पटेल ने अहमदाबाद में अपने आवास पर संवाददाताओं से कहा कि आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर मेहसाणा जिले के काडी में भारतीय जनता पार्टी ने जुलूस निकाला था जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए थे। पटेल ने कहा, काडी में तिरंगा यात्रा आयोजित की गई जिसमें करीब दो हजार लोगों ने कि भाग लिया। यात्रा करीब 70 प्रतिशत पूरी हो गई थी और सब्जी बाजार पहुंची थी तभी अचानक एक गाय तेजी से आई। उन्होंने कहा कि इससे मची अफरा तफरी में (शेष पेज 8)

# हिज्बुल सरगना सलाहुद्दीन के बेटे समेत चार कर्मचारी बर्खास्त

- जम्मू-कश्मीर प्रशासन का फैसला, इनमें बिट्टा कराटे की पत्नी भी शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** जम्मू/श्रीनगर

**जम्मू-कश्मीर** प्रशासन ने प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन हिज्बुल मुजाहिदीन के प्रमुख सैयद सलाहुद्दीन के बेटे और आतंकवाद के वित्तपोषण मामले में आरोपी बिट्टा कराटे की पत्नी सहित चार कर्मचारियों को शनिवार को बर्खास्त कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कराटे इस समय जेल में है और उसपर अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों पर जानलेवा हमले करने का आरोप है।

अधिकारियों ने बताया कि चारों कर्मचारियों को भारत के खिलाफ काम करने वाली ताकतों से कथित संपर्क रखने और दुष्प्रचार करने के आरोप में बर्खास्त किया गया है। उन्होंने बताया कि चारों कर्मचारियों को संविधान के अनुच्छेद 311 के तहत बर्खास्त किया गया है जिसमें सरकार को बिना किसी जांच के अपने कर्मचारी को निष्कासित करने की शक्ति प्राप्त है। उन्होंने बताया कि बर्खास्त सैयद अब्दुल मुईद उद्योग एवं वाणिज्य विभाग में सूचना प्रौद्योगिकी प्रबंधक था। वह पाकिस्तान से संचालित आतंकवादी संगठन हिज्बुल मुजाहिद्दीन के सरगना सैयद सलाहुद्दीन का बेटा है। मुईद सलाहुद्दीन का तीसरा बेटा है जिसे सरकारी नौकरी से बर्खास्त किया गया है। पिछले साल सैयद अहमद शकील और शाहिद युसुफ को भी बर्खास्त किया गया था। अधिकारियों के मुताबिक मुईद की पम्पोर के सेमपोरा स्थित जम्मू-कश्मीर एन्टरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (जेकेईडीआइ) परिसर पर तीन हमलों में कथित भूमिका पाई गई थी। अधिकारियों ने बताया कि फारूक अहमद डार उर्फ बिट्टा कराटे इस समय आतंकवाद वित्तपोषण मामले में न्यायिक हिरासत में है।

उसकी पत्नी अस्सबाह-उल-अर्जमंद खान जम्मू-कश्मीर प्रशासनिक सेवा की वर्ष 2011 बैच की अधिकारी थी और उसे पासपोर्ट के लिए गलत सूचना देने में संलिप्त पाया गया। अधिकारियों ने बताया कि खान का कथित तौर पर विदेशी लोगों से संपर्क था जिन्हें भारतीय सुरक्षा बलों और खुफिया विभाग द्वारा पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए काम करने वालों के तौर पर सूचीबद्ध किया गया था। उन्होंने बताया कि खान जम्मू-कश्मीर में भारत विरोधी गतिविधियों के लिए धन को एक स्थान से दूसरे स्थान पहुंचाने में भी कथित तौर पर संलिप्त थी। बिट्टा कराटे आतंकवाद के वित्तपोषण मामले में वर्ष 2017 से ही दिल्ली (शेष पेज 8)

# सोनिया गांधी एक बार फिर कोरोना वायरस से संक्रमित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** अध्यक्ष सोनिया गांधी एक बार फिर कोरोना वायरस से संक्रमित हो गई हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने शनिवार को ट्वीट करके यह जानकारी। उन्होंने कहा कि 75 वर्षीय सोनिया गांधी ने कोविड संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए खुद को पृथक कर लिया है। रमेश ने ट्वीट कर कहा, आज कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की कोविड-19 जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई।

वह सरकार द्वारा जारी प्रोटोकॉल का पालन करते हुए पृथकवास में रहेंगी। कुछ दिनों पहले सोनिया गांधी की पुत्री और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा भी कोरोना वायरस से संक्रमित हो गई थीं। सोनिया गांधी इससे पहले जून महीने में कोरोना वायरस से संक्रमित हुई थीं। कोरोना वायरस संक्रमण के बाद की स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं के चलते वह कई दिनों तक सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती रही थीं। कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं ने सोनिया गांधी के शीघ्र



स्वस्थ होने की कामना की। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ट्वीट किया, सोनिया गांधी जी के कोरोना से संक्रमित होने के कारण उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंतित हूं। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी जी के कोरोना संक्रमित होने का समाचार प्राप्त हुआ। हम सब आपके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। हाल के दिनों में कई कांग्रेस नेता कोरोना वायरस से संक्रमित हुए हैं। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पार्टी के मीडिया एवं प्रचार प्रमुख पवन खेड़ा, महासचिव अजय माकन, प्रवक्ता अभिषेक सिंघवी और कुछ अन्य नेता कोरोना वायरस से संक्रमित हुए।

# समीर वानखेड़े को जाति आयोग ने दी क्लीन चिट

**भाषा।** मुंबई

**स्वापक** नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के पूर्व मुंबई क्षेत्रीय निदेशक समीर वानखेड़े को जाति जांच समिति ने क्लीन चिट दी है, जिनकी सरकारी नौकरी पाने के लिए कथित जाली जाति प्रमाण पत्र जमा करने के आरोप को लेकर जांच की गई थी। एक अधिकारी ने बताया कि यह आदेश महाराष्ट्र सरकार के सामाजिक न्याय विभाग ने शुक्रवार को जारी किया। आदेश में कहा गया है कि भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के अधिकारी वानखेड़े जन्म से मुस्लिम नहीं थे। यह साबित हो गया है कि वह महार जाति से हैं, जो अनुसूचित जाति (एससी) श्रेणी में आती है। वानखेड़े की जाति का मुद्दा महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता नवाब मलिक ने उठाया था। वानखेड़े के खिलाफ राजनीतिक नेता मनोज संसारे, अशोक कांबले और संजय कांबले समेत शिकायतकर्ताओं ने (शेष पेज 8)

# राजू श्रीवास्तव अब भी जीवन रक्षक प्रणाली पर, हालत में सुधार नहीं

**भाषा।** नई दिल्ली

**लोकप्रिय** हास्य कलाकार-अभिनेता राजू श्रीवास्तव यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की गहन चिकित्सा इकाई में वेंटिलेटर पर हैं और उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ है। अस्पताल के सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। स्टैंड-अप कॉमेडियन (58) को बुधवार को दिल का दौरा पड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था,जहां उसी दिन उनकी एंजियोप्लास्टी हुई थी। सूत्र ने बताया कि श्रीवास्तव की हालत गंभीर बनी हुई है और वह वेंटिलेटर पर हैं। उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ है। अस्पताल में भर्ती होने के बाद से उन्हें होश नहीं आया है। कॉमेडियन का इलाज एम्स में कार्डियोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. नीतीश नाइक कर रहे हैं। शुक्रवार रात श्रीवास्तव के परिवार ने उनके आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज पर एक बयान जारी कर कहा कि कॉमेडियन



की हालत स्थिर है। परिवार ने बयान में कहा, राजू श्रीवास्तव जी की हालत स्थिर है। हम उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं। डॉक्टर उनका इलाज कर रहे हैं और अपना सर्वश्रेष्ठ कर रहे हैं। सभी शुभचिंतकों को निरंतर प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद। परिवार ने लोगों से किसी भी अफवाह अथवा गलत खबर पर ध्यान नहीं देने का भी अनुरोध किया। यहां एक होटल के जिम में व्यायाम के दौरान कॉमेडियन को दिल का दौरा पड़ा था। श्रीवास्तव, 1980 के दशक के अंत से मनोरंजन जगत में सक्रिय रहे हैं। उन्हें 2005 में स्टैंड-अप कॉमेडी शो द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज के पहले सीजन में भाग लेने के बाद पहचान मिली। उन्होंने मैंने प्यार किया, बाजीगर, बॉम्बे टू गोवा (रीमेक) और आमदानी अठन्नी खर्चा रुपैया जैसी फिल्मों में अभिनय किया है। वह बिग बॉस सीजन तीन के प्रतियोगियों में से एक थे। श्रीवास्तव उत्तर प्रदेश फिल्म विकास परिषद के अध्यक्ष भी हैं।


# रुश्दी वेंटिलेटर पर, एक आंख खोने की आशंका

- चाकू घोंपने से लिवर भी क्षतिग्रस्त

**भाषा।** न्यूयॉर्क

**अमेरिका** के न्यूयॉर्क शहर में शुक्रवार को एक कार्यक्रम के दौरान एक व्यक्ति के हमले में घायल हुए अंग्रेजी भाषा के प्रख्यात लेखक सलमान रुश्दी जीवन रक्षक प्रणाली (वेंटिलेटर) पर हैं, उनका लिवर क्षतिग्रस्त हो गया है और उनके एक आंख खोने की आशंका है। दुनियाभर में साहित्य बिरादरी इस घटना से स्तब्ध है और उसने इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला करार दिया है।

खून से लथपथ रुश्दी को पश्चिम न्यूयॉर्क स्थित आयोजन स्थल से हवाई मार्ग से उत्तर पश्चिमी पेन्सिल्वेनिया के एक अस्पताल ले जाए जाने के बाद उनके एजेंट एंड्रयू वायली ने कहा, खबर अच्छी नहीं है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में कई घंटे तक उनकी सर्जरी हुई। मुंबई में जन्मे विवादास्पद लेखक रुश्दी को द सैटेनिक वर्सेज लिखने के बाद वर्षों तक इस्लामी चरमपंथियों से मौत की धमकियों का सामना करना पड़ा था।



उन्हें न्यूजर्सी के 24-वर्षीय निवासी हादी मतार ने पश्चिमी न्यूयॉर्क राज्य में एक कार्यक्रम में चाकू मार दिया था। वायली ने न्यूयॉर्क टाइम्स से कहा, सलमान के एक आंख खोने की आशंका है, उनकी बांह की नसें कट गई हैं और उनका लिवर क्षतिग्रस्त हो गया है। उनके अनुसार, अपने उपन्यास मिडनाइट्स चिल्ड्रेन को लेकर बुकर पुरस्कार जीत चुके लेखक अब भी बोल नहीं पा रहे हैं।

न्यूयॉर्क राज्य पुलिस के मेजर यूजीन स्टैनिसजेवस्की ने शुक्रवार की शाम संवाददाता सम्मेलन में बताया कि संदिग्ध फेयरव्यू, न्यूजर्सी का रहने वाला था। उन्होंने कहा कि पुलिस इस हमले के पीछे की मंशा का पता लगाने के लिए एफबीआई और स्थानीय अधिकारियों के साथ काम कर रही है। जांच के बारे में जानकारी रखने वाले एक कानून लागू करने वाले अधिकारी ने एनबीसी न्यूज से कहा कि मतार के सोशल मीडिया एकाउंट की प्राथमिक जांच से सामने आया है कि उसके मन में शिया चरमपंथ एवं इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कोर के मकसद के प्रति सहानुभूति है।

स्टैनिसजेवस्की ने कहा कि अधिकारी विभिन्न वस्तुओं के लिए तलाशी वारंट प्राप्त करने की प्रक्रिया में हैं। घटनास्थल से एक बैग और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद हुए थे। मतार की राष्ट्रीयता के बारे में एक सवाल के जवाब में स्टैनिसजेवस्की ने कहा, मुझे अब तक इसकी जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि अधिकारी फिलहाल यह मान रहे हैं कि संदिग्ध अकेला था लेकिन वे इस बात को पक्का कर लेने के लिए जांच कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जांच आगे बढ़ने पर अधिकारी उपयुक्त आरोप तय करेंगे। रुश्दी की चौथी पुस्तक द सैटेनिक वर्सेज 1988 में आने के बाद उन्हें नौ साल तक छिपकर रहना पड़ा। इस पुस्तक को लेकर ईरान के तत्कालीन सर्वोच्च धार्मिक नेता आयतुल्ला खामनेई (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,462 | |
| निफ्टी | 17,698 | |
| सोना | 52,915 | /10g |
| चांदी | 59,166 | /kg |

## क्विक न्यूज

### दिल्ली में मिला मंकीपॉक्स का पांचवां मरीज

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में मंकीपॉक्स का पांचवां मरीज मिला है। नाइजीरियाई युवती में मंकीपाक्स की पुष्टि के बाद उसे दो पहले लोकनायक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। संक्रमित युवती को हल्का बुखार है। मुंह में छाले और शरीर पर लाल दाने मिले हैं। पीड़िता ने एक महीने पहले नाइजीरिया की यात्रा की थी। दिल्ली में 17 जुलाई को मंकीपाक्स का पहला मामला सामने आया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 22 वर्षीय अफ्रीकी मूल की महिला में शुक्रवार रात मंकीपॉक्स की पुष्टि हुई थी। दिल्ली में संक्रमण से पीड़ित वह दूसरी महिला है। इस समय मंकीपॉक्स से संक्रमित दो महिलाओं समेत चार लोग एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती हैं जबकि एक मरीज को छुट्टी मिल चुकी है।

# विवादित आईएएस अफसर शाह फैसल को केंद्र ने किया बहाल

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय** प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी शाह फैसल को सेवा में बहाल किए जाने के लगभग तीन महीने बाद केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय में उप सचिव के रूप में तैनात किया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। तत्कालीन जम्मू-कश्मीर कैडर के 2010 बैच के आईएएस अधिकारी की नियुक्ति के आदेश को इस सप्ताह के शुरू में मंजूरी दे दी गई थी।

सरकार द्वारा उनका इस्तीफा वापस लिए जाने संबंधी आवेदन को स्वीकार करने के बाद उन्हें अप्रैल के अंतिम सप्ताह में बहाल कर दिया गया था। कॉल या संदेशों के माध्यम से टिप्पणी के लिए फैसल से संपर्क नहीं हो सका है। फैसल ने भारतीय प्रशासनिक सेवा परीक्षा में जम्मू कश्मीर से पहला स्थान प्राप्त किया था। उन्होंने इस साल की शुरुआत में सरकारी सेवा में अपनी वापसी के बारे में संकेत दिए थे। उन्होंने कई ट्वीट करके 2019 में अपने आदर्शवाद से मिली निराशा की बात की थी, जब उन्होंने राजनीति में शामिल होने के लिए सरकारी सेवा से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने कहा था, मेरे जीवन के आठ महीनों (जनवरी 2019-अगस्त 2019) ने मुझ पर इतना दबाव डाला कि मैं लगभग खत्म हो गया था।

एक मिथ्या परिकल्पना का पीछा करते हुए, मैंने लगभग वह सब कुछ खो दिया जो मैंने वर्षों में अर्जित किया था। नौकरी, दोस्त, प्रतिष्ठा, सार्वजनिक सद्भावना, लेकिन मैंने कभी उम्मीद नहीं खोई। मेरे आदर्शवाद ने मुझे निराश किया था। उन्होंने ट्वीट किया था, लेकिन मुझे अपने आप पर विश्वास था कि मैंने जो गलतियां की, उन्हें मैं सुधार दूंगा। जिंदगी मुझे (शेष पेज 8)

# खारे पानी से जलने वाली पहली लालटेन का शुभारंभ

**चेन्नई( भाषा )।** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने खारे पानी से जलने वाली देश की पहली लालटेन की शुरुआत की है। पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) द्वारा जारी की गई एक विज्ञप्ति में कहा गया कि केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने राष्ट्रीय समुद्र प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईओटी), चेन्नई के तटीय अनुसंधान पोत सागर अन्वेषिका के भ्रमण के दौरान रोशनी नाम की अपनी तरह की पहली लालटेन की शुरुआत की। मंत्री ने कहा कि खारे पानी से जलने वाली लालटेन से गरीब और वंचित लोगों विशेषकर भारत की 7,500 किलोमीटर लंबी तटीय रेखा से सटे इलाकों में रहने वाले मछुआरा समुदाय के लिए काफी मददगार होगी। सिंह ने कहा कि खारे पानी की लालटेन देश भर में एलईडी बल्ब के वितरण के लिए 2015 में शुरू की गई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उजाला योजना को भी बढ़ावा देगी।

# हंबनटोटा में लंगर डालेगा चीनी जासूसी पोत, श्रीलंका की हरी झंडी

- भारत के विरोध के बावजूद किया फैसला, पोत सैन्य ठिकानों की कर सकता है निगरानी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**चीन** के जासूस जहाज (अनुसंधान पोत युआन वांग-5) को हंबनटोटा बंदरगाह पर आने से मना करने वाले श्रीलंका ने अब चीनी पोत को यहां लंगर डालने की अनुमति दे दी है। नवीनतम टोही और निगरानी उपकरणों से लैस यह चीनी जहाज भारत के लिए एक खतरा है, क्योंकि यह हमारी सेना और अन्य संवेदनशील प्रतिष्ठानों की जासूसी व निगरानी कर सकता है।

श्रीलंका के अधिकारियों के अनुसार, चीनी अनुसंधान पोत युआन वांग-5 कोलंबो से लगभग 250 किलोमीटर दूर हंबनटोटा बंदरगाह पर



16 अगस्त को लंगर डालेगा और 22 अगस्त को ईंधन भरने के बाद यहां से जाएगा। जबकि पहले 11 अगस्त को जहाज बंदरगाह पर पहुंचने वाला था। श्रीलंका सरकार द्वारा चीन के इस जासूस जहाज की यात्रा स्थगित करने की मांग के बाद इसके पहुंचने की तारीख बदल दी गई। बीजिंग ने अपने जहाज की यात्रा स्थगित करने के लिए श्रीलंका पर दबाव बनाने के लिए नई दिल्ली को दोषी ठहराया था। हालांकि भारत ने शुक्रवार को इस आरोप से इनकार किया।

जासूस जहाज अब बंदरगाह से पूर्व में लगभग 600 समुद्री मील (1,000 किमी) दूर है। हंबनटोटा बंदरगाह को चीनी से लिए कर्ज लेकर विकसित किया गया था और बाद में श्रीलंका सरकार ने 2017 में इस बंदरगाह को 99 साल के पट्टे पर चीन को दे दिया है। भारत ने कहा है कि वह अपनी सुरक्षा और आर्थिक हितों को प्रभावित करने वाले किसी भी तरह के मामले पर निगरानी रखता है। नई दिल्ली हिंद महासागर में श्रीलंका के सहयोग से चीन के बढ़ते प्रभाव को लेकर सशंकित है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने नई दिल्ली में चीनी पोत की प्रस्तावित यात्रा की रिपोर्ट के बारे में पूछे जाने पर कहा कि हमें इस पोत द्वारा अगस्त में हंबनटोटा की प्रस्तावित यात्रा की रिपोर्ट की जानकारी है। उन्होंने पिछले महीने कहा था कि सरकार भारत की सुरक्षा और आर्थिक हितों को प्रभावित करने वाले किसी भी विकास की सावधानीपूर्वक निगरानी करती है और उनकी सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक उपाय करती है। भारत ने पारंपरिक रूप से हिंद महासागर में चीनी सैन्य जहाजों के बारे में कड़ा रुख अपनाया है और अतीत में श्रीलंका के साथ इस तरह की यात्राओं का विरोध किया है। नई दिल्ली ने 2014 में कोलंबो में विरोध दर्ज कराया था जब उसने चीनी पनडुब्बी को अपने एक बंदरगाह पर डॉक करने की अनुमति दी थी।

# खंगाला जा रहा श्रीकांत त्यागी से जुड़े 14 लोगों की संपत्ति का ब्योरा

## पुलिस ने प्राधिकरण को सूची भेज अचल संपत्ति की जानकारी मांगी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

श्रीकांत त्यागी और इस केस से जुड़े करीब 14 लोगों के खिलाफ प्राधिकरण और पुलिस प्रशासन सख्त हो गया है। ऐसे में पुलिस प्रशासन ने प्राधिकरण को 14 नामों की सूची भेजी है। पत्र के जरिए पुलिस प्रशासन ने इन सभी की रजिस्टर्ड अचल संपत्ति का ब्योरा मांगा है। प्राधिकरण ने अपने विभागों को निर्देशित करते हुए जल्द से जल्द ब्योरा उपलब्ध कराने के लिए कहा है।

पुलिस प्रशासन ने श्रीकांत त्यागी पुत्र दिनेश त्यागी निवासी नोएडा, राहुल सतवीर सिंह निवासी हापुड़, अन्नु त्यागी पत्नि श्रीकांत त्यागी निवासी नोएडा, उमेश त्यागी पुत्र हरदन त्यागी निवासी गाजियाबाद, साहिल त्यागी पुत्र उमेश त्यागी निवासी नोएडा, छिद्दा त्यागी पुत्र गिरवर त्यागी निवासी नोएडा, अनुज त्यागी पुत्र छिद्दा त्यागी निवासी नोएडा, बिट्टू त्यागी पुत्र छिद्दा त्यागी निवासी नोएडा, रमेश त्यागी पुत्र हरदन त्यागी निवासी गाजियाबाद, विक्रांत त्यागी पुत्र रमेश चंद त्यागी निवासी गाजियाबाद, गौरव त्यागी पुत्र रमेश निवासी गाजियाबाद, सुनीता त्यागी पत्नी सुभाष त्यागी निवासी गाजियाबाद, सुभाष त्यागी निवासी गाजियाबाद, नितिशा त्यागी पुत्री दिनेश त्यागी नोएडा की अचल संपत्ति की डिटेल मांगी है। बता दे पुलिस ने श्री कांत त्यागी पर गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की है। ऐसे में पुलिस प्रशासन ने प्राधिकरण से उसकी संपत्ति का ब्योरा मांगा है।

इससे पहले प्राधिकरण और जिला प्रशासन की टीम ने त्यागी के भंगेल स्थित जमीन का सर्वे और पैमाइश की थी। जिसमें उसकी 7 हजार 500 वर्गमीटर मिली थी। इस जमीन पर वर्षा धर्म कांटा और करीब 50 दुकानें हैं। ये जमीन भंगेल में खसरा नंबर 130, 131, और 133 में है।

पुलिस पर आरोप लगाते हुए अनु ने कहा कि जब मैं थाने में थी, तब मेरे घर में दोनों बच्चे अकेले थे। बड़ा बेटा मैगी बनाकर खा रहा था। मैंने पुलिस से हाथ जोड़कर अनुरोध किया कि मेरे बच्चों से बात करा दो, लेकिन बात नहीं कराई गई। मेरे पति ने सरेंडर किया है, उन पर जबरदस्ती गुंडा एक्ट लगाया गया है।



### मौर्य ने भेजा पुलिस कमिश्नर को मानहानि नोटिस

नोएडा। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने नोएडा पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह को साढ़े 11 करोड़ रुपए की मानहानि का नोटिस भेजा है। स्वामी प्रसाद मौर्य ने शनिवार को नोटिस की कॉपी के साथ ट्वीट किया। पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर ने विधानसभा पास को लेकर श्रीकांत त्यागी प्रकरण में बिना जांच-पड़ताल किए गैर जिम्मेदाराना हरकत कर प्रेस के माध्यम से पूरे देश में मेरी छवि एवं प्रतिष्ठा को धूमिल करने का प्रयास किया। इस ट्वीट के जरिए स्वामी प्रसाद ने नोएडा पुलिस कमिश्नर पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं।

### आरोपी नेता के समर्थन में प्रदर्शन, सोसायटी के पास पुलिस का पहरा


*नोएडा। नोएडा में महिला से बदसलूकी के मामले में 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे गए भाजपा नेता श्रीकांत त्यागी के समर्थन में त्यागी समाज के लोगों ने गेझा में शिव मंदिर के पास हंगामा किया और सांसद डॉ. महेश शर्मा के खिलाफ नारेबाजी की।*

*इन लोगों की योजना सेक्टर-93ए औमेक्स ग्रैंड सोसाइटी के बाहर विरोध प्रदर्शन करने की थी, लेकिन समय रहते पुलिस को पता चल गया और सोसायटी के आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था कर दी गई। प्रदर्शन की आशंका को लेकर नोएडा पुलिस अलर्ट हो गई है। पुलिस ने शहर और ग्रैंड ओमेक्स सोसायटी के चारों तरफ सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है।*

*सभी संभावित जगहों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती कर दी गई है। टीमें हर गतिविधि पर नजर रख रही हैं।*

# ट्विन टॉवर के पिलरों में प्रारंभ हुआ विस्फोटक लगाने का काम

- करीब 3700 पिलरों में विस्फोट होगा, इसके लिए 9800 छेद किए
- एक होल में पड़ेगा 1.375 किलो बारूद



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सेक्टर-93ए सुपरटेक के दोनों टावरों को ध्वस्त करने के लिए शनिवार से विस्फोटक लगाने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इसके लिए ट्विन टावर के सामने की सड़क को पूरी तरह बंद कर दिया गया है। यहां सिर्फ पुलिस, एडिफि स और जेट डिमोलिशन कंपनी के लोग ही आ जा सकेंगे। रोजाना 250 किलो विस्फ ोटक आएगा।

टावर को ध्वस्त करने के लिए जो विस्फ ोटक लगाया जाएगा, उसमें 325 किलो सुपर पावर जैल, 63300 मीटर्स सोलर कार्ड, सॉफ्ट ट्यूब, जिलेटिन रॉड, 10990 नंबर सुप्रीम डिले नॉन इलेक्ट्रिक डेटोनेटर रैंगिंग क्लास-6 और डिवीजन-2 होंगे। चार इंस्टेंटएनोयस एक्सप्लोसिव डिवाइस का प्रयोग किया जाएगा। विस्फोटक लगाने का काम 60 लोग करेंगे। टावर के किसी भी पिलर में पांच से ज्यादा होल नहीं होंगे। किसी भी होल में 1.375 किलो से ज्यादा विस्फोटक नहीं लगाया जाएगा। किसी भी दो पिलर में एक साथ विस्फोट नहीं होगा। विस्फोट की प्रक्रिया पूरी होने तक टावर परिसर के 40 मीटर दायरे में किसी भी अन्य तरह की गतिविधि नहीं होगी। यह विस्फ ोट करीब 100 किलोमीटर दूर पलवल स्थित मैगजीन से पुलिस की सुरक्षा में लाया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि विस्फ ोट लगाने में 60 लोगों को लगाया जाएगा।

इसके अलावा वहां पर सात दक्षिण अफ्र ीकी और 10 भारतीय विशेषज्ञ मौजूद रहेंगे। इनकी निगरानी में विस्फ ोट लगाने और उसको चार्ज कराने का काम होगा।

ट्विन टावर परिसर में इनके अलावा किसी भी अन्य शख्स को जाने की इजाजत नहीं होगी। ध्वस्तीकरण वाले दिन संबंधित आरडब्ल्यूए लोगों सहित हर चीज को पूरी तरह फ्लैट से बाहर लाने के लिए फ्लोर और टावर मैनेजर की नियुक्ति करेंगी। ट्विन टावर के करीब 3700 पिलर में विस्फ ोट होना है। इसके लिए 9800 छेद किए गए हैं।

सीबीआरआई से क्लियरेंस मिल चुकी है। लगातार 15 दिनों तक विस्फ ोटक आएगा और सुबह आठ बजे से दिन ढलने तक रिचार्ज का काम किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### रोटरी क्लब ने मनाया आजादी का अमृत महोत्सव

**नोएडा।** रोटरी क्लब ग्रीन ग्रेटर नोएडा द्वारा आजादी की 75 वी वर्षगांठ पर आयोजित हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत क्लब के सदस्यों को झंडे भेंट किए गए। क्लब अध्यक्ष विजय शर्मा ने बताया कि इस वर्ष पूरा देश आजादी की 75वीं वर्षगांठ बड़े ही धूमधाम से मना रहा है। इसी क्रम में क्लब द्वारा सदस्यों को घरों में लगाने के लिए झंडे बांटे गए। क्लब सदस्यों ने अल्फा 1 में मेट्रो स्टेशन के नीचे एकत्र होकर आजादी का अमृत महोत्सव मनाया। इस अवसर पर मंजीत सिंह, मनोज गर्ग, एमपी सिंह, सौरभ बंसल, विनोद कसाना, प्रवीण गर्ग, सुशील भाटी एडवोकेट, जितेंद्र चौहान, अमित राठी, प्रीति अग्रवाल, अतुल जैन, शैलेश वार्ष्णेय, अजित सिंह, शिवकुमार गुप्ता, अनिल गुप्ता, मनोज नागर सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### लघु उद्योग भारती ने बांटे 5000 झंडे

**नोएडा।** लघु उद्योग भारती की तरफ से 75वें अमृत महोत्सव एवं स्वतंत्रता दिवस को विभिन्न क्षेत्रों में बड़े हर्षोल्लास के साथ में मनाया जा रहा है। लघु उद्योग भारती द्वारा 5000 झंडे का वितरण किया गया है। लघु उद्योग भारती के महासचिव सत्यवीर सिंह ने बताया कि यह लक्ष्य हमारी उम्मीद से और अधिक हो पाएगा। विशेषाधिकारी अविनाश त्रिपाठी ने लघु उद्योग भारती को एक हजार झंडे उपलब्ध कराए हैं। इस दौरान भारत माता की जय, वंदेमातरम एवं विजयी विश्व तिरंगा प्यारा झंडा ऊंचा रहे हमारा के उद्घोष के साथ समापन किया गया।

### इंडस्ट्रियल एसोसिएशन ने निकाली तिरंगा यात्रा

**नोएडा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर तिरंगा अभियान को आगे बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वान पर एमएसएमई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन नोएडा के सदस्यों ने शुक्रवार की शाम तिरंगा यात्रा निकाली। सेक्टर-10 के डी-176 स्थित एमएसएमई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन नोएडा के जिला कार्यालय से पदयात्रा की शुरुआत हुई। इसमें संस्था के सदस्य हाथों में तिरंगा लहराते हुए और देश भक्ति के गीत गातेए झूमते चल रहे थे। तिरंगा यात्रा औद्योगिक क्षेत्र की परिक्रमा करते हुए बी.44, सेक्टर 10 स्थित अध्यक्ष शिव कुमार राणा और सचिन भाई के नोएडा कार्यालय होते हुए जिला कार्यालय पर पहुंचकर संपन्न हुई।

### 18 तालाबों के पास फहराया जाएगा ध्वज

**नोएडा।** भूजल स्तर सुधारने के लिए महावड़ समेत 18 गांवों के तालाबों की सूरत बदल गई है। अमृत सरोवर योजना के तहत इन्हें दुरुस्त किया गया है। कुल 1.12 एकड़ में फैले गांव महावड़ के तालाब के चारों ओर बेंच लगाई गई हैं और तारबंदी की गई है। ध्वजारोहण के लिए चबूतरा भी बनाया गया है। आगामी 15 अगस्त के मौके पर महावड़ समेत सभी 18 तालाबों के पास तिरंगा फहराया जाएगा। जिला प्रशासन ने महावड़, बीलअकबरपुर, रामगढ़ चमरावली समेत 18 तालाबों को 15 अगस्त तक दुरुस्त करने का लक्ष्य रखा था। यह लक्ष्य पूरा हो गया है। इन तालाबों से अतिक्रमण हटाते हुए उनको मूल स्वरूप में लौटाया गया। जिला प्रशासन ने इस पर 4.73 लाख रुपये खर्च किए हैं।

### पर्थला गोल चक्कर पर नया मोनोपोल लगा

**नोएडा।** सेक्टर-121 पर्थला गोल चक्कर पर नया मोनोपोल तैयार लगा दिया गया है। इस मोनोपोल पर 132 केवीए की लाइन खींचने का कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। इससे सेक्टर-67 स्थित 33,11 केवी के बिजली उपकेंद्र में सप्लाई शुरू हो सकेगी। दरअसल, इस साल 19 अप्रैल को कार्य में लापरवाही की वजह से 40 मीटर ऊंचा मोनोपोल नंबर-4 गिर गया था। इससे एक महिला कार चालक भी घायल हो गई थी। अब नए मोनोपोल से सेक्टर-123 स्थित 400 केवी के बिजली उपकेंद्र से सेक्टर-67 स्थित 33,11 केवी के उपकेंद्र तक लाइन खींचने का कार्य शेष बचा है।

### विवाहिता को जहरीला पदार्थ देने का आरोप

**गाजियाबाद।** इस्लाम नगर में ससुराल पक्ष पर विवाहिता को जहरीला पदार्थ देने का आरोप लगाया गया है। विवाहिता को एमएमजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां से हालत नाजुक देखते हुए उन्हें निजी अस्पताल में रेफर किया गया। इस मामले में पीड़िता के पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस के अनुसार, इस्लामनगर के रहने वाले मीन मुहम्मद ने शिकायत दी है कि उन्होंने अपनी बेटी खुशबू की शादी इस्लाम नगर निवासी फिरोज से की थी। आरोप है कि बीते 11 अगस्त को उनकी बेटी दूसरे मकान में किसी काम से गई थी। इस दौरान वहां ससुराल पक्ष के लोग पहुंचे और खुशबू को जमीन पर गिरा उनके मुंह में जहरीला पदार्थ डाल दिया।

### अश्लील वीडियो बनाकर 10 लाख मांगे, केस दर्ज

**गाजियाबाद।** ऑनलाइन टिफिन सेवा प्रदाता का नंबर लेना मुसीबत बन गया। फोन पर बात होने के बाद उन्हें रसोई दिखाने के लिए वीडियो कॉल की गई। इसी बीच उनकी एडिट कर अश्लील वीडियो बना ली और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 10 लाख रुपये की मांग की गई। पीड़ित ने पुलिस से मामले की शिकायत की है। वैशाली की पीड़ित मुंबई में एक टिफिन सेवा वाले का नंबर ऑनलाइन तलाश रहे थे।

# रिक्शा चालक पर थप्पड़ बरसाने वाली महिला गिरफ्तार

- कार में साइड लगने पर बेरहमी से किया हमला, वीडियो वायरल होने पर केस दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा के फेज दो कोतवाली क्षेत्र के सेक्टर-110 स्थित बाजार में ई. रिक्शा से कार में हल्की सी साइड लगने पर उसके चालक को बुरी तरह से पीटने वाली महिला को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित महिला की पहचान कोतवाली क्षेत्र के श्रमिक कुंज की किरन सिंह के रूप में हुई है। आरोपी महिला भारतीय जनता पार्टी के महिला मोर्चा की सदस्य बताई जा रही है। शुक्रवार शाम को हुई घटना का वीडियो शनिवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वायरल वीडियो में महिला रिक्शा चालक को भद्दी गालियां देते हुए थप्पड़ मार रही है। वीडियो में महिला ने एक के बाद एक कुल 17 थप्पड़ रिक्शा चालक को जड़े। सेक्टर-82 में रहने वाले चालक मिथुन चौधरी ने मामले की शिकायत संबंधित कोतवाली पुलिस से की है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपित महिला को न्यायालय के समक्ष पेश किया। महिला के खिलाफ मारपीट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

### मुठभेड़ में 25 हजार के इनामी को गोली लगी

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। यहां 25 हजार रुपए के इनामी एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। उसके पैर में गोली लगी है। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, लोनी बॉर्डर थाने की टीम शुक्रवार रात मूवी मैजिक रोड पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान बाइक सवार दो लोगों को रोका गया।

# जेपी इंफ्रा से घर खरीदने वालों को चुकानी पड़ सकती है अधिक कीमत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा


नोएडा प्राधिकरण के बोर्ड ने गुरुवार को निर्धारित समय के अंदर आवासीय और वाणिज्यिक परियोजनाओं को पूरा करने में विफल रहने पर जेपी इंफ्र ाटेक से समय विस्तार टाइम एक्सटेंशन शुल्क की वसूली को मंजूरी दे दी। इससे जेपी से घर खरीदारों को फ्लैटों के लिए ज्यादा कीमत चुकानी पड़ सकती है। जेपी ने लगभग 12000 फ्लैटों का निर्माण कर वितरण कर चुका है, जबकि फ्लैटों सहित 20000 इकाइयों की डिलीवरी अभी बाकी है। यहां तक ????कि अगस्त 2017 में एनसीएलटी ने दिवालिया घोषित कर दिया। उसी समय से एनसीएलटी द्वारा नियुक्त एक आईआरपी इसके मामलों को देख रहे हैं। बोर्ड पहली बार जेपी को समय विस्तार शुल्क के दायरे में लेकर आया है। दरअसल, नोएडा क्षेत्र में स्थित सेक्टर 128, 129, 131, 133, 134 और 151 में लगभग 500 हेक्टेयर भूमि नोएडा प्राधिकरण द्वारा 2003 और 2011 के बीच विकास और निर्माण के लिए यमुना प्राधिकरण को दी गई थी। इस भूमि को कन्सेशन एग्रीमेंट के तहत जेपी को दिया गया है।

प्राधिकरण बोर्ड ने उन परियोजनाओं के लिए दिसंबर 2025 की समय सीमा तय की है जो जेपी द्वारा विकसित की जा रही हैं और जिनमें कन्सेशन एग्रीमेंट में समय सीमा तय नहीं की गई थी।

# दिल्ली-एनसीआर में वाहन चुराने वाले गिरोह का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

पुलिस ने दिल्ली-एनसीआर में वाहन और बाइक चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफ ाश कर दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चुराई गई छह बाइक, चार मोबाइल फ ोन और 12 सिम कार्ड बरामद किए गए हैं। ये बदमाश चोरी के मोबाइल राह चलते लोगों को बेच देते थे। सूरजपुर कोतवाली प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान कृष्ण कुमार और मन्नू के रूप में हुई है।




# समयसीमा पूरी, नोएडा में नहीं चल सकेंगे 300 पुराने ऑटो

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में अब 300 पुराने ऑटो नहीं चलेंगे। 15 साल की समयसीमा पूरी होने के कारण परिवहन विभाग ने पंजीकरण निरस्त कर दिया है। एनजीटी के आदेशानुसार दिल्ली.एनसीआर में पुराने वाहनों को चलाने पर पाबंदी है। जिले में 17 हजार से अधिक ऑटो पंजीकृत हैं। सभी सीएनजी ऑटो हैं।

एआरटीओ प्रशासन सियाराम वर्मा ने बताया कि अवधि पूरी कर चुके ऑटो सड़कों पर नहीं चल सकते हैं। इसके अलावा बढ़ते प्रदूषण के मद्देनजर एनजीटी का आदेश भी लागू है। उन्होंने कहा कि पुराने ऑटो का पंजीकरण निरस्त कर दिया गया है। इसके बाद भी यदि ऑटो सड़क पर दौड़ते पकड़े जाएंगे तो जब्त कर लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिले की बिगड़ती यातायात व्यवस्था के कारण जिला प्रशासन द्वारा ऑटो की संख्या निर्धारित है। इसलिए नए परमिट नहीं जारी किए जा रहे हैं। जिन ऑटो के परमिट खत्म हो गए हैं या पुराने होने के कारण पंजीकरण निरस्त कर दिए गए हैं, उनके स्थान पर ही नए ऑटो चालक खरीद सकते हैं। एआरटीओ प्रशासन ने कहा कि अनफि ट और कमियों के साथ दौड़ रहे ऑटो को भी चालक दुरुस्त करा लें। ऐसे ऑटो के खिलाफ भी अभियान प्रवर्तन टीम द्वारा चलाया जा रहा है।

# पॉलिथीन का इस्तेमाल और बेचने वालों पर 33 हजार रुपए जुर्माना

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सिंगल यूज प्लास्टिक/पॉलीथिन का इस्तेमाल करने वाले दुकानदारों के खिलाफ ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राधिकरण के जनस्वास्थ्य विभाग की टीम ने शनिवार को कासना में अभियान चलाया और पॉलिथीन का इस्तेमाल करने वाले किराना मार्ट, ढाबा, रेस्टोरेंट, वाइन शॉप व अन्य दुकानों के 32900 रुपए के चालान काटे गए। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ व मेरठ मंडलायुक्त सुरेन्द्र सिंह के निर्देश पर जनस्वास्थ्य विभाग ने सिंगल यूज प्लास्टिक,पॉलिथीन का इस्तेमाल रोकने के लिए अभियान शुरू किया है। जन स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी डीजीएम सलिल यादव ने बताया कि शनिवार को टीम ने कासना स्थित मुख्य बाजार में सघन अभियान चलाया और सिंगल यूज प्लास्टिक, पॉलिथीन का इस्तेमाल करने वालों के चालान काटे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 14 अगस्त, 2022



# रेवड़ी पर भाजपा और आप में बढ़ी तकरार

## इतिहास में पहली बार केंद्र सरकार दूध-दही, आटा-चावल पर भी वसूल रही टैक्स : सिसोदिया

● सिसोदिया रेवड़ी कल्चर पर रोज प्रेस कांफ्रेस कर अंतरिम जमानत लेने का माहौल बना रहे है : संबित पात्रा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मुफ्त की रेवड़ियां बांटने को लेकर आम आदमी पार्टी और भाजपा में सियासी घमासान तेज होता जा रहा है। दोनों ही पार्टियों के नेता एक दूसरे पर मुफ्त रेवड़ी बांटने का आरोप लगा रहे हैं। साथ ही इसको परिभाषित भी कर रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दोस्तवाद के कारण आज आजादी के 75 सालों में पहली बार ऐसे हालात पैदा हो गए हैं कि केंद्र सरकार दूध-दही, आटा-चावल पर टैक्स लगा रही है। पहली बार केंद्र सरकार कह रही है कि वह सरकारी स्कूल, अस्पताल नहीं बनवा सकते, बुजुर्गों को पेंशन नहीं दे सकते, गरीबों को राहत योजनाएँ नहीं दे सकते।



भाजपा नेता इधर-उधर की बातें कर लोगों को बरगलाने के बजाय यह बताएं कि आखिर क्यों जनता के टैक्स के पैसे से जनता को सुविधाएं देने के बजाय पीएम मोदी के दोस्तों की तिजोरियों को भरने में लुटा दिया गया और दूध-दही, आटा-चावल पर केंद्र सरकार टैक्स लगा रही है।

इस बीच भाजपा के राष्ट्रीय प्रावक्ता संबित पात्रा ने उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को आड़े हाथों लिया। पात्रा ने कहा कि सिसोदिया रेवड़ी कल्चर पर रोज संवाददता सम्मेलन में करके अंतरिम जमानत लेने का माहौल बना रहे हैं क्योंकि जब उन्हें गिरफ्तार किया जाए तो ये कहा जाएगा कि वह केंद्र सरकार के खिलाफ बोल रहे हैं इसलिए ये कार्रवाई हुई है। अग्रिम जमानत लेने के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और सिसोदिया रोज प्रेस कांफ्रेंस कर रहे हैं। मनीष सिसोदिया ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में केंद्री सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि आज देश की अर्थव्यवस्था की हालत इतनी बुरी इसलिए हो चुकी है, क्योंकि केंद्र सरकार ने जनता के टैक्स के पैसे को मोदी के दोस्तों की तिजोरियों को भरने में लुटा दिया। दोस्तवादी सरकार ने अपने चंद दोस्तों के 5 लाख करोड़ रुपए के टैक्स और 10 लाख करोड़ रुपए के लोन माफ करा दिए। लोगों ने सरकार को जो पैसे उन्हें अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली-पानी जैसी सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए दिया, केंद्र की दोस्तवादी सरकार ने उन पैसों को मोदी के दोस्तों की तिजोरी भरने में लगा दिया। भाजपा के प्रवक्ता संबित पात्रा से भी जब यह सवाल पूछा गया तो उन्होंने भी इसका जबाव नहीं दिया और इधर-उधर की बातें करने लगे।

इससे पहले भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पिछले दिनों प्रधानमंत्री ने जब रेवड़ी कल्चर पर बोला तो किसी राजनीतिक दल का नाम नहीं लिया था। वह जनकल्याण पर बोल रहे थे लेकिन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लगा कि ये उनके लिए बोल रहे हैं। मनीष सिसोदिया नई आबकारी नीति को लेकर गंभीर आरोपों से घिरे। रेवड़ी बांटने की तरह सिसोदिया ने शराब के ठेके खोले। इस नीति में सभी नियमों को ताक पर रखा गया है। शराब माफिया के साथ केजरीवाल सरकार ने याराना निभाया और आज सिसोदिया जानते हैं जो हश्र सत्येंद्र जैन का हुआ है वही उनका होगा।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह : दिल्ली की सीमाएं आज आधी रात से सील

● सोमवार दिन में 11 बजे तक रहेंगी बंद, पुलिस ने जारी किया परामर्श

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

ऐतिहासिक लाल किले पर स्वतंत्रता दिवस समारोह का मुख्या कार्यक्रम होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यहां से राष्ट्र को संबोधित करेंगे। समारोह में आमंत्रित लोगों की सुविधा और सुरक्षा कारणों से, लाल किले पर और उसके आसपास सोमवार को यातायात प्रतिबंध लगाए जाएंगे। परेड ग्राउंड सहित आसपास के क्षेत्र में 15 अगस्त सुबह 6.30 बजे के बाद से कार्यक्रम समाप्त होने तक यातायात मार्गों में बदलाव रहेगा। इसके अलावा कुछ महत्वपूर्ण मार्ग को कार्यक्रम समाप्त होने तक आम लोगों के लिए बंद रखा जाएगा। साथ ही दिल्ली की सीमाओं पर वाणिज्यिक और परिवहन वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध रविवार की मध्य रात्रि से सोमवार सुबह 11 बजे वाहनों की आवाजाही पर रोक रहेगी। 15 अगस्त को निम्नलिखित सड़कें प्रात: 4.00 बजे से प्रात: 10 बजे तक सामान्य यातायात के लिए बंद रहेंगी तथा केवल लेबल वाले वाहनों को ही जाने की अनुमति होगी। ये सड़कें हैं नेताजी सुभाष मार्ग दिल्ली गेट से छत्ता रेल तक। लोथियन रोड जीपीओ दिल्ली से चट्टा रेल तक। एस.पी.मुखर्जी मार्ग एच.सी.सेन मार्ग से यमुना बाजार चौक तक। चांदनी चौक रोड फाउंटेन चौक से लाल किला तक। रिंग रोड से नेताजी सुभाष मार्ग तक निषाद राज मार्ग। एस्प्लेनेड रोड और नेताजी सुभाष मार्ग से इसकी लिंक रोड। राजघाट से आईएसबीटी तक रिंग रोड। आईएसबीटी से आईपी फ्लाईओवर यानी सलीमगढ़ बाईपास तक आउटर रिंग रोड।

इसके अलावा दिल्ली की सीमाओं पर वाणिज्यिक और परिवहन वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध रहेगा। नोएडा बॉर्डर, लोनी बॉर्डर, सिंघू बॉर्डर, गाजीपुर बॉर्डर, बदरपुर बॉर्डर, साफिया बॉर्डर, महाराजपुर बॉर्डर, आया नगर बॉर्डर, औचंडी बॉर्डर, सूर्य नगर बॉर्डर, रजोकरी बॉर्डर, ढांसा बॉर्डर, अप्सरा बॉर्डर, कलंदी कुंज बॉर्डर, झरोदा बॉर्डर, भोपुरा बॉर्डर, लाल कुआं पुल प्रह्लाद पुर बॉर्डर, टिकरी बॉर्डर शमिल है।

**इन मार्गों पर रहेगा डायवर्जन**

जी.टी रोड/आईएसबीटी कश्मीरी गेट ब्रिज, कौरियापुल / लाल किला / पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के लिए बाध्य बसें आईएसबीटी ब्रिज (युधिष्ठिर सेतु) के माध्यम से संचालित होंगी और बुलेवार्ड रोड-मोरी गेट यू टर्न के पास समाप्त होंगी। बर्फखानपा से आने वाली बसें, पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन/ कौरियापुल/लाल किला/जामा मस्जिद पर समाप्त होने वाली सभी बसों में निम्नानुसार कटौती की जाएगी। पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के लिए रोशनारा रोड से आने वाली बसें तीस हजारी कोर्ट के अंदर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सामने समाप्त हो जाएंगी। पुरानी रोहतक रोड से पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, लाल किले के लिए आने वाली बसें मोरी गेट पर समाप्त होंगी। नई रोहतक रोड से पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, लाल किला के लिए आने वाली बसें तिकोना पार्क और गेट तीस हजारी कोर्ट के बीच गोखले मार्ग पर समाप्त होंगी, मलकागंज से पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, लाल किला के लिए आने वाली बसें तिकोना पार्क की चारदीवारी से सटे गोखले मार्ग पर रुकेंगी।



### अजमेरी गेट/मिंटो ब्रिज से आने वाली बसें

**नई दिल्ली।** पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, लाल किला, भाई माटी दास चौक, मोरी गेट, आईएसबीटी, प्रगति मैदान और अंबेडकर स्टेडियम टर्मिनल पर समाप्त होने वाली सभी बसें ऑप को समाप्त कर देंगी। तुर्कमान गेट आसफ अली रोड। मॉल रोड साइड से आ रही बसें पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, लाल किला, जामा मस्जिद, कौरिया पुल पर समाप्त होने वाली सभी बसें मोरी गेट तक बुलेवार्ड रोड पर समाप्त होंगी।

# जांघ पर चाकू के हमले से युवक की मौत, 4 नाबालिग पकड़े गए

● लड़की से बात करने को लेकर हुआ था हमला

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली के ज्वाला नगर इलाके में एक लड़की से बात करने पर एक नाबालिग ने कथित तौर पर 20 वर्षीय एक युवक की जांघ में चाकू से वार किया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना के संबंध में चार नाबालिगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उन्हें गुरुवार रात नौ बजकर आठ मिनट पर हेडगेवार अस्पताल से सूचना मिली कि कस्तूरबा नगर के निवासी युवराज उर्फ अन्नू को अस्पताल ले जाया गया था जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने कहा कि मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और अपराध जांच दल ने ज्वाला नगर श्मशान घाट के भीतर घटनास्थल की पड़ताल की है।

अधिकारी ने कहा कि जांच में पता चला कि युवराज मुक्त विद्यालय से 12 कक्षा की पढ़ाई कर रहा था और श्मशान घाट पर अपने दोस्तों प्रिंस और आकाश के साथ बैठकर शराब पी रहा था।

# सीयूईटी: चौथे चरण के 11 हजार छात्रों की परीक्षा स्थगित

## पसंद के परीक्षा केंद्र के लिए 30 अगस्त तक मिलेगा समय

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी-यूजी) के चौथे चरण में शामिल होने वाले 11 हजार उम्मीदवारों की परीक्षा 30 अगस्त के लिए स्थगित कर दी गई है ताकि परीक्षा केन्द्र उनकी पसंद के शहर में समायोजित किया जा सके। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए सीयूईटी-यूजी के चौथे चरण की परीक्षा 17 से 20 अगस्त के बीच होनी थी और इसमें 3.72 लाख उम्मीदवार हिस्सा ले सकते हैं। शुरुआती योजना के तहत सभी चरणों की परीक्षा 20 अगस्त तक संपन्न कराने की योजना थी। परीक्षा कराने की जिम्मेदारी संभाल रही राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने पहले घोषणा की थी कि सभी चरणों की परीक्षा 28 अगस्त को संपन्न हो जाएगी।

हालांकि, अब परीक्षा संपन्न होने में देरी होगी और परीक्षा को भी विभाजित कर छह चरणों में कर दिया गया है।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने कहा, चौथे चरण में हिस्सा लेने वाले 3.72 लाख उम्मीदवारों में से 11 हजार उम्मीदवारों की परीक्षा, परीक्षा केन्द्र के लिए उनके पसंद के शहर को समायोजित करने के वास्ते 30 अगस्त के लिए स्थगित कर दी गई है। एनटीए ने परीक्षा केंद्रों की क्षमता बढ़ाई है और परीक्षा केंद्रों की गुणवत्ता बढ़ाने के साथ-साथ और परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

उन्होंने कहा कि सुचारु परीक्षा संपन्न कराने के लिए प्रत्येक केंद्र पर एसोसिएट प्रोफेसर स्तर के व्यक्ति को तकीनीक पर्यवेक्षक के तौर पर नियुक्त करने का फैसला किया गया है। गौरतलब है कि सीयूईटी के दूसरे चरण में तकनीकी खामी का सामना करना पड़ा था जिसकी वजह से विभिन्न केंद्रों पर परीक्षा रद्द करनी पड़ी थी। कुमार ने पिछले सप्ताह कहा था कि कई केंद्रों पर तोड़फोड़ की आशंका और खबर मिलने के बाद परीक्षा रद्द की गई थी।

कुमार ने कहा कि एनटीए को कुछ ईमेल मिले हैं, जिनमें उम्मीदवारों ने पूर्व के चरणों में तकनीकी खामी का सामने करने की शिकायत की है और परीक्षा की तारीख, केंद्र, शहर और दोबारा परीक्षा कराने का अनुरोध किया है।

उन्होंने कहा कि ऐसे अनुरोधों को मामले दर मामले देखा जा रहा है। अगर व्यावहारिक हुआ तो ए उम्मीदवार 30 अगस्त की परीक्षा में शामिल होंगे।

# यमुना का जल स्तर और बढ़ा, निकासी का काम तेज

पायनियर समाचार सेवा नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में शनिवार सुबह से यमुना नदी खतरे के निशान 205.33 मीटर से ऊपर बह रही है। निचले इलाकों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के प्रयास तेज किए जा रहे हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

बाढ़ नियंत्रण कक्ष ने बताया कि सुबह पांच बजे जलस्तर 205.99 मीटर तक पहुंच गया। ऊपरी जलग्रहण क्षेत्रों में भारी बारिश के बाद शुक्रवार शाम करीब चार बजे राष्ट्रीय राजधानी में यमुना नदी का जलस्तर 205.33 मीटर के खतरे के निशान को पार कर गया था, जिसके बाद अधिकारियों को निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को वहां से हटाने की प्रक्रिया शुरू करनी पड़ी। एक पूर्वानुमान में कहा गया है कि शाम पांच बजे के आसपास जलस्तर के 206 मीटर के निशान को छूने के बाद स्थिर रहने की संभावना है।

पूर्वी दिल्ली के जिलाधिकारी अनिल बांका ने कहा कि जिले में निचले इलाकों से करीब 2,300 लोगों को बाहर निकाला गया और शुक्रवार रात तक सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। एक अधिकारी ने बताया कि दिल्ली में बाढ़ की चेतावनी तब घोषित की जाती है जब यमुना नगर स्थित हथिनी कुंड बैराज से छोड़े जाने वाले पानी की मात्रा एक लाख क्यूसेक को पार कर जाती है।



पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 14 अगस्त, 2022



# 1810 एकड़ भूमि अधिग्रहण : दिल्ली-जयपुर हाइवे जाम

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**इंडस्ट्रियल** मॉडल टाउनशिप (आईएमटी) मानेसर के विस्तार के लिए 1810 एकड़ जमीन के अधिग्रहण के विरोध में शनिवार को किसानों ने धरने से उठकर दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-48 को पचगांव चौक पर जाम कर दिया। इस दौरान दोनों तरफ वाहनों की कई किलोमीटर तक जाम लग गया। जाम की सूचना पर भारी पुलिस बल भी मौके पर पहुंचा। साथ ही अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा भी मौके पर पहुंचे।

1810 एकड़ जमीन के अधिग्रहण को लेकर किसानों की मांग है कि या तो उन्हें मार्केट रेट के हिसाब से मुआवजा दिया जाए, नहीं तो इस अधिग्रहण को रद्द किया जाए। काफी दिनों से किसानों का इस मांग को लेकर धरना भी जारी है, लेकिन अभी तक सरकार कोई बीच का रास्ता नहीं निकाल पाई है। हरियाणा विधानसभा के सत्र में भी

### किसानों की मांग का समर्थन करने पहुंचे किसान नेता गुरनाम सिंह चढ़ूनी

### पूर्व में सीएम से भी इस मुद्दे को लेकर हो चुकी है किसानों की बैठक

### हाईवे पर डटे किसानों को पुलिस ने जबरदस्ती हटाया, 80 किसान हिरासत में लिए

यह मुद्दा उठाया गया। ऐसे में शनिवार को किसानों के सब्र का बांध टूट गया और उन्होंने धरनास्थल छोड़कर हाईवे की तरफ रुख किया।



भूमि अधिग्रहण के विरोध में गुरुग्राम-जयपुर हाइवे पर पचगांव के पास सड़क जाम करके बैठीं महिलाएं।

किसानों ने सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर साढ़े 12 बजे तक दिल्ली-जयपुर हाईवे पचगांव चौक पर जाम रखा। जाम लगा रहे किसानों का समर्थन करने के लिए शनिवार को पचगांव चौक पर किसान नेता गुरुनाम सिंह चढ़ूनी भी पहुंचे। उन्होंने किसानों की मांग को जायज ठहराते हुए कहा कि सरकार इस पर जल्द निर्णय ले। मार्केट रेट के अनुसार ही मुआवजा दिया जाना चाहिए।

जाम की सूचना पर भारी पुलिस बल भी मौके पर पहुंचा और किसानों को समझाकर जाम खोलने का प्रयास किया। किसान मानने को तैयार नहीं थे। ऐसे में मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा भी पहुंचे। किसानों ने उनकी भी नहीं मानी और हाईवे पर डटे रहे। काफी समय बीत जाने के बाद पुलिस ने जबरदस्ती किसानों को खदेड़ना शुरू किया। उन पर हल्का बल प्रयोग भी किया गया। हाईवे पर खड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली को भी पुलिस ने हटाया। इस दौरान करीब 80 किसानों को हिरासत में लिया गया।

### 55 लाख प्रति एकड़ दिया जा रहा है मुआवजा

**गांव** कासन के सरपंच सत्यदेव के मुताबिक हरियाणा सरकार नाजायज तरीके से जमीन का अधिग्रहण कर रही है। यह शर्म की बात है कि अधिग्रहण के विरोध में गत 58 दिनों से किसानों का धरना जारी है, लेकिन प्रदेश सरकार बैठक करने के बाद भी किसानों की मांग को पूरा नहीं कर रही।

### 55 लाख में तो 100 वर्ग गज का प्लाट भी नहीं मिलेगा

**वर्तमान** में यहां जमीन की कीमत करोड़ों रुपये है और सरकार 55 लाख रुपये प्रति एकड़ के तहत मुआवजा दे रही है। हकीकत यह है कि इस क्षेत्र में 100 गज का प्लॉट भी इस कीमत यानी 55 लाख रुपये में नहीं मिल सकता। सरकार इस जमीन अधिग्रहण को रद्द करे।

## संक्षिप्त समाचार

### विभाजन विभिषिका काला अध्याय : गौरव कालरा



गौरव कालरा।

**गुरुग्राम।** 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाने की घोषणा को अमलीजामा पहनाते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने फैसला लिया है कि 14 अगस्त को कुरुक्षेत्र में विभाजन विभीषिका दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कल रविवार को इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए समाजसेवी एवं पंजाबी नेता गौरव कालरा के नेतृत्व सेंकड़ों लोग गुरुग्राम से जाएंगे। शनिवार को यहां जारी बयान में गौरव कालरा ने कहा कि यह दिवस उन सभी लोगों के लिए एक श्रद्धांजलि के तौर पर है, जिन्होंने विभाजन के समय अपनी जान गंवाई या अपने घरों को छोड़ा। बंटवारे के समय नफरत और हिंसा की वजह से हमारे लाखों बहनों और भाइयों को विस्थापित होना पड़ा। यहां तक कि बहुतों ने अपनी जान भी गंवाई। देश के बंटवारे के दर्द को कभी भुलाया नहीं जा सकता। गौरव कालरा ने कहा कि वर्तमान पीढ़ी और आने वाली पीढ़ियों को इस दिन के माध्यम से याद दिलाया जाएगा कि देश की आजादी के जश्न से पहले हमें उन्हें याद करना चाहिए, जिन्होंने पीड़ा और दर्द झेला। इसी याद को बनाए रखने के लिए प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर विभाजन विभीषिका स्मारक बनाए जा रहे हैं।

### नाबालिग छात्रा संदिग्ध हालत में घर से हुई लापता

**सोहना।** भोंडसी थाना पुलिस ने पीड़ित पिता की शिकायत पर 11 वर्षीय किशोरी को बहला फुसला कर ले जाने वाले दो नाबालिग किशोरों के खिलाफ शिकायत दर्ज की है। 11 बिहार जिला पटना के मूल निवासी पीड़ित पिता ने भोंडसी थाना में दो युवकों के खिलाफ 11 वर्षीय बेटी के संदिग्ध हालत में लापता होने की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित पिता ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी नया गांव के राजकीय स्कूल की कक्षा 7वीं में पढ़ रही है। उसके साथ स्कूल में पड़ोस में रहने वाले दो किशोर भी उसी स्कूल में पढ़ रहे हैं। ये तीनों एक साथ स्कूल आते व जाते रहे हैं। गुरुवार की रात करीब साढ़े आठ बजे उसकी नाबालिग बेटी संदिग्ध हालत में घर से लापता हो गई। उसने अपने पड़ोस में रहने वाले दोनों युवकों की उनके परिजनों से जानकारी प्राप्त की तो वे भी अपने-अपने किराए के घरों से लापता मिले। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी को दोनों किशोर शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर ले गए हैं। पुलिस ने नाबालिग किशोरी समेत आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है।

### मानेसर नगर निगम के वार्डों के परिसीमन को एडहॉक कमेटी गठित

**गुरुग्राम।** हरियाणा सरकार ने नवगठित नगर निगम मानेसर के वार्डों की वार्ड बंदी के लिए एडहॉक कमेटी का गठन किया है। इस बारे में हरियाणा सरकार के शहरी स्थानीय निकाय विभाग से आदेश जारी किए गए हैं। इस कमेटी में गुरुग्राम के उपायुक्त, शहरी स्थानीय निकाय के निदेशक या उनका प्रतिनिधि और नगर निगम मानेसर के आयुक्त अथवा उनके प्रतिनिधि को शामिल किया गया है। आदेशों में कहा गया है कि नगर निगम आयुक्त का प्रतिनिधि यदि नियुक्त किया जाता है तो वह सहायक आयुक्त के पद से नीचे नहीं होना चाहिए। आदेशों में इस एडहॉक कमेटी को विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े 6 अन्य व्यक्तियों का सहयोग लेने के लिए भी कहा गया है। इनमें पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता, बादशाहपुर के विधायक राकेश दौलताबाद, मानेसर से मास्टर बलबीर सिंह, रविदत्त नखडोल, भांगरोला से बालकिशन तथा रिशिराज राणा शामिल हैं।

### स्कूली बच्चों ने तिरंगा यात्रा निकाल मनाया स्वतंत्रता दिवस



गुरुग्राम में तिरंगा यात्रा निकालते सुगम एनजीओ स्कूल के बच्चे।

**गुरुग्राम।** साउथ सिटी स्थित सुगम एनजीओ के बच्चों ने शनिवार को भव्य तिरंगा यात्रा निकाल कर आजादी का 75 महोत्सव मनाया। इस दौरान बच्चों ने हाथों में तिरंगा लहराते हुए साउथ सिटी की सड़कों पर रैली निकालकर देशभक्ति का संदेश देने का काम किया। सुगम एनजीओ में पढ़ने वाले बच्चों ने अपने स्कूल प्रांगण में देश भक्ति के गीत गाते हुए रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। इस दौरान तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पहुंची गुरुग्राम शिक्षा विभाग की अधिकारी शील कुमारी ने बच्चों को एनजीओ की तारीफ करते हुए कहा कि यदि सभी एनजीओ बच्चों की शिक्षा और सस्कार को बढ़ावा दे तो देश से गरीबी का अन्धकार मिट सकता है। एनजीओ की संचालिका मोनिका शर्मा का कहना है कि बच्चों में देशभक्ति का जोश भरने के लिए इस तरह के कार्यक्रम बहुत जरूरी है। जिससे की आने वाली पीढ़ी को पता चल सके की हमें आजादी कितने सघर्षों के बाद मिली।

## हनीप्रीत इन्सां ने डेरा मुख्यालय में फहराया राष्ट्रीय ध्वज

### संत राम रहीम ने 11वीं रूहानी चिट्ठी भेजकर अमृत महोत्सव में कहा था शामिल होने को

**पायनियर समाचार सेवा।** सिरसा

**आजादी** के 75वें अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान में शनिवार को डेरा सच्चा सौदा में देश की आन-बान और शान का प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा स्थापित किया गया। आश्रम के एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक में पूज्य गुरु संत डा. गुरमीत राम रहीम सिंहजी इन्सां की बेटी हनीप्रीत इन्सां ने डेरा सच्चा सौदा के चेयरमैन डा. पीआर नैन सहित प्रबंधकीय समिति के सदस्यों के साथ तिरंगा फहराया और उसे सैल्यूट कर





डेरा सच्चा सौदा पर ध्वजारोहण करके सेल्यूट करतीं संत डा. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां की बेटी हनीप्रीत इन्सां व अन्य सेवादार।

देश के महान वीर जवानों का अभिनंदन किया। इस दौरान राष्ट्रीय गान गाया गया और इसके पश्चात पूज्य गुरुजी द्वारा गाया गया देशभक्ति सॉन्ग चलाकर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई। बता दें कि पूज्य गुरु जी की शिक्षाओं पर चलते हुए डेरा सच्चा सौदा की साध-संगत 142 मानवता भलाई के कार्य कर रही है। जिसमें 142 वें कार्य के तहत साध-संगत अपने-अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा स्थापित कर उसे सलामी दे रही है। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर पूज्य गुरु जी ने साध-संगत को 11वीं रूहानी चिट्ठी भेजकर आजादी के अमृत महोत्सव में शामिल होने का आह्वान किया। चिट्ठी के माध्यम से पूज्य गुरुजी ने लिखा कि देश जो आजादी का 75वां अमृत महोत्सव मना रहा है तो साध-संगत ने उसमें शामिल होकर तिरंगे को घरों, गाड़ियों पर लगाना व लहराना है तथा तिरंगे को सेल्यूट करते हुए, लहराते हुए का फोटो, वीडियो सोशल मीडिया पर डालना है, ताकि जिन स्वतंत्रता सेनानियों की कुर्बानियों से हमें आजादी व तिरंगा नसीब हुआ है। उनका बहत-बहुत सत्कार व अभिनंदन हम कर सकें। पूज्य गुरु के आह्वान के पश्चात डेरा अनुयायी लगातार अपने-अपने घरों, प्रतिष्ठानों व गाड़ियों में तिरंगा झंडा लगाकर उसे सैल्यूट कर रहे हैं। इसके अलावा लोगों को फ्री में तिरंगा झंडा बांट रहे हैं और घरों पर लगाने के लिए प्रेरित कर रहे है।

## देश और प्रकृति के प्रति प्रेम का तिरंगा यात्रा में दिया संदेश



गुरुग्राम में देश और प्रकृति प्रेम को लेकर तिरंगा यात्रा में शामिल लोग।

**गुरुग्राम।** पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा की ओर से शनिवार को प्रकृति प्रेमियों के साथ मिलकर निकाली गई तिरंगा यात्रा खास रही। यात्रा में देश के प्रति प्रेम और सद्भावना का संदेश तो दिया ही गया, साथ में प्रकृति को बचाने का भी संदेश इस यात्रा के माध्यम से दिया गया।

पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल के नेतृत्व में निकाली गई यह यात्रा देशभक्ति और पर्यावरण बचाने का संदेश देकर संपन्न हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर व मुख्यमंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के मार्गदर्शन व पर्यावरण संरक्षण विभाग, भाजपा (हरियाणा) के तत्वावधान में यहां भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई।

## एसडीएम की तिरंगा यात्रा में प्रशासनिक अधिकारी और पार्षदों ने लिया भाग

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**शहर** में एसडीएम और प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारियों के साथ मिलकर तिरंगा यात्रा निकाली। इस तिरंगा यात्रा में नवनिर्वाचित पार्षदों को भी शामिल होने के लिए बुलाया गया था।

शनिवार की दोपहर एक बजे एसडीएम जितेन्द्र गर्ग के नेतृत्व में अपने कार्यालय से तिरंगा यात्रा शहर में निकाली। इस तिरंगा यात्रा में सभी विभागों के कर्मचारी, अधिकारी और नवनिर्वाचित पार्षदों को शामिल होने के लिए बुलाया गया था। तिरंगा यात्रा को एसडीएम कार्यालय से शहर के शहीद भगतसिंह फव्वारा तक निकाला। जहां पर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया। देश भक्ति के नारे लगाते हुए आस पास बैठे दुकानदार

### एसडीएम जितेन्द्र गर्ग के नेतृत्व में कार्यालय से तिरंगा यात्रा शहर में निकाली

और आम नागरिकों के अंदर देश भावना का संदेश दिया। इस तिरंगा तहसीलदार शिखा गर्ग, नायब तहसीलदार लछीराम, नगर परिषद के अधिकारी, कानूनगौ अर्जून सिंह तथा सभी तहसील कार्यालय के पटवारी, शहर के व्यापार मंडल संघ के प्रधान मनोज, भाजपा के मंडल अध्यक्ष गौरव चूग आदि गणमान्य लोग मौजूद थे। पार्षदों में राजकुमार गोयल, कपिल सैनी, साहिल, वार्ड-14 से नीरज बंसल और सतेन्द्र सिह आदि मौजूद थे। इस अवसर पर एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने सभी पार्षद व प्रशासनिक अधिकारियों को अधिक से अधिक नागरिकों को अपने-अपने घरों पर तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित करने को कहा। देश के वीर अमर शहीदों के विषय में नागरिक अपने बच्चों को साथ बैठकर कुर्बानी के बारे में जानकारी दें। सभी विभागों के कार्यालय भवन पर तिरंगा लगाने के निर्देश भी दिए है।

**भाजपा मंडल ने भी निकाली तिरंगा :** शनिवार को शहर में भाजपा मंडल संगठन ने भी तिरंगा यात्रा निकाली। जिससे शहर के अंबेडकर बाईपास चौक से शुरु किया। यह तिरंगा यात्रा मंडल अध्यक्ष गौरव चुग के नेतृत्व में निकाली गईं। शहर में यात्रा में लगाएं गए गगनचुंबी देश भक्ति के नारों से गूंज उठा।

## पलवल-तावडू मार्ग पर बने गड्ढ़े भरे जाएंगे 22 लाख रुपये में

### धतीर से तावडू के बीच 33 किलोमीटर की दूरी में बने थे गड्ढ़े

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**बीएण्डआर** विभाग ने राष्ट्रीय मार्ग पलवल के गांव धतीर से-तावडू के बीच बारिश से हुए गड्ढ़ों को भरने की कवायद शुरू कर दी है। जिसके लिए बीएण्डआर विभाग ने 22 लाख रुपये का ठेका छोड़ा है।

बीएण्ड आर विभाग ने बीते तीन माह में पलवल-तावडू राष्ट्रीय मार्ग पर बने गड्ढ़ों को भरने के लिए दूसरी बार ठेका छोड़ा है। पिछले सप्ताह तीन दिन हुई भारी बारिश से धतीर से तावडू के बीच 33 किलोमीटर की दूरी में गड्ढ़े बन गए थे। जिससे इस मार्ग पर वाहन सांप की तरफ से लहराते हुए चल रहे हैं। ऐसे में रात के समय सड़क हादसे होने की संभावनाएं अधिक बन रही थी। जबकि बाइक व स्कूटी सवार रात के समय में अपनी जान हथेली पर रखकर चल रहे हैं।

### नगर परिषद को बीएण्डआर लिखेगा पत्र

**शहर** के अंबेडकर बाईपास चौक से तावडू मार्ग पर करीब एक किलोमीटर की दूरी में नालियों का पानी सड़क पर आने से गड्ढ़े समाप्त होने का नाम नहीं ले रहे है। जबकि बीएण्डआर विभाग नगर परिषद को पत्र लिखकर नाली का पानी सड़क पर न आने देने के लिए पत्र लिख चुका है। इसके बावजूद नगर परिषद ने सड़क पर आ रहा टूटी नालियों के पानी से बीते तीन माह में तीसरी बार मरम्मत का कार्य शुरु किया है।

> “ **नगर** परिषद पत्र लिखने के बाद भी नालियों के पानी को सड़क पर आने से रोक नहीं पा रही है। जिससे बीएण्डआर विभाग द्वारा गड्ढ़ों को बार-बार भरे जाने आर्थिक नुकसान हो रहा है। उच्चाधिकारियों से सलाह लेने के बाद परिषद विभाग पर जुर्माना लगाया जा सकता है।
>
> **अजीत सिंह**
> (एसडीओ लोक निर्माण विभाग)


## भारत का सबसे बड़ा फैशन स्टोर ट्रेंड्स अब मिलक में खुला





**पायनियर समाचार सेवा।** रामपुर

**भारत** की सबसे बड़ी और तेजी से बढ़ती एपेरल और एक्सेसरीज की रिलायंस रिटेल की स्पेशलिटी चेन, ट्रेंड्स ने उत्तर प्रदेश राज्य के रामपुर जिले में मिलक शहर में अपने स्टोर के लांच की घोषणा की।

ट्रेंड्स ने भारत में मेट्रो, मिनी मेट्रो, टियर 1, 2 शहरों और छोटे-छोटे कस्बों में ग्राहकों तक अपनी पहुंच और संपर्क को मजबूत कर फैशन को घर-घर पहुंचाया है और यह भारत की मनपसंद फैशन की जगह है। मिलक में ट्रेंड्स स्टोर को आधुनिक शैली से बनाया गया है और इसका माहौल भी शानदार है। यहां आपको बढ़िया क्वालिटी और फैशन का सामान किफायती दामों पर मिलेगा और ये खासियत इस क्षेत्र के उपभोक्ताओं को बहुत पसंद आएगी।

### आकर्षक कीमतों पर पाएं सामान

इस शहर के ग्राहकों को मिलेगा शॉपिंग का विशिष्ट और शानदार अनुभव जहां वे महिलाओं, पुरुषों, बच्चों के कपड़े व फैशन का सामान आकर्षक कीमतों पर पाएंगे। 5722 वर्गफुट में फैला यह स्टोर, जोकि मिलक का पहला स्टोर है, अपने ग्राहकों को लांच के तहत बेहतरीन फैशन और जबरदस्त कीमतों पर दे रहा है खास ऑफर रुपये-3499 की खरीदारी करें और पाएं आकर्षक उपहार 199 पर, इतना ही नहीं ग्राहकों को 2999 की खरीदारी पर मिलता है 3000 तक की कीमत का कूपन बिल्कुल मुफ्त। तो अभी ट्रेंड्स के मिलक स्टोर पर जाएं और बेहतरीन फैशन की खरीदारी का अनुभव पाएं!


## इस बार शहर नहीं ग्रामीण अंचल में होगा जिले का स्वतंत्रता दिवस समारोह

### मानेसर क्षेत्र में गांव नखड़ोला में स्थित खेल स्टेडियम में होगा मुख्य समारोह

### शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता करेंगे ध्वजारोहण

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**हरियाणा** सरकार द्वारा की गई नई पहल के तहत इस बार जिला में पांच अलग-अलग जगह पर मंत्री व विधायक तिरंगा फहराएंगे। विशेष बात यह है कि इस बार जिला का मुख्य समारोह जिला मुख्यालय की बजाय ग्रामीण अंचल में होगा। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत स्वतंत्रता दिवस समारोह को भव्य रूप से आयोजित करने के लिए शनिवार को समारोह के मुख्य आयोजन स्थल मानेसर क्षेत्र में गांव नखड़ोला में स्थित शहीद एवं स्वतंत्रता सेनानी स्मृति स्टेडियम में फुल ड्रेस रिहर्सल की गई।

मुख्य कार्यक्रम मानेसर क्षेत्र के गांव नखरोला में आयोजित किया जा रहा है, जहां पर हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता मुख्य अतिथि होंगे। वे 15 अगस्त सोमवार को ठीक 9 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और भव्य परेड की सलामी लेंगे।



गुरुग्राम में स्वतंत्रता दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल करती टीमें।

शनिवार को फुल ड्रेस रिहर्सल को उपायुक्त निशांत कुमार यादव तथा पुलिस आयुक्त कला रामाचंद्रन ने देखा और प्रतिभागियों को सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आजादी के अमृत महोत्सव व हर घर तिरंगा अभियान के तहत इस बार स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर सांस्कृतिक टीमों द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जिनके माध्यम से देश की अनेकता मे एकता की छवि प्रस्तुत की जाएगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी-अपनी प्रस्तुति को आकर्षक बनाने के लिए विद्यार्थियों में होड़ लगी हुई है, जिसके लिए वे उमस भरी गर्मी की परवाह किए बगैर जीतोड़ मेहनत कर रहे हैं।

स्वतंत्रता दिवस समारोह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अर्जुन नगर की छात्राओं द्वारा भारत को स्वतंत्रता दिलाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले देशभक्तों व शहीदों की कुर्बानियों व बलिदान पर आधारित प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं गुरु द्रोणाचार्य पब्लिक स्कूल भांगरौला के विद्यार्थियों द्वारा हम फौजी इस देश की धड़कन है के भावपूर्ण गीत के माध्यम से हमारे वीर सैनिकों के देश सेवा में समर्पित जीवन पर आधारित मार्मिक प्रस्तुति दी जाएगी। इसके अलावा भी कई सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

## तिरंगा हमारे लिए सदा सम्माननीय है: पवन जिंदल



गुरुग्राम के सेक्टर-37 में ध्वजारोहण करते अतिथि।

**गुरुग्राम।** किसी भी देश का झंडा उसकी आजादी का प्रतीक होता है। आजादी लहू और बलिदान से मिलती है। इसलिए तिरंगा देश के लिए सदैव सम्माननीय है। यह बात आरएसएस हरियाण प्रांत संघ चालक पवन जिंदल ने यहां सेक्टर-37 स्थित बुटीक इंटरनेशनल कंपनी में फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री द्वारा आयोजित हर घर तिरंगा, हर उद्योग तिरंगा कार्यक्रम में बोलते हुए कही। पवन जिंदल व अन्य अतिथियों ने ध्वजारोहण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के अंत में तिरंगा यात्रा भी निकाली।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष पूरे देश स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने पर आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। आज देश को आजाद हुए 75 वर्ष पूरे हो गए हैं। इस दौरान देश ने तरक्की की है। लेकिन अभी बहुत कुछ करना बाकी है। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देशों की विस्तारीकरण ओर आंतकी नीति के बावजूद देश की सीमाएं सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि देश के ओद्योगिक विकास में उद्योगों की अहम भूमिका होती है इसलिए उधोगपति राष्ट्र निर्माण में अपनी महती भूमिका निभाएं।

### सेक्टर-37 में बुटीक इंटरनेशनल कंपनी में फहराया गया राष्ट्रीय ध्वज

इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में सीएसआर ट्रस्ट हरियाणा के उपाध्यक्ष बोधराज सिकरी ने कहा कि झंडे में जो चक्र है, वह उद्योगों का प्रतीक है। उनके अनुसार चक्र का चलना और उद्योगों का आगे बढ़ना भारत की उन्नति के लिए अति आवश्यक है। विशेष अतिथि के रूप में पधारे पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट के रिटायर्ड न्यायाधीश जस्टिस रामेंद्र जैन ने कहा कि तिरंगा हमारे देश की आन, बन और शान है। तिरंगे का सम्मान हर हाल में होना चाहिए। फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री के डायरेक्टर जनरल दीपक जैन ने आए हुए सभी अतिथियों को शुभकामनाएं दी तथा अमृत महोत्सव के शुभ अवसर पर सभी लोगों को तिरंगा लगाने का आह्वान किया। फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री के प्रदेश महासचिव दीपक मैनी द्वारा नारा लगाकर सभी उद्योगों को हर घर तिरंगा और हर उद्योग तिरंगा लहराने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री हरियाणा के प्रधान हरभजन सिंह ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया।

# देश प्रेम के जज्बे को भी भुनाने से नहीं चूक रहे लोग

कविता। फरीदाबाद

**शहर** में हर घर तिरंगा फहराने की मुहिम 13 अगस्त से शुरू हो गई। इस मुहिम में जहां एक तरफ लोगों ने तिरंगे अपने घरों के छतों पर डंडे से बांधकर फहरा रहे हैं, लेकिन वहीं कुछ लोग ऐसे भी है, जिनके घर पर तिरंगा नहीं फहराया गया। जब इस विषय में लोगों से बात की गई, तो कुछ चौकाने वाली बात सामने आई। जिससे पता चला कि राशन डिपो और डाकघरों में झंडा तो 20 रुपये का मिल रहा है, वहीं

### 20 रुपये के तिरंगे को फहराने के लिए 50 का मिल रहा डंडा

बाजारों में 50 से 70 रुपये में वहीं झंडा मिल रहा है, लेकिन वहीं दूसरी तरफ इन झंडों को घरों में लगाने के लिए इस्तेमाल होने वाले डंडे की कीमत का मुल्य सरकार ने तय नहीं किया। जिसके कारण मनमाने दामों पर डंडे बेचे जा रहे हैं। 13 अगस्त को जहां झंडे की कीमत 20 रुपये थी, वहीं उसे



सेक्टर-22 में पेट्रोल पम्प से कुछ दूरी पर बाईक पर झंडे बेचता एक व्यक्ति

फहराने के लिए इस्तेमाल होने वाले डंडे की कीमत 50 रुपये थी। जिसके कारण लोगों के कदम पीछे हटते नजर आए। कुछ ने झंडे को बिना डंडे के ही घरों के बाहर चिपका दिया, तो कुछ ने घरों में मौजूद डंडे में ही तिरंगे को फहराया। लेकिन कुछ लोग ऐसे भी नजर आए, जोकि तिरंगे के लिए इस्तेमाल डंडा न खरीद सके।

**थोपे जा रहे निर्देश :** लोगों ने बताया कि हर घर तिरंगे का संदेश तो सरकार ने दे दिया, जिसके तहत राशन की दुकानों से तिरंगा न लेने वालों को अगस्त माह का राशन नहीं मिलेगा। लोगों ने कहा कि सरकार द्वारा जारी निर्देशों पर उन्होंने 20 रुपये में झंडे तो खरीद लिए। लेकिन डंडे उन्हें नहीं मिल पाए उन्होंने कहा कि 50 रुपये की कीमत का डंडा वह नहीं खरीद सकते। जिस कारण उन्होंने झंडे नहीं लगाए। लोगों का कहना है कि सरकार झंडे की तरह डंडे का भी रेट तय कर देती।

**बना व्यवसाय :** लोगों ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान को देश प्रेम की जगह कुछ लोगों ने व्यवसाय बना डाला है, जहां पिछले दिनों स्कूल संचालकों को पैसे रेडक्रॉस सोसायटी के खाते में डालकर उन्हें दान देने को लाखों की राशि मांगी थी। वहीं अब जबरन डिपु संचालकों के जरिये झंडे खरीदने का दबाव बना रही है। वहीं आज सड़कों के किनारे, हर जगह झंडा बेचने का व्यवसाय तेज होता दिख रहा है।

# मोदीजी कहते हैं देश प्रथम और दूसरी पार्टियों कहती हैं परिवार प्रथम : गुर्जर

### केंद्रीय मंत्री गुर्जर ने गढ़खेड़ा की खेल नर्सरी में फहराया गया 75 फुट ऊंचा तिरंगा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**आजादी** के अमृत महोत्सव में आज शनिवार को गाँव गढ़खेड़ा में 75 फुट ऊंचे तिरंगे का ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री कृषणपाल गुर्जर, कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, विधायक नयन पाल रावत, मुख्यमंत्री के रजनीतिक सचिव अजय गौड़, भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

गांव के लोगों का दावा है कि यह हरियाणा के सभी गांवों में सबसे ऊंचा तिरंगा है। 75 फुट ऊंचे पोल पर 24 फुट लंबा और 16 फुट चौड़ा तिरंगा फहराया गया। ध्वजारोहण से पूर्व युवाओं ने शहीद स्मारक अटाली से खेल नर्सरी तक तिरंगा मार्च भी निकाला। इस अवसर पर भारत सरकार के भारी उद्योग एवं उर्जा विभाग के केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि आज गढ़खेड़ा गांव की खेल नर्सरी में 75 फुट का झंडा लगाया है, जिसके लिए गढ़खेड़ा निवासियों को हार्दिक बधाई देता हूं। दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता और भारत के सर्वश्रेष्ठ प्रधानमंत्री मोदी जी के आह्वान पर आज हर घर



**गांव गढखेडा में आयोजित कार्यक्रम में 75 फुट ऊंचा तिरंगे का ध्वजारोहण करते केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा,पृथला के विधायक नयन पाल रावत मुख्य मंत्री के रजनीतिक सचिव अजय गौड व अन्य।**

तिरंगा अभियान की जो शुरुआत हुई है और मैं लोकसभा क्षेत्र के हर घर में तिरंगा लहराता हुआ देख रहा हूं। तिरंगा हमेशा हमारी आन बान शान रहा है और मोदीजी ने जो देशभक्ति की भावना को जगाने का काम किया है। उसी का नतीजा है आज करोड़ों घरों पर आपको तिरंगा लहराता नजर आएगा। तिरंगा देश का है, किसी राजनीतिक पार्टी का नहीं। जबकि विपक्ष को लगता है कि तिरंगा भी मोदीजी ने उनसे छीन लिया है। तिरंगा भारत के स्वाभिमान का प्रतीक है मोदीजी कहते हैं देश प्रथम और दूसरी पार्टियों का कहना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में नए भारत का उदय हो रहा है। हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के कारण आज पूरा भारत तिरंगामय हो गया है। देशभक्ति से सराबोर देश नई दिशा में जा रहा है।

विशिष्ठ अतिथि अजय गौड़ ने कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र शक्ति है। इसलिए युवाओं को हर समय देश के विकास के बारे में चिंतन करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्ष चैयरमेन रावत ने कहा कि 75 फुट ऊंचा तिरंगा सिर्फ गढखेड़ा गांव के लिए सैकड़ों गांव के लिए नाजिर बनेगी। कार्यक्रम में पूर्व सांसद राजकुमार सैनी, पूर्व विधायक राजेंद्र बीसला, मुख्यमंत्री के मीडिया समन्वयक मुकेश वशिष्ठ, भाजपा नेत्री अनीता शर्मा, मुकेश मास्टर, इंद्रजीत, कर्मवीर, सुरेंद्र सांगवान, बीरेन्द्र फौजी, सुरेश शास्त्री, प्रेमचंद, गोपाल शास्त्री, उदयपाल, सुनील सैनी, योगेश चौधरी, ब्रजेश वामदेव, विवेक सैनी, जनक कालीरमण और सतपाल कश्यप मौजूद थे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 25623 केसों का निपटारा



**सेक्टर-12 में आयोजित लोक अदालत में केसों का निपटारा करती जिला विधिक सेवा प्राधिकण की सचिव एवं सीजेएम सुकीर्ति।**

**फरीदाबाद।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन एवं न्यायमूर्ति पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट चंडीगढ़ अगस्तिन जॉर्ज मसीह के दिशा निर्देशानुसार हरियाणा प्रांत में प्रत्येक जिले के अंदर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।

इसी क्रम में जिला फरीदाबाद के सत्र न्यायाधीश एवं चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वाई एस राठौर की अध्यक्षता एवं निर्देशानुसार मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सुकीर्ति एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की देखरेख में जिला अदालत सेक्टर 12 फरीदाबाद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस लोक अदालत में 14 बेंच लगाए गए जिनमें अमृत सिंह चालिया अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, राजेश शर्मा अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, राजेश कुमार अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, डॉक्टर याशिका अतिरिक्त प्रिंसिपल जज फैमिली कोर्ट, आशु संजीव अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश लेबर कोर्ट इंडस्ट्रियल ट्रिब्यूनल, हरीश गोयल अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, तैयब हुसैन मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, महेंद्र सिंह सिविल जज सीनियर डिवीजन, रूपम न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, अस्मिता देशवाल न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी आदि की बैच बनाई गई।

# रक्तदान शिविर व झंडा वितरण कार्यक्रम किया आयोजित



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**नवदीप** सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा आज शहीदों की याद में एक रक्तदान शिविर एवं झण्डा वितरण कार्यक्रम का आयोजन नेहरु ग्राउण्ड स्थित कम्यूनिटी सेंटर प्रांगण में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बड़खल क्षेत्र की विधायक सीमा त्रिखा तथा वशिष्ट अतिथि के रूप में एनआईटी क्षेत्र के विधायक नीरज शर्मा ने शिरकत की।

इस अवसर पर नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष यशपाल शर्मा, फरीदाबाद टैक्स बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान संदीप सेठी व दीपक गेरा एडवोकेट ने आए हुए सभी अतिथियों का स्मृति चिन्ह देकर व बुके देकर स्वागत किया। इस अवसर पर विशेष रूप से अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेन्द्र शर्मा, अरूण मिश्रा, भारत अशोक अरोड़ा, भाजपा नेत्री अनिता शर्मा, जिला सचिव पुनीता झा, फिल्म अभिनेत्री डा. विध्या गुप्ता, परविन्दर राजपाल, दशरथ चौरसिया, वरिष्ठ अधिवक्ता विजय शर्मा, के.के. मिश्रा, राजेन्द्र शर्मा, सतेन्द्र यादव, दीपक छाबड़ा, सचिन तंवर मौजूद थे। इस अवसर पर 25 रक्तवीरों ने रक्तदान किया तथा डिवाईन चैरिटेबल ब्लड सैन्टर के सहयोग से यह शिविर लगाया गया। उपस्थित लोगों ने आंतकवादी हमले में फरीदाबाद के मनोज भाटी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# आजादी का अमृत महोत्सव : भरतनाट्यम की ताल पर 'जयतु भारतम्' का भाव

### दिल्ली पब्लिक लाईब्रेरी द्वारा गीता चन्द्रन व नाट्य वृक्ष डांस कलैक्टिव संग सांस्कृतिक कार्यक्रम



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**स्वतंत्रता** के 75वें वर्ष की तैयारियां जोरों पर हैं और प्रधानमंत्री का हर घर तिरंगा राष्ट्रीय अभियान सभी का जोश और उत्साह बढ़ा रहा है। आजादी का अमृत महोत्सव का गुंजायमान करने के लिए दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी के चेयरमैन सुभाष चन्द्र कानखेरिया के नेतृत्व में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम 'जयतु भारतम्' का आयोजन किया गया।

नई दिल्ली स्थित चिन्मया मिशन सभागार में आयोजित इस उत्सव में प्रख्यात नृत्यांगना (पद्मश्री) गीता चंद्रन और उनके नाट्य वृक्ष डांस कलेक्टिव – गायत्री सुरेश, मधुरा भृशुंडी, श्रुता गोपालन, कावेरी मेहता, अदिति बालासुब्रमण्यम, सौम्या लक्ष्मी नारायणन, अनंदिता नारायणन और युशिका बैद ने भरतनाट्यम की ताल पर 'जयतु भारतम्' का भाव प्रस्तुत किया। इस अवसर पर आदेश गुप्ता, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा, श्याम जाजू, पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आदि भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी के महानिदेशक डॉ. आरके शर्मा ने किया। भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने के उत्सव के रूप में जयतु भारतम् की संकल्पना की गई है, जो अपनी दार्शनिक नींव को बहाल करने के लिए लोगों द्वारा किए गए गहरे संघर्षों की पड़ताल करता है। साथ ही 'भारत' के विचार को समानता, सहिष्णुता और बहुलता की भूमि के रूप में मनाता है। जयतु भारतम् की शुरूआत भारत माता महिमा से हुई, जिसमें देश को भारत माता के रूप में हृदयांकित किया गया। जहां साम्य और समानता को सर्वोपरि माना गया है और सारा विश्व भारत की ओर निहारता है। दूसरी प्रस्तुति विविधता में भारत की अतुल्य विविधता जिसमें जाति, भाषा, वेश भूषा और महान परंपराओं को दशार्या गया। उत्सव में भारत में त्योहारों और उत्सवों की अनूठी परंपराओं को वृंदावन के कृष्ण गोपी रास के माध्यम से अभिव्यक्त किया गया। इसके बाद फ्रीडम में स्वाधीनता तथा भारत में इसकी महत्ता और गौरव को सुंदर अंदाज में दर्शाया।

## जन्मदिन के उपलक्ष में लगाया रक्तदान शिविर

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद टीम पंडित जी के संयोजक विधायक नीरज शर्मा के बड़े भाई मुनेश पंडित ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष में नवप्रयास सेवा संगठन रॉयल फिटनेस क्लब के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

मुनेश शर्मा ने बताया कि आजादी का 75वां अमृत महोत्सव चल रहा है इसी उपलक्ष में उनके द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 75 से अधिक व्यक्तियों ने रक्तदान किया। पंडित मुनेश शर्मा ने बताया कि यह रक्तदान सिर्फ और सिर्फ बीके अस्पताल में जाएगा ताकि गरीबों की मदद हो सके। नव प्रयास सेवा संगठन से सुनील यादव ने बताया आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में शहीदों को श्रद्धांजलि के रूप में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने उपस्थित होकर स्वेच्छा से अपने रक्त की बूंद इस देश की सेवा में समर्पित किया। मुनेश शर्मा ने कहा कि कई अवसरों पर यह महसूस होता है कि जब हमारे अपने परिजन या किसी निकटबंद को रक्त की आवश्यकता होती है।

# पुलिस ने चलाया सर्च अभियान

### स्वतंत्रता दिवस के मद्दे नजर पुलिस ने किये सुरक्षा के इंतजाम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**बल्लभगढ़** बस स्टैंड पर पुलिस प्रशासन के द्वारा बम निरोधक दस्ता व डॉग स्क्रायड की टीम के साथ बल्लभगढ़ बस स्टैंड चौकी प्रभारी उमेश कुमार ने 1 बजे बल्लभगढ़ स्टैंड की चेकिंग बम निरोधक दस्ते के साथ 15 अगस्त की सुरक्षा की दृष्टि से की गई। जिसमें सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के बारे में बताया गया।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बम निरोधक दस्ता व डॉग स्क्वायड की टीम के इंचार्ज मोहन कुमार व संजय कुमार की टीम के सदस्य के साथ मिलकर शहर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए फरीदाबाद के सभी सार्वजनिक स्थानों पर सर्च अभियान चलाया। सुरक्षा को दुरुस्त करने के लिए बम निरोधक दस्ते 24 घंटे पुलिस लाइन में तैनात रहते है। बम या विस्फोटक पदार्थ आदि के संबंध में अगर कोई सूचना मिलती है



**बल्लभगढ़ बस स्टैंड पर चैकिंग करते डाग स्क्वायड की टीम।**

तो बम निरोधक दस्ता तुरंत मौके पर पहुंचेगा तथा कार्रवाई करेगा। इसके अतिरिक्त बम निरोधक दस्ता प्रतिदिन चेकिंग अभियान चलाएगा। जिसके तहत शहर में संवेदनशील व महत्वपूर्ण स्थानों की बारीकी से जांच की जाएगी। ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना घटित होने से पहले निपटा जा सके। डीसीपी मुख्यालय नितीश अग्रवाल के द्वारा शहर में स्वतंत्रता दिवस की सुरक्षा को मध्य नजर रखते हुए दिए गए दिशा-निर्देशों पर एनसीआर एरिया में सतर्कता बढ़ाई गई है। शहर में सुरक्षा को मध्य नजर रखते हुए फरीदाबाद पुलिस के सभी थाना प्रबंधक द्वारा एरिया के मौजीज व्यक्ति, आरडब्ल्यूए प्रधान इत्यादि को सुरक्षा की दृष्टि से अगाह किया गया है। एरिया के किरायेदारों, ड्राइवर, सहायक, मेड, इंत्यादी व्यक्ति जो उनके एरिया में रहते हैं की वेरिफिकेशन कराएं। बाहरी,अजनबी एवं संदिग्ध व्यक्तियों के बारे में पुलिस को सूचित करें।

## 75 दिवसीय मेगा इवेंट का समापन सप्ताह हुआ शुरू

**फरीदाबाद।** आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में आयोजित किए जा रहे 75 दिवसीय मेगा इवेंट अब अपने समापन की तरफ बढ़ रहा है। शुक्रवार को इवेंट का 72वां दिन था और इस दौरान सेक्टर 12 स्थित टाउन पार्क में लगे तिरंगे झंडे के नीचे हरियाणवी कल्चरल नाइट का आयोजन किया गया। इस दौरान सिटी मैजिस्ट्रेट नसीब कुमार, बीजेपी जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा व जुनेजा फाउंडेशन के अध्यक्ष अजय जुनेजा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

संभार्य फाउंडेशन के डायरेक्टर अभिषेक देशवाल ने बताया कि उनकी संस्था नगर निगम फरीदाबाद व सर्वोदय फाउंडेशन के साथ मिलकर फरीदाबाद में नया भारत-मैं हूं भारत नाम से 75 दिवसीय मेगा इवेंट का आयोजन कर रहे हैं। इस इवेंट में एफआईए, जुनेजा फाउंडेशन, केसीई कंपनी, रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद हेरीटेज, रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद अर्थ का सहयोग मिल रहा है। उन्होंने बताया कि हमने यह इवेंट 2 जून को शुरू किया था और अब यह समापन की तरफ है। 15 अगस्त को इवेंट का समापन समहारोह आयोजित किए।

# अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ ने निकाली तिरंगा यात्रा



**अग्रवाल कालेज से हर घर तिरंगा अभियान के तहत आयोजित तिरंगा यात्रा में भाग लेते कालेज के प्राचार्य डा. कृष्ण कांत गुप्ता व स्टाफ।**

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**आजादी** के 75 वर्ष पूरे होने पर 'आजादी के अमृत महोत्सव' के अंतर्गत चल रहे 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

इस यात्रा का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ताजी के कुशल दिशा निर्देशन में महाविद्यालय की यूथ रेडक्रॉस, राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी, रैड रिबन क्लब, सैंट जॉन एम्बुलेंस एसोसिएशन, सतत विकास लक्ष्य आदि की इकाइयों द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य जी ने सभी को आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर बधाई देते हुए कहा कि यह तिरंगा यात्रा हमारे हृदय में देश भक्ति, राष्ट्रीय गौरव की भावना को जागृत करने के लिए है। प्राचार्य ने कहा कि आजादी हमें ऐसे ही उपहार के रूप में प्राप्त नहीं हुई बल्कि इसके लिए हमारे देश के अनगिनत रणबांकुरों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। यह लहराता तिरंगा हमें सदैव उन वीरों के बलिदान व देश- भक्ति की याद दिलाने के साथ-साथ अपने कर्तव्यों के पालन करने के लिए प्रेरणा देता रहेगा द्य तिरंगा यात्रा महाविद्यालय प्रांगण से प्रारंभ होकर अग्रसेन चौक व बाजार के रास्ते होते हुए अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ तक संपन्न हुई।

## संक्षिप्त समाचार

### विजय प्रताप ने दी कोलंबियन टीम को प्रोत्साहन राशि



**फरीदाबाद।** सेंट कोलंबस विद्यालय के प्रांगण में गत 12 अगस्त दुबई जाने वाली व त्रिकोणीय (ट्रायंगुलर) क्रिकेट सीरीज में भाग लेने वाली 'कोलंबियन क्रिकेट टीम' को 'क्रिकेट किट' प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोनिका सिंह (एसीपी, क्राइम अगेंस्ट वूमन, फरीदाबाद) व सम्मानित अतिथि विजय प्रताप सिंह (कांग्रेस नेता) और उनकी अर्धांगिनी वेनुका प्रताप सिंह (समाज सेविका) व जितेंद्र भडाना (काउंसलर, फरीदाबाद) रहे। विद्यालय के अध्यक्ष ऋषि चौधरी व प्रधानाचार्या श्रीलेखा वी.एम.जी ने उपस्थित अतिथियों को पौधे प्रदान कर उनका स्वागत किया। सम्मानित अतिथि विजय प्रताप सिंह (कांग्रेस नेता) ने कोलंबियन क्रिकेट टीम को 51 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देकर उन्हें अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

### खेल परिसर में किये तिरंगे वितरित



**फरीदाबाद।** आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के उपलक्ष में वरिष्ठ अधिवक्ता एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजकुमार शर्मा ने सेक्टर 12 फरीदाबाद स्थित खेल परिसर में तिरंगे वितरित किए। जिसमें उन्होंने सैनिक, अर्धसैनिक बलों की तैयारी कर रहे हैं युवाओं, एथलिटों, पैरा खिलाड़ियों के साथ साथ जिला स्तर से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर के कोच आदि को तिरंगे झंडे वितरण किए। इस अवसर पर बोलते हुए राजकुमार शर्मा ने कहा कि राष्ट्र प्रथम के भाव से ही भारत विश्व का नेतृत्व कर सकता है भारत के जवान एवं खिलाड़ियों ने अपने-अपने त्याग तपस्या से तिरंगे का मान सम्मान बढ़ाया है एवं अपने-अपने क्षेत्रों में जीवन का उत्कृष्ट योगदान दिया है। आजादी के इस अमृत महोत्सव में घर-घर तिरंगा अभियान से राष्ट्रीय एकता की भावना मजबूत होगी एवं सभी नागरिकों के अंदर राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत होगी। इस अवसर उत्कर्ष कौशिक, राघव शर्मा, अमित कालरा, आशीष अरोड़ा एवं मुकेश वर्मा आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

### मरीजों के परिजनों को मुफ्त वितरित किए 1500 तिंरगा झंडा

**फरीदाबाद।** आजादी के अमृत महोत्सव में स्मार्ट सिटी फरीदाबाद तिरंगे के रंग में रंगेगी। सरकार के हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत लोग अपने घरों पर सुबह 9 बजे राष्ट्रध्वज तिरंगा फहराएंगे। इसके लिए ग्रेटर फरीदाबाद स्थित एकॉर्ड अस्पताल ने मरीजों के परिजनों को करीब 1500 तिरंगा झंडा वितरित किए। अस्पताल चेयरमैन डॉ. प्रबल रॉय ने कहा की हर घर तिंरगा के महायज्ञ में सभी को भागीदार बनना चाहिए। 15 अगस्त को सुबह 9 बजे अस्पताल में भी ध्वजारोहण किया जाएगा। लोगों में देशभक्ति और राष्ट्र ध्वज के प्रति जागरूकता के लिए प्रशासन द्वारा शनिवार से हर घर तिरंगा अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत 13 से 15 अगस्त तक लोगों को घर, प्रतिष्ठान, कार्यालय की छत पर तिरंगा लगाना है। प्रशासन ने 6 लाख घरों पर तिरंगे फहराने की तैयारी की है। इस अभियान में एकॉर्ड अस्पताल ने भी भागेदारी निभाई है। शनिवार को न्यूरोलॉजी डिपार्टमेंट के चेयरमैन डॉ.रोहित गुप्ता, ऑर्थोपेडियक डिपार्टमेंट के चेयरमैन डॉ. युवराज कुमार, कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट के चेयरमैन डॉ. ऋषि गुप्ता, नेफ्रोलॉजी चेयरमैन डॉ. जितेंद्र कुमार तथा गैस्ट्रोएंटरोलॉजी डिपार्टमेंट के चेयरमैन डॉ. रामचंद्र सोनी ने सभी मरीजों को तिरंगा झंडा वितरित किए। स्टाफ को भी झंडे वितरित किए गए।

### उपायुक्त ने लिया अमृता अस्पताल की तैयारियों का जायजा




**फरीदाबाद।** उपायुक्त यशपाल ने शनिवार को अमृता अस्पताल में पहुंचकर 24 अगस्त को आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने हैलीपैड, वीवीआईपी रूट, पंडाल सहित अन्य सभी व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों से बात की और जरूरी दिशा निर्देश भी दिए। उनके साथ अतिरिक्त उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा, एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल व सीटीएम नसीब कुमार सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे। उस दौरान उपायुक्त यशपाल ने मथुरा रोड स्थित बड़खल चौक से अपना दौरा शुरू किया। इसके बाद वह पूरी सड़क का निरीक्षण करते हुए अमृता अस्पताल पहुंचे। यहां उन्होंने बताया कि अमृता अस्पताल के साथ लगते खेतों में ही हैलीपैड बनाया जाएगा। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित समय में यह कार्य पूरा करने के लिए कहा। इसके अलावा उन्होंने मुख्य कार्यक्रम स्थल तक आने के लिए रैंप व अन्य व्यवस्थाओं को लेकर अमृता अस्पताल के संचालकों व अधिकारियों से बातचीत की।

### केएल मेहता कॉलेज से निकली तिरंगा यात्रा

**फरीदाबाद।** एनआईटी सिति केएल मेहता दयानंद कॉलेज के मुख्यद्वार से तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस बारे में जानकारी देते हुए केएल मेहता ग्रुप के चेयरमैन आनंद मेहता ने जानकारी देते हुए बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा के लक्ष्य को देखते हुए एक जागरूकता तिरंगा रैली निकाली गई। जिसमें शहरवासियों को नारों के जरिये घरों के बाहर तिरंगा लगाने को जागरूक किया गया। इस रैली में आर्य समाज के और स्कूल व कॉलेज के सदस्य भी शामिल रहे। उन्होंने बताया कि यह रैली केएल मेहता कॉलेज से शुरू होकर एनएच-5 होते हुए वापस कॉलेज परिसर में पहुंची। जिसमें समाजसेवियों के अलावा स्टाफ, प्रिंसीपल, अध्यापक सभी के संग वह स्वयं शामिल रहे।

### अजय गुर्जर ने जीती एक लाख रुपये की फाइनल कुश्ती



**पलवल।** जिले के प्रमुख गांव खाम्बी में वार्षिक दंगल मेले का आयोजन बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली के नामी-गिरामी अखाड़ों से आए पहलवानों ने रोमांचक दाब लगाए। फाइनल कुश्ती का प्रथम पुरस्कार (एक लाख रूपये) लाखूवास के अजय गुर्जर पहलवान ने सुखचैन को हराकर जीता। सेमी फाइनल कुश्ती का इक्यावन हजार रुपये के द्वितीय पुरस्कार के लिए स्वरूप पहलवान-ट्रैक्टर पहलवान बराबरी पर छूटे। कई दशकों से खाम्बी में आयोजित किए जा रहे। कुश्ती दंगल मेले में पांच सौ रूपये से शुरू होकर एक लाख रूपये तक की कई दर्जन कुश्तियां करवाई गईं। मॉडर्न विद्या निकेतन स्कूल-फरीदाबाद के निदेशक वरुण शर्मा बतौर मुख्य अतिथि ने पहलवानों का उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव अजय गौड ने अध्यक्षयीय सम्बोधन में कहा कि खाम्बी बृज चौरासी कोस परिकर्मा मार्ग में प्रमुख आकर्षण का केंद्र है यहां का दंगल मेला देश विदेश में विख्यात है। आश्वासन दिया कि खाम्बी की समस्याओं का हरियाणा सरकार से प्रमुखता से समाधान कराया जाएगा। होडल के विधायक जगदीश नायर (विशिष्ट अतिथि), जगदीश शर्मा (ठेकेदार), बाल विद्या निकेतन स्कूल (खाम्बी) के चेयरमैन मोहनश्याम शर्मा, सरपंच (हेमलता शर्मा) के पति-हरिदत्त शर्मा, कुंज बिहारी शर्मा, मोहित मनोहर (राष्ट्रीय कवि), रमनदेव शर्मा, विष्णु गौड़, सतीश ब्रजवासी, युगल किशोर शर्मा आदि कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# प्रेमिका ने फांसी लगा ली, प्रेमी ने पिया जहर

## नाबालिग लड़की की मौत, किशोर की हालत गंभीर

**बुलंदशहर।** जिले की स्याना कोतवाली इलाके में एक नाबालिग लड़की ने अपने प्रेमी के घर फांसी लगाकर कथित तौर पर खुदकुशी कर ली जबकि उसके नाबालिग प्रेमी ने भी जहर पी लिया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, स्याना कोतवाली इलाके के एक गांव की रहने वाली करीब 16 वर्षीय लड़की का पड़ोस में रहने वाले अपने हमउम्र लड़के से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों अलग-अलग स्कूलों में पढ़ते थे। उन्होंने बताया कि शुक्रवार देर रात लड़की अपने प्रेमी के घर पहुंच गई, जहां उसने फांसी लगा ली जबकि उसके प्रेमी ने जहर खा लिया। शनिवार सुबह लड़की का शव प्रेमी के घर पर लटका हुआ मिला जबकि उसका प्रेमी बेहोशी की हालत में मिला। उसे इलाज के लिए हायर मेडिकल सेंटर भेजा गया है। पुलिस के अनुसार, गांव के रहने वाले बसंत शर्मा ने बताया कि लड़की ग्यारहवीं कक्षा में पढ़ती थी और आज सुबह ही पुलिस को मामले की जानकारी मिली। पुलिस अधीक्षक (नगर) सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि लड़की का शव लड़के के घर से बरामद हुआ है। दोनों की उम्र 16-17 साल के बीच की है। उन्होंने बताया कि लड़की का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और मामले की छानबीन की जा रही है।

**जंगली जानवर के हमले में व्यक्ति की मौतः** लखीमपुर खीरी। लखीमपुर खीरी जिले में एक गन्ने के खेत में एक व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव मिला है। अधिकारियों का कहना है व्यक्ति किसी जंगली हिंसक जानकवर का शिकार हुआ है। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव शनिवार की सुबह जिले के दक्षिण खीरी वन मंडल के गोला रेंज के अंतर्गत पुनर्भु ग्रांट गांव के पास गन्ने के खेत में पड़ा मिला। व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है। यह इलाका गोला-अलीगंज मार्ग पर अंबारा के जंगलों के पास है। गोला रेंज के वन अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने क्षेत्र में बाघ प्रजाति के हिंसक जानवरों की गतिविधियों को देखते हुए स्थानीय ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी है। संभागीय वन अधिकारी (डीएफओ), दक्षिण खीरी वन प्रभाग, संजय बिस्वाल ने संपर्क करने पर पीटीआई-भाषा को बताया, बाघ प्रजाति के जानवर के हमले में एक युवक के मारे जाने की सूचना मिली है।

**किसान की धारदार हथियार से हत्याः**संभल। जिले के चंदौसी कोतवाली क्षेत्र में अज्ञात लोगों ने एक किसान की उसके खेत में किसी धारदार हथियार से हत्या कर दी। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक आलोक जायसवाल ने बताया कि चंदौसी कोतवाली क्षेत्र के मौलागढ़ गांव मैं विजय कुमार (38) अपने खेत पर थे। शुक्रवार देर रात अज्ञात व्यक्तियों ने खेत पर कुमार की धारदार हथियार से हत्या कर दी।



प्रयागराज में शनिवार को आजादी का अमृत महोत्सव समारोह के तहत आयोजित तिरंगा यात्रा में राष्ट्रीय ध्वज के साथ छात्रों ने लिया हिस्सा

# नौका दुर्घटना में आठ शव और बरामद

आलोक निगम। बांदा

**नाव** पलटने के हादसे में शनिवार को 8 शव और बरामद हुए हैं। शुरुआती दौर में तीन लाशें मिली थी। जिलाधिकारी ने बताया कि इन 8 शवों का पोस्टमार्टम फतेहपुर जनपद में होगा। इस बीच तीन मृतकों के आश्रितों को चार-चार लाख की आर्थिक मददद दी जा चुकी है। यह जानकारी जिलाधिकारी अनुराग पटेल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उधर, पुलिस अधीक्षक अभिनंदन सिंह ने बताया कि 6लोगों की शिनाख्त हो चुकी है, दो के पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।` मरका के घटनास्थल पर आज केंद्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति व प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान पहुंचे। इस दौरान दोनों मंत्रियों ने हादसे में जान गवाने वाले लोगों के परिजनों से मुलाकात कर उनको सरकार द्वारा हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया।



केंद्रीय मंत्री निरंजन ज्योति ने जिला प्रशासन को बचाव एवं राहत कार्य तेज करते हुए लापता लोगों को शीघ्र तलाशने के लिए निर्देशित किया। बांदा के मरका में कल यमुना नदी पार कर रहे लगभग 3 दर्जन यात्री नाव के असंतुलित हो जाने से भंवर मैं फस् कर डूब गए थे। इनमें से 17 लोगों को जिला प्रशासन और स्थानीय लोगों के सहयोग से बचा लिया गया था। इस दर्दनाक हादसे में 4लोग अभी भी लापता हैं जिनका रेस्क्यू किया जा रहा है। कल रात घटनास्थल पर पहुंची एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें लगातार लापता लोगों को तलाशने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही हैं।

फतेहपुर जिले के किशनपुर थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) संजय तिवारी ने` शनिवार को बताया, थाना क्षेत्र में यमुना से सात शव बरामद किए गए हैं, इनमें एक शव एनडीआरएफ की टीम मरका ले गई है। छह शव थाना परिसर में रखे हैं, जिनकी शिनाख्त करने की कोशिश की जा रही है। ए शव घटनास्थल से करीब 15-20 किलोमीटर दूर बरामद हुए हैं। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार को बांदा जिले के मरका थाना क्षेत्र के समगरा गांव के घाट से 30 से अधिक लोग नौका में सवार होकर यमुना नदी पार कर फतेहपुर जिले के कौहन घाट जा रहे थे, तभी बीच जलधारा में नौका डूब गई थी।

## मुख्तार की पत्नी की छह करोड़ से अधिक की संपत्ति कर ली गई जब्त

**गाजीपुर।** जिला प्रशासन ने शनिवार को गाजीपुर सदर के रजदेपुर और नंदगंज क्षेत्र के फतेहुल्लहपुर में बाहुबली पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी की पत्नी अफशां अंसारी के मालिकाना हक वाली 0.394 और। .507 हेक्टेयर जमीन जब्त कर ली, जिसकी कीमत छह करोड़ रुपए से ज्यादा आंकी गई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर गिरोहबंद अधिनियम के तहत यह जमीन जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार, अफशां अंसारी के नाम पर अवैध कमाई से खरीदी गई गाजीपुर सदर के रजदेपुर में स्थित 0.394 हेक्टेयर भूमि तथा नंदगंज के फतेहुल्लहपुर में स्थित 1.507 हेक्टेयर भूमि को नियमानुसार मुनादी कराकर पुलिस अधीक्षक (एसपी) रोहन पी बोत्रे के नेतृत्व में मौके पर पहुंचे भारी पुलिस बल ने गैंगस्टर एक्ट के तहत आज जब्त कर लिया। जब्त की गई जमीन की कीमत छह करोड़ 30 लाख रुपए आंकी गई है। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह के आदेशानुसार गैंगस्टर एक्ट की धारा 14 (1) के तहत आज उपरोक्त संपत्तियां कुर्क की गई।

## डीएम व एसपी की अगुवाई में निकली भव्य तिरंगा यात्रा

### शहर भ्रमण के दौरान जनमानस ने बरसाये फूल

**गोंडा।** आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी डा. उज्जवल कुमार व पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर के अगुवाई में शुक्रवार को गुरुनानक चौराहा से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमे जिला प्रशासनए पुलिस प्रशासन के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ ही मिडियाकर्मी शामिल रहे। इस मौके पर यात्रा का जगह जगह आम



जनमानस द्वारा पुष्प वर्षा कर उनका हौसला बढ़ाया। यह तिरंगा यात्रा गुरुनानक चौक से गुड्डूमल चौराहाए एकता चौकए पीपल तिराहा होते हुए वापस गुरुनानक चौराहे पर आकर समाप्त हुई। तिरंगा यात्रा के दौरान पुलिस अधीक्षक ने देश प्रेम का संदेश देते हुए सभी को अपने घरों एवं कार्यालयों पर तिरंगा लगाने हेतु आमजन को प्रेरित किया। इस तिरंगा यात्रा में सीओ सिटी लक्ष्मीकांत गौतमए प्रशिक्षु उपाधीक्षक शिल्पा वर्माए प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर पंकज सिंहए देहात कोतवाल करुणाकर पांडेयए प्रभारी निरीक्षक महिला थानाए प्रभारी यातायातए मीडियाकर्मी व अन्य अधिकारीध्कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## बजाज चीनी मिल ने निकाली तिरंगा यात्रा

**गोंडा।** आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर शनिवार को बजाज चीनी मिल की कुन्दरखी यूनिट के ईकाई प्रमुख मनोज सिंह निर्देश और कारखाना प्रबंधकध्मानव संसाधन प्रमुख एनण्केण् शुक्ला के देखरेख में अधिकारियोंए कर्मचारियोंए सुरक्षाकर्मियों के साथ.साथ चीनी मिल क्षेत्र के किसानों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह जानकारी देते



हुए कारखाना प्रबंधक श्री शुक्ला ने बताया कि यह तिरंगा यात्रा चीनी मिल परिसर से निकल कर कहोवा पुलिस चौकीए मझगांवाए खिरीयाए डुमरियाडीहए वनघुसराए वीरपुर विसेनए मलथुआ सहजोतए विरवा बभनीए दर्जीकुआंए काजीदेवरए कुन्दरखी गांव होते हुए चीनी मिल गेट पर पुनः आकर संपन्न हुई। तिरंगा यात्रा में तिरंगा रथए लगभग 250 मोटरसाईकिलए 25 चार पहिया वाहनों के साथ सैकड़ों साइकिल चालकों ने हिस्सा लिया। तिरंगा यात्रा में प्रमुख रूप से केन हेड एनण्केण् दूबेए उप प्रबन्धक हरीश सिंहए संजीव पांडेयए डाण् आरण्केण् मौर्यए फूलचन्द शुक्लाए प्रषानिक अधिकारी श्रवण पाण्डेयए अर्पित शुक्ला आदि मौजूद थे।

## एलबीएस की तिरंगा रैली आज

**गोंडा।** श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज द्वारा आगामी 14 अगस्त को तिरंगा रैली का आयोजन किया गया है। यह रैली लोहिया धर्मशाला से प्रातः 9रू00 बजे प्रारंभ होकर महाविद्यालय के मुख्य प्रांगण में राष्ट्रगान के साथ संपन्न होगी। यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर रविंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि रैली को जिलाधिकारीध्अध्यक्ष प्रबंध समिति डाण् उज्जवल कुमार द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना की जाएगी। रैली में उपाध्यक्ष प्रबंध समिति वर्षा सिंहए सचिव उमेश शाह सहित प्रबंध समिति के अन्य सदस्यगणए महाविद्यालय के शिक्षकए कर्मचारी एवं छात्र.छात्राएं उपस्थित रहेंगे।

## पाकिस्तान का झंडा फहराने के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**कुशीनगर।** कुशीनगर जिले में एक व्यक्ति को उसके घर पर पाकिस्तान का झंडा फहराने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। कुशीनगर के अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह ने शनिवार को घटना की पुष्टि करते हुए पीटीआई-भाषा को बताया, शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे जिले के तरिया सुजान थाना क्षेत्र के वेदुपर मुस्तकिल गांव में एक घर पर झंडा फहराया गया। इस सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है, जबकि दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया हैे उन्होंने कहा कि पुलिस को इसकी सूचना मिलते हीे गैर-राष्ट्रीय ध्वजे को हटा दिया गया। सिंह ने यह भी कहा, ेगिरफ्तार आरोपी की पहचान सलमान (21) के रूप में हुई है। सलमान और झंडा बनाने में उसकी मदद करने वाली बुआ शहनाज (22) के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इसके अलावा सलमान के चचेरे भाई इमरान के खिलाफ झंडा फहराने में मदद करने के मामले में भी किशोर न्याय अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया हैे

## बन्धन से आजादी की ओर विषय पर हुयी परिचर्चा, चला स्वच्छता अभियान

**लखनऊ।** सरकार द्वारा दिए गए दिशा.निर्देशों के क्रम में ष्आजादी का अमृत महोत्सवष् तथा हर घर तिरंगा कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए आन्तरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा निदेशालय के सत्यनिष्ठा हाल में ब्रह्माकुमारीज संस्था के तत्वावधान में बन्धन से आजादी की ओर विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई। इस मौके पर संस्था की स्थानीय सेवा केन्द्र इंचार्ज ब्रह्माकुमारी इंद्रा दीदी के द्वारा निदेशालय के सभी कर्मचारियों अधिकारियों को तिरंगा झंडा वितरित कराया गया। इसके अलावा निदेशालय भवन में तिरंगा लाइटिंग की व्यवस्था के साथ सेल्फी स्टैण्ड सहित स्टैण्डी तथा फ्लैक्स आदि भी लगाए गए। इसके साथ ही प्रभारी निदेशक साजिद आज़मी द्वारा सहयोगी अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ स्वच्छता अभियान चलाया गया। साथ ही कार्यक्रमों के क्रम में कल 14 अगस्त को जन.जागरूकता अभियान तथा 15 अगस्त को ध्वजारोहण तथा इसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए संस्कृति विभाग के सौजन्य से निदेशालय में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी कराया जायेगा।

## सहारनपुर में सड़क हादसे में दो व्यक्तियों की मौत

**सहारनपुर।** देवबंद थाना क्षेत्र के देवबंद-नानौता मार्ग पर दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने की टक्कर में दो व्यक्तियों की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सूरज राय ने पीटीआई भाषा को बताया कि देवबंद थाना क्षेत्र के ग्राम भायला का निवासी नितिन (25) मोटरसाइकिल से बडगांव से लौट रहा था, तभी दूसरी ओर से आ रही एक अन्य मोटरसाइकिल से उसकी भिड़ंत हो गई। राय ने बताया कि नितिन के साथ ही दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार रामपुर मनिहारान के ग्राम कजौली निवासी सरफराज तथा उसके पीछे बैठे उसके रिश्तेदार जमील और अकील भी घायल हो गए। उन्होंने बताया कि सभी घायलों को उपचार के लिए चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने नितिन और सरफराज (45) को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**नाबालिग लड़की के साथ कथित दुष्कर्म, मामला दर्जः**अमेठी। अमेठी जिले के गौरीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव मे 14 वर्षीय दलित नाबालिग लड़की के साथ तीन युवको द्वारा कथित दुष्कमे का मामला सामने आया है।

## होर्डिंग में योगी की तस्वीर हटा दी गई प्राथमिकी दर्ज

**फिरोजाबाद।** आजादी का अमृत महोत्सव के तहत यहां लगाए गए होर्डिंग में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तस्वीर को विरूपित करने के मामले में शनिवार को अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ दो प्राथमिकी दर्ज की गईं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जिलाधिकारी रवि रंजन ने बताया कि नगर निगम द्वारा लगाए गए तीन होर्डिंग से मुख्यमंत्री की तस्वीर हटाई गई है। उन्होंने बताया कि दो प्राथमिकी दर्ज की गई है और मामले की जांच के लिए टीम गठित की गई है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और होर्डिंग को बदला जा रहा है। पुलिस ने बताया कि होर्डिंग क्षतिग्रस्त करने वालों की पहचान करने के लिए नजदीक लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जिला अध्यक्ष राकेश शंखवार ने दावा किया कि छह स्थानों पर होर्डिंग विरूपित की गई है।

# अगले साल दिसंबर से कर सकेंगे रामलला के दर्शनः चम्पत राय

### मंदिर निर्माण का कार्य बहुत अच्छी गति से आगे बढ़ रहा है और ऐसे में दिसम्बर 2023 तक मंदिर दर्शन करने योग्य हो जाएगा

**सुलतानपुर।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट, अयोध्या के महासचिव चम्पत राय ने कहा कि जन मानस दिसंबर, 2023 से श्रीरामलला के भव्य मंदिर का दर्शन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि मंदिर में शानदार नक्काशी कराई गई है और उत्तर भारत में ऐसा विशाल भव्य मंदिर और कहीं नहीं होगा। सुलतानपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के रक्षा बंधन उत्सव कार्यक्रम में भाग लेने आए राय ने शुक्रवार को कहा, सुलतानपुर अयोध्या से नजदीक है इसलिए यहां के लोगों को दिसम्बर 23 में श्रीराम लला के दर्शन का न्योता दे रहा हूं। उन्होंने कार्य प्रगति की जानकारी देते हुए मंदिर निर्माण की तकनीकी जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि मंदिर निर्माण का कार्य बहुत अच्छी गति से आगे बढ़ रहा है और ऐसे में दिसम्बर 2023 तक मंदिर दर्शन करने योग्य हो जाएगा। उन्होंने बताया कि मंदिर निर्माण में लोहे का उपयोग नहीं हो रहा है और कांक्रीट के ऊपर पत्थर लगाए जा रहे हैं। राय ने कहा कि यह अतिशयोक्ति नहीं होगी कि जिस तरह की नक्काशी और डिजाइन से मंदिर बन रहा है कि श्रद्धालु देखते रह जाएंगे।



# आन, बान और शान का प्रतीक है तिरंगा

**मेरठ।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने शनिवार को देश के नागरिकों से तिरंगे की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित करने का आह्वान करते हुए कहा कि यह सिर्फ झंडा नहीं बल्कि आन, बान और शान का प्रतीक है और इससे हम सब को प्रेरणा लेनी चाहिए। आजादी का अमृत महोत्सव पर्व पर आयोजित तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाने शनिवार को यहां पहुंचे नड्डा ने राष्ट्रध्वज के प्रति अपनी भावनाएं प्रकट करते हुए कहा, यह समर्पण का चिन्ह है, राष्ट्र के निर्माण का चिन्ह है। पांच हजार बाइक सवारों के साथ नड्डा भी तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। इससे पहले भाजपा अध्यक्ष ने शहीद




स्मारक पर जाकर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। वह अमर जवान ज्योति भी गए और 1857 की क्रांति के नायकों का पुण्य स्मरण किया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा, मेरठ सांस्कृतिक और आध्यात्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है और यह मेरा सौभाग्य है, मैं ऐतिहासिक नगरी में आया हूं। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा का शुभारंभ भी क्रांतिकारी भूमि से हुआ है। उन्होंने कहा कि यह वीर भूमि है, देश को देश प्रेम के साथ जोड़ेंगे और आज देश राष्ट्र की भावना से ओतप्रोत है। उन्होंने कहा कि तिरंगे में धर्म चक्र है और धर्म चक्र का मतलब है कि यह देश कानून से चलता है।

**चौराहा बना अवैध बस स्टैंड, आवागमन बाधितः**जालौन (उरई)। नगर के प्रवेश द्वार देवनगर चौराहे पर वाहनों का अवैध स्टैंड बना हुआ है। फुटपाथ व मुख्य मार्ग पर खड़े होते अवैध वाहनों के कारण आवागमन प्रभावित होता है और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। उरई-जालौन राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित हनुमानजी के मंदिर के पास मुख्य मार्ग पर किराए से चलने वाली कारें, बस आदि वाहन खड़े रहते हैं। इसके साथ ही चुर्खी रोड पर लगे वाटर कूलर के बगल में अवैध रूप से किराए पर मिलने वाली कारें खड़ी रहती है। सड़क व फुटपाथ पर चल रहे अवैध स्टैंड से राहगीरों को परेशानी होती है। मंदिर के पास मुख्य मार्ग पर वाहन खड़े होने के कारण मंदिर आने जाने वाली महिला भक्तों को दिक्कत होती है। सड़क पर लगे वाहनों के कारण सड़क से निकलने वाले वाहन न दिखने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

## पीए सिस्टम से एसपी ने थानों व जनमानस को किया संबोधित

**गोंडा।** आजादी की 75वीं वर्षगांठ ;अमृत महोत्सव तथा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने पीए सिस्टम व कंट्रोल रूम के माध्यम सभी थानों और आम जनमानस को बधाइयां देकर हर घर तिरंगा अभियान के बारे में जागरुक किया। पुलिस अधीक्षक श्री तोमर ने पीए सिस्टम व कंट्रोल रूम के माध्यम से सभी से अपील किया कि आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान घर.घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत अपने घरोंध् प्रतिष्ठानों में तिरंगा फहराये। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश




पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए कटिबद्ध एवं संकल्पित है। आपको यदि किसी भी प्रकार की परेशानी आती है तो अपने नजदीकी थानाध्चौकी अथवा डायल.112 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। थानों में महिला हेल्प डेस्क और साइबर अपराधों से निपटने के लिए साइबर हेल्प डेस्क बनाए गए हैं।साइबर अपराध की समस्या आने पर आप तत्काल 1930 को कॉल कर सकते हैं। साइबर अपराध की समस्या आने पर आप तत्काल 1930 को कॉल कर सकते हैं। महिलाओं और बच्चों को जागरूक करने के लिए मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला अधिकारीध्कर्मचारी द्वारा गांव.गांव व स्कूलों में जाकर जागरूक किया जा रहा है। त्योहारों के अवसर पर परंपरागत रूप से उत्साह के साथ अपने त्यौहार मनाए व अफवाहों पर ध्यान न दें और सोशल मीडिया पर किसी आपत्तिजनक अफवाह को न ही लाइक करेंए न ही शेयर करें। साथ ही अपने आस.पास नजर रखेंए कोई संदिग्ध वस्तुध्व्यक्ति दिखे तो उसकी सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस व डायल.112 को दें। यह भी कहा कि आपने समय.समय पर जो जनसहयोग प्रदान किया हैए उसके लिए गोंडा पुलिस आपकी आभारी है।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 14 अगस्त, 2022



## संगठन से साठगांठ

भगवा दल में लंबे समय बाद यूपी के संगठन मंत्री को पदोन्नत करते हुए तीन राज्यों का प्रभारी बनाया गया है। इस फेरबदल के कारण भाई साहब के आस-पास जो मंडराते थे और जिन्होंने संगठन और सरकार दोनों में मलाई काटी है उन्हें अब इस बदले समीकरण के बाद नए संगठन मंत्री के साथ तालमेल बैठाने के लिए ताना-बाना बुनना पड़ रहा है। अब यहां के लोग नव नियुक्त नए संगठन महामंत्री की पूरी जीवनी निकाल रहे हैं और उनके आस-पास जो खास लोग हैं उनके साथ कोई न कोई लिंक निकालने का प्रयास किया जा रहा है ताकि उनके कार्यभार संभालने के बाद संगठनात्मक बदलाव हो तो उनके विभाग में कोई परिवर्तन न किया जाए। सब कुछ वैसे ही चलता रहे जैसे अभी चल रहा है। दरअसल पुराने वाले संगठन मंत्री की बदौलत कई लोग संगठन में काम करते हुए उच्च सदन तक गए और फिर सरकार में कैबिनेट मंत्री तक बन गए और कुछ को विभिन्न अभियानों का प्रमुख भी बनाया गया जहां लोगों ने धन दौलत भी कमाई। तो भला अब कौन चाहेगा कि आय का जरिया कम हो। इसलिए नए संगठन मंत्री को साधने की कोशिश तेज हो गई है।




## विभाग पराया माल अपना

प्रदूषण को नियंत्रित करने वाले एक विभाग के राजनीतिक मुखिया रहे भाजपा के एक धाकड़ नेता को योगी सरकार में मंत्री का पद मिल गया है। लेकिन इस नेता के खड़ाऊ की पूजा अभी भी इस विभाग में जोरदार तरीके से चल रही है। मजाल है कि बिना उनके विभाग में पत्ता भी हिले। हालांकि विभाग में नये चेयरमैन बन चुके हैं लेकिन उनकी विभाग में चल बिल्कुल नहीं रही। सारा कामकाज पुराने चेयरमैन और वर्तमान में मंत्री की देखरेख में उनके लाए अपने अफसरों की निगरानी में होता है। नये चेयरमैन परेशान हैं और अपनी पीड़ा वह मुख्य सचिव के सामने भी रख चुके है।

दरअसल पहले इस विभाग में चेयरमैन के पद पर भाजपा के एक धाकड़ नेता विराजमान थे। यह नेता भाजपा के संगठन मंत्री रहे सुनील बंसल के बहुत विश्वास पात्र बताये जाते हैं। इसी लिये उन्हे एक व्यक्ति एक पद वाली पार्टी की नीतियों के विपरीत संगठन और आयोग दोनों पदों पर रखा गया। योगी सरकार दोबारा सत्ता में लौटी तो उन्हें सरकार में शामिल कर लिया गया। चेयरमैन का पद तो नेता जी ने छोड़ दिया लेकिन उनका मोह भंग नही हुआ। शाहजहांपुर के रहने वाले यह नेता अपने किसी खास अफसर को मुख्यालय में अहम पद पर लाये थे। उनकी गैर मौजूदगी में यही अफसर विभाग का पूरा हिसाब-किताब देख रहा है। नये अध्यक्ष तो यदाकदा दफ्तर पहुंच पाते हैं।

## पापाजी अब रहम करो

अपने संस्थान के जनरल साहब का ध्यान आजकल उन छात्रों यानी पापाजी पर टिका हुआ है जो आये तो थे पढ़ने पर अब उनके बेटे की शादी के दिन आ चुके हैं। कहने का मतलब एक ही क्लास में इतने साल से पढ़ाई कर रहे हैं कि पढ़ते पढ़ते शादी भी हो गई। बच्चे भी हो गए और अब उनके बच्चों की शादी के दिन आ गए हैं। पर पापाजी हैं कि एक क्लास से आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। ऐसे पापाजी की खोज जनरल साहब के आदेश पर की गई है। कुल मिलाकर 37 पापाजी मिले हैं। अब डूबते को तिनके का सहारा। सो इनके डूबते कैरियर को बचाने के लिए जनरल साहब ने एक और मौका देने का निर्णय किया है। पिछले दिनों पापाजी संग बैठक में जनरल साहब ने कहा कि या तो पास हो जाएं या फिर घर चले जाएं। संस्थान पर इतनी मेहरबानी तो जरूर करें। अब ऐसे में पापाजी के लिए यह आखिरी मौका है कुछ कर गुजरने का।




## ठंडे बस्ते वाले स्वामी

स्वामी जी ठंडे बस्ते में चले गए हैं। अब न वह दिखाई पड़ रहे हैं और न ही उनकी राजनीति। विधानसभा चुनाव के दौरान प्रदेश व देश की तस्वीर बदलने की हुंकार भरकर अपनी राजनीतिक दुकान चमकाने वाले स्वामी जी अब लापता हो गए हैं। दूरबीन लेकर देखे जा रहे हैं फिर भी नहीं दिखाई पड़ रहे हैं। उनकी चहेती बिटिया भी गायब है जो उस दौरान काफी हुंकार भर रही थी। विधान परिषद चुनाव के दौरान स्वामी जी दिखाई दिए थे। उनकी आवाज भी सुनाई पड़ी थी लेकिन जैसे ही काम निकला उसके बाद फिर वह विलुप्त हो गए। ऐसा प्रतीत हो रहा है जैसे स्वामी जी के पास अब कुछ बचा ही नही है। उनका सारा प्रसाद समाप्त हो चुका है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि स्वामी जी अभी जंगल में अपना मोर नचा रहे हैं और अब वह सीधा लोकसभा चुनाव में दिखेंगे अपने पॉलिटिकल मोर के साथ।



## परदे के पीछे

पूर्व एलडीए मुख्य अभियंता पर कई आरोप लगे लेकिन रसूख के चलते वह अपने पद पर बने रहे। एलडीए अध्यक्ष मंडलायुक्त रौशन जैकेब के आदेश पर रोक टोक लगाते हुए उन्हें अपनी कुर्सी खोनी पड़ी। एलडीए के बड़े साहब को सब कुछ अच्छा लग रहा था। आवास और पार्किंग की समस्याएं समझने का प्रयास कर रहे थे। लेकिन नये साहब को जब पता चला कि दस करोड़ का गबन स्मारक समिति में हुआ है तब साहब को एहसास हुआ कि इन मासूम चेहरों के पीछे बहुत राज हैं। झटका लगने पर कर्मचारी से लेकर छोटे साहब तक आंच पहुंचने लगी तो संभले साहब। फिर क्या था। साहब को समझते देर न लगी कि कर्मचारियों के मकड़ जाल को तोड़ना बहुत जरूरी है। अब साहब ने फूंक फूंक कर कदम रखना शुरू कर दिया। कई बड़े बड़े नटवरलालों पर नजर रखने लगे। दस करोड़ घोटाले की गुत्थी सुलझाने का प्रयास करते हुए कई स्मारक समति के बाबू और अधिकारी पर शक गया।

## बहना ने भाई की कलाई.....

त्रिवेणी के संगम स्थल वाली नगरी से आने वाले भगवा सरकार के एक मंत्री ने रक्षाबंधन का पर्व अनूठे अंदाज में मनाने का प्रण किया। ऐसा करने के पीछे उनकी मंशा भी बहुत नेक थी। अपनी पावन भावना के साथ वह पुलिस लाइन पहुंच गए। वहां प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिला पुलिस कर्मियों के साथ उन्होंने त्योहार मनाया और उनसे राखी बंधवाई। मंत्री जी को राखी बांधने वाली सभी महिला सिपाही ट्रेनी थीं और अभी इनकी ट्रेनिंग चल रही है। इस वजह से उन्हें रक्षाबंधन में भी घर जाने की अनुमति नहीं मिली। उनकी मायूसी मंत्री जी के प्रयास से काफी हद तक दूर हुई। उन्होंने मंत्री जी की आरती की। उन्हें टीका और अक्षत लगाया। साथ ही उनके पैर छूकर आशीर्वाद भी लिया। ट्रेनी महिला सिपाहियों द्वारा मंत्री जी के पैर छूने पर पूरा बखेड़ा खड़ा हो गया। सोशल मीडिया पर धड़ाधड़ इस कार्यक्रम के वीडियो वायरल होने लगे। सवाल उठाए जाने लगे कि कप्तान की मौजूदगी में महिला पुलिस कर्मियों से मंत्री जी के पैर क्यों छुआए गए? एक तो पुलिस की वर्दी की अहमियत तार-तार हुई दूसरे परंपरा का उल्लंघन हुआ। राखी बंधवाने के बाद बतौर भाई के रिश्ते से उन्हें खुद बहनों के पैर छूने चाहिए थे। एक अच्छी भावना के साथ रक्षाबंधन मनाने पहुंचे बेचारे मंत्री जी अब लगातार सफाई देते घूम रहे हैं।

# हर घर तिरंगा अभियान देश की नई पहचान बन रहा: केशव मौर्य

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने आजादी के अमृत महोत्सव की पुनीत व पावन बेला पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत अपने आवास 7 कालिदास मार्ग पर तिरंगा झंडा, फहराया और सभी प्रदेशवासियों का आह्वान किया कि वह भी अपने-अपने घर पर तिरंगा झंडा फहरायें। आजादी के इस महापर्व पर उन्होंने कहा तिरंगा हम सबका गर्व है। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत पूरे देश और प्रदेश में ऐतिहासिक तिरंगा यात्राओं का आयोजन और हर घर तिरंगा अभियान चल रहा है। यह आयोजन एक ऐतिहासिक जन आंदोलन का साक्षी बन रहा है । इस कार्यक्रम का उत्साह हर गांव, हर कस्बे और शहर में दिख रहा है। हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्रीय ध्वज के साथ हमारे जुड़ाव को और अधिक मजबूत कर रहा है। हर घर तिरंगा अभियान देश की नई पहचान बन रहा है। एक नए इतिहास का निर्माण हो रहा है । हर घर तिरंगा अभियान एक बार फि र देश की एकता और चेतना का प्रतिनिधित्व कर रहा है। तिरंगा यात्रा व हर घर तिरंगा अभियान में देश की भक्ति और शक्ति एक साथ झलक रही है। देश की युवा पीढ़ी में नये उत्साहए नयी ऊर्जा का संचार हो रहा है। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा व तिरंगा यात्रा के उल्लास, उमंग एव उत्साह के यह पल हम सबके मानस पटल पर चिर स्थाई रहेंगी और जब भी हमे इन प्रेरक स्मृतियों की याद ताजा होगीएहम आजादी के जश्न में अपने को सराबोर महसूस करेंगे, और देश प्रेम की भावना बलवती होगी।



75 वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर तिरंगे की लाइट से सजाया गया उच्च न्यायालय इलाहाबाद की लखनऊ खंडपीठ का भवन कुछ अलग ही छटा बिखेर रहा



मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पर स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ तिरंगा फहराते अपर मुख्य सचिव एमएसएमई एवं सूचना नवनीत सहगल, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री एवं सूचना संजय प्रसाद, सूचना निदेशक शिशिर, विशेष कार्याधिकारी मुख्यमंत्री मृत्युंजय सिंह एवं रहीस सिंह

# भाजपा व आरएसएस अपने अतीत के काले पृष्ठों को छुपाने में लगी है: अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा के मातृ संगठन आरएसएस का आजादी की लड़ाई में और आजादी के बाद भी राष्ट्रध्वज और संविधान को स्वीकार न करना का क्या कहता है। सत्ता के स्वार्थ और जनता के दबाव में राष्ट्रध्वज को आगे रखकर भाजपा-आरएसएस अपने अतीत के काले पृष्ठों को छुपाने का प्रयास करने में लगी है। इसी मानसिकता का असर है कि भाजपा स्वतंत्र अखिलेश ने कहा कि लगातार इस तरह की रिपोर्टें आ रही हैं कि भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा राष्ट्रीयध्वज की बिक्री की जा रही है। यह ध्वज जहां करोड़ों भारतीयों के लिए आन-बान शान का प्रतीक है वहीं भाजपाइयों के लिए यह बेचने का सामान है। प्रयागराज में भाजपा ने अपने कार्यालय में राष्ट्रध्वज क्यों नहीं फहराया, भाजपाई हर बात पर दुकान लगाना बंद करें। राष्ट्रध्वज के गौरव के साथ खिलवाड़ शर्मनाक और निंदनीय है। अखिलेश ने कहा कि समाजवादी सरकार में राजधानी लखनऊ में 207 फिट ऊंचा राष्ट्रध्वज ऐतिहासिक जनेश्वर मिश्र पार्क में फहराया गया था। समाजवादी सरकार में ही इस 400 एकड़ में फैले एशिया के सबसे विशाल पार्क का निर्माण हुआ था। जब तक समाजवादी सरकार रही हर रोज शाम प्रोटोकाल के तहत आकाश में लहराते इस तिरंगे को पुलिस सलामी देती रही।

# भाजपा के नए प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल 18 को संभालेंगे जिम्मेदारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी** भाजपा के नए संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह 18 अगस्त को लखनऊ आएंगे। 10 अगस्त को उन्हें महामंत्री नियुक्त किया गया था। धर्मपाल 18 अगस्त को लखनऊ में भाजपा दफ्तर में पदाधिकारियों से मुलाकात भी करेंगे। उसी दिन वह आधिकारिक रूप से अपनी जिम्मेदारी संभालेंगे। इससे पहले चर्चा थी कि धर्मपाल रविवार को लखनऊ आएंगे।

धर्मपाल सिंह यूपी के बिजनौर के रहने वाले हैं। वह पिछड़े वर्ग की सैनी जाति से आते हैं। इससे पहले भी पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान लखनऊ में रहकर काम कर चुके हैं। उन्हें झारखंड प्रदेश महामंत्री संगठन बनाकर भेजा गया था।

पिछले 8 साल से यूपी में संगठन की जिम्मेदारी सुनील बंसल संभाल रहे थे। इसके बाद धर्मपाल को यह जिम्मेदारी मिली है। यह जिम्मेदारी काफी चुनौतीपूर्ण भी है। सुनील बंसल के नेतृत्व में 4 बड़े महत्वपूर्ण चुनाव जीतने वाली भाजपा के लिए 2024 का लोकसभा चुनाव बेहद खास रहने वाला है। धर्मपाल के सामने सबसे पहले और बड़ी चुनौती यही है। साल 2024 का लोकसभा चुनाव पार्टी संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह की देख-रेख में ही लड़ेगी। धर्मपाल को नियुक्त कर भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भी अपनी स्थिति को स्पष्ट कर दिया है कि वो पिछड़े वोट पर राजनीति करने का मन बना चुकी है। जबकि सुनील बंसल राजस्थान और गुजरात से ताल्लुक रखते थे।

## शुभ्रा सक्सेना को चुनाव आयोग में उपसचिव पद पर मिली तैनाती

**लखनऊ।** यूपी कॉडर की वर्ष 2009 बैच की आईएएस अधिकारी शुभ्रा सक्सेना को चुनाव आयोग में उप सचिव के पद पर तैनाती मिली है। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग केंद्र सरकार के निदेशक रंजीत कुमार ने आदेश जारी कर दिया है। शुभ्रा मौजूदा समय विशेष सचिव चिकित्सा शिक्षा विभाग, अतिरिक्त निदेशक प्रशासन एसजीपीजीआई के पद पर तैनात हैं। यहां से कार्यमुक्त होने के बाद वह दिल्ली जाकर कार्यभार ग्रहण करेंगी।

# हर घर तिरंगा अभियान: कारागारों में अब तक हुआ कुल 74 हजार से अधिक झंडों का निर्माण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**हर घर** तिरंगा अभियान के अन्तर्गत प्रदेश के विभिन्न कारागारों में निरूद्ध बंदियों द्वारा बढ़चढ़ कर भाग लिया गया तथा अब तक कुल 74 हजार से अधिक झंडों का निर्माण किया जा चुका है। अनुमान है कि 15 अगस्त तक बंदीगण लगभग दो लाख झंडे तैयार कर लेंगे।

यह झंडे स्वयंसेवी संस्थाओं व जिला प्रशासन के माध्यम से आमजन को दिए जाएंगे। इसके अतिरिक्त बंदियो द्वारा निर्मित यह झंडे कारागारों में आवासीय व अनावासीय भवनों पर लगाए जाएंगे। जिन कारागारों में टेलरिंग में प्रशिक्षित बंदी व टेलरिंग यूनिट हैं वहां के बंदियों को झंडा बनाने के लिए विशेष रूप से प्रोत्साहित किया गया है। एसीएस होम अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में जब देश हर्षोल्लास और नई उमंग के साथ गौरवान्वित हो रहा है तब ऐसे में प्रदेश की कारागारों में भी यह जश्नकुछ खास और यादगार तरीके से मनाए जाने की तैयारियां की गई हैं। अवस्थी ने बताया कि प्रदेश के सभी कारागारों में विशेष साफ सफ ाई अभियान चल रहा है। कारागार मुख्यालय संपूर्णानंद कारागार प्रशिक्षण संस्थान, सभी रेंज डीआईजी कार्यालयों में तैनात अधिकारी कर्मचारी स्वच्छता कार्यक्रमों में श्रमदान करेंगे। कारागार विभाग के सभी सरकारी भवनों एवं अधिकारियों कर्मचारियों के आवासों पर झंडारोहण किए जाने की व्यवस्था की गई है। प्रदेश की सभी कारागारों की बैंरकों पर भी झंडारोहण कार्यक्रम कराया जाएगा। बंदियों को राष्ट्रगान गाए जाने के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रदेश में सभी कारागार भवनों पर लाइटिंग द्वारा सजावट की व्यवस्था की गई है। सभी आवासीय भवनों पर राष्ट्र ध्वज लगाया जाएगा।

कारागार मुख्यालय तथा कारागारों में निर्मित शहीद स्मारकों तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के स्मारकों पर एक सप्ताह तक साँयंकाल राष्ट्रीय धुन बजाने की व्यवस्था की जा रही है। कारागारों में खेलकूद कार्यक्रम आयोजित कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय एवं सराहनीय कार्य करने वाले जेलकर्मियों को चिन्हित करके उन्हें प्रशस्ति पत्र देने की व्यवस्था की गई है। कारागारों में देशभक्ति से संबंधित पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित किए जाने तथा आजादी के अमृत महोत्सव सप्ताह में शहीद कार्मिकों के परिवार को बुलाकर सम्मानित किए जाने के भी निर्देश दिए गए हैं।

## प्रदेश में कोरोना के 616 नए मामले सामने आए



**लखनऊ।** अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 45,829 सैंपल की जांच की गयी जिसमें कोरोना संक्रमण के 616 नए मामले आए हैं। प्रदेश में अब तक कुल 12,04,87,313 सैंपल की जांच की गयी है। उन्होंने बताया कि विगत 24 घण्टों में 989 लोग तथा अब तक कुल 20,83,963 लोग कोविड-19 से ठीक हुए हैं और वर्तमान में प्रदेश में कोरोना के कुल 5632 एक्टिव मामले हैं। प्रसाद ने बताया कि कोविड वैक्सीनेशन का कार्य निरन्तर किया जा रहा है। प्रदेश में कल 12 अगस्त, 2022 को एक दिन में 1,01,346 वैक्सीन की डोज दी गयी है। प्रदेश में कल तक 18 वर्ष से अधिक लोगों को कुल पहली डोज 15,36,89,816 तथा दूसरी डोज 14,62,29,381 दी गयी। उन्होंने आगे बताया कि 15 से 17 वर्ष आयु-वर्ग को कल तक कुल पहली डोज 1,41,29,690 तथा दूसरी डोज 1,29,84,037 दी गयी है। 12 से 14 वर्ष आयु-वर्ग को कल तक कुल पहली डोज 85,63,937 तथा दूसरी डोज 73,40,084 दी गयी। कल तक 1,26,27,881 प्रीकॉशन डोज दी गयी है। प्रसाद ने बताया कि कल तक कुल मिलाकर 35,55,64,826 वैक्सीन की डोज दी गयी है।

# कांग्रेस ने गौरव यात्रा के तहत निकाला पैदल मार्च

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**आजादी** की 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में कांग्रेस ने देश व्यापी गौरव यात्रा के आयोजन के क्रम में शनिवार को प्रदेश भर में पैदल मार्च, नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया। इन कार्यक्रमों के दौरान स्वतंत्रता आंदोलन की महागाथा और बलिदान हुए आजादी के नायकों की वीरगाथा पर प्रकाश डालते हुए आपसी भाईचारा, सद्भाव व देश की एकता-अखंडता को और मजबूत करने की शपथ कांग्रेस जनों एवं आम नागरिकों ने ली। यह जानकारी प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता संजय सिंह ने दी। उन्होंने कहा कि आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर शहीदों के सर्वोच्च बलिदान को याद करने और जन-जन को महापुरुषों के बलिदान की महागाथा से अवगत कराने हेतु कांग्रेस ने देशव्यापी गौरव यात्रा कार्यक्रम प्रारंभ किये हैं, जिसके माध्यम से कांग्रेस जन एक समृद्ध, समावेशी लोकतांत्रिक और सामंजस्य से भरे राष्ट्रनिर्माण के मूल को बढ़ाने हेतु पदयात्रा और नुक्कड़ सभा कर रहे हैं। जिसे आम नागरिकों का भी व्यापक समर्थन मिल रहा है। प्रवक्ता संजय सिंह ने बताया कि गौरव यात्रा के क्रम में लखनऊ दक्षिण के अध्यक्ष दिलप्रीत सिंह के नेतृत्व में पद यात्रा



सरोजनी नगर चुंगी से प्रारम्भ होकर पराग होते हुए राम मनोहर लोहिया विधि कालेज तक पहुँची, जहाँ पर राष्ट्रगान के उपरान्त यात्रा का समापन किया गया। इस पदयात्रा में पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला, प्रदेश प्रवक्ता संजय सिंह, कांग्रेस नेता सर्वश्री शब्बीर हाशमी, राकेश पाण्डेय, शशांक त्रिपाठी अंशु, पंकज तिवारी, नीरज तिवारी, आशुतोष मिश्रा, अमित मिश्रा, अरविन्द गिरि, गोविन्द सिंह, किरण शर्मा, विभा त्रिपाठी, शीला मिश्रा, सुशीला शर्मा सहित सैकड़ों कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

इसके साथ ही लखनऊ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में गोसाईगंज के पटेल पार्क स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद एक अन्य पदयात्रा का प्रारम्भ किया गया। जो पटेल पार्क से गोसाईगंज बाजार होते हुए गोसाईगंज ब्लाक पर स्थित प्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पूर्व विधायक पं. रामपाल त्रिवेदी की प्रतिमा पर पहुँची। जहाँ पर पं. रामपाल त्रिवेदी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के उपरान्त नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। यहाँ से यह पदयात्र शिवलर पहुँची जहाँ पर राष्ट्रगान के साथ इसका समापन किया गया। इस पदयात्रा में पूर्व मंत्री नकुल दुबे, पूर्व विधायक इंदल रावत, सरोजनी नगर विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी रूद्र दमन सिंह, उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक प्रमोद पाण्डेय सहित सैकड़ों कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 14 अगस्त, 2022



मदर्स प्राइड पर प्रशासन का होल्ड

# भूमाफिया रमन साहनी की दस करोड़ की संपत्ति जब्त

**कोतवाली देहात इलाके में बेनामी संपति की गई जब्त मजिस्ट्रेट की अगुवाई, सीओ सिटी, कोतवाल के नेतृत्व में हुई कार्रवाई**

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर में प्रशासनिक** और पुलिस अमले ने भूमाफिया रमन साहनी पर बड़ी कार्रवाई की है। भू माफिया रमन साहनी की बेनामी संपतियों को जब्त कर लिया गया है। जब्त संपति की कीमत लगभग दस करोड़ बताई जा रही है। मदर्स प्राइड स्कूल पर भी प्रशासनिक पहरा बिठा दिया गया है। अब स्कूल का संचालन प्रशासन की देखरेख में होगा। तहसीलदार सदर को मदर्स प्राइड स्कूल का प्रशासन नियुक्त कर दिया गया है। इससे पहले भी भू माफिया रमन साहनी की 25 करोड़ की अवैध संपति जब्त करने की कार्रवाई की जा चुकी है। शनिवार की दोपहर मजिस्ट्रेट की अगुवाई तथा सीओ सिटी पियूष कुमार सिंह, शहर कोतवाल टीपी सिंह के नेतृत्व में भारी पुलिस बल कोतवाली देहात इलाके में टेड़वा चिलौला, मुबारकपुर और खजुरिया आवासीय पहुंचा। बेनामी संपति पर कार्रवाई का ब्यौरा दर्शाता बोर्ड लगवाने के बाद बैंड बजाकर मुनादी कराई गई। फिर भू माफिया रमन साहनी की बेनामी संपति को जब्त करने की कार्रवाई को अंजाम दिया गया। मदर्स प्राइड स्कूल भी कार्रवाई की जद में आ गया है। प्रशासन ने स्कूल को अपने होल्ड में ले लिया है। मदर्स प्राइड स्कूल का संचालन पूर्व की तरह चलता रहेगा, निगरानी के लिए तहसीलदार सदर को प्रशासक नियुक्त कर दिया गया है। दरअसल, यह स्कूल भी अवैध संपति की जमीन पर बना होना बताया जा रहा है। मदर्स प्राइड स्कूल में अफसरों का काफिला पहुंचा तो हड़कंप मच गया। अब इस स्कूल का संचालन प्रशासनिक अफसरों की निगरानी में होगा। तहसीलदार सदर को मदर्स प्राइड स्कूल का प्रशासक बनाया गया है। वहीं, इस कार्रवाई को लेकर मदर्स प्राइड स्कूल की संस्थापिका मोनिका आनंद ने ऐतराज जताया है। उन्होंने कार्रवाई के विरोध में सरकार से गुहार लगाने की बात कही है।

## ताइक्वाडो प्रतियोगिता का आयोजन

संवाददाता। सीतापुर

**आजादी का** अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में जिला खेल कार्यालय सीतापुर व जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा द्वारा शहर के तरणताल स्टेडियम में बालक-बालिका ओपेन वर्ग की ताइक्वाडों प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 45 बालकों व 26 बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ जिला परियोजना अधिकारी सीतापुर सुधीर गिरि ने किया। प्रतियोगिता में विजयी रहे प्रतिभागियों को अपर जिला जज प्रमोद कुमार यादव ने पुरस्कार प्रदान किए। पुरस्कार वितरण से पूर्व मुख्य अतिथि का ताइक्वाडों खिलाड़ी आयशा द्वारा बैच लगाकर एवं जिला क्रीड़ाधिकारी संजीव कुमार सिंह द्वारा पुष्प गुच्छ भेट कर स्वागत किया गया। निर्णायक की भुमिका में अनुभवी रही। प्रतियोगिता के आयोजन में मुख्य भुमिका सुरेन्द्र कुमार लाल, ताइक्वाण्डों प्रशिक्षक एवं सिविल इंजीनियर पीयूष मिश्रा की रही। ताइक्वाडों प्रतियोगिता के बालक वर्ग ग्रुप 1 में आदित्य वैभव प्रथम, आदित्य कुमार द्वितीय व ग्रंथ सक्सेना तृतीय स्थान पर रहे। ग्रुप 2 में कार्तिकेय मिश्रा प्रथम, मूसा सम्शाद द्वितीय, प्रत्युश सिंह तृतीय रहे। ग्रुप 3 में कनिष्क रावत प्रथम, अक्षत यादव द्वितीय, पूर्णेशचंद तृतीय रहे। ग्रुप 4 में अर्जुन यादव प्रथम, शुफ्यिान द्वितीय, शोभित प्रभाकर तृतीय रहे। ग्रुप 5 में रुद्राक्ष वर्मा प्रथम, ऋषभ रावत द्वितीय, अरनव प्रताप तृतीय रहे। बालिका वर्ग ग्रुप 1 में आरुषी बाजपेई प्रथम, नूरु द्वितीय, प्रतिष्ठा यादव तृतीय रहीं। ग्रुप 2 में मुस्कान सिंह प्रथम, तनिष्का पाल द्वितीय, प्रत्युशा यादव तृतीय रहीं। ग्रुप 3 में उजेशा एश्वर्या प्रथम, ऋषिका द्वितीय, वृन्दा वैष्णवी तृतीय रहीं। ग्रुप 4 में वैष्णवी मिश्रा प्रथम, अनन्या मिश्रा द्वितीय तथा नैना तृतीय स्थान पर रहीं।

## निवेशकों ने कन्हैया गुलाटी के घर किया जोरदार हंगामा

**बरेली** । अलग-अलग योजनाएं बनाकर उनमें निवेशकों से करोड़ों रुपए का निवेश कराने के बाद कंपनियां बंद कर देने के एक मामले में आज दर्जनों निवेशकों ने कैनविज कंपनी के मालिक के घर के बाहर जमकर हंगामा किया । बारादरी थाना क्षेत्र के मॉडल टाउन स्थित कैंप कैनविज कंपनी के मालिक कन्हैया गुलाटी के घर पर आज बिहार और झारखंड के कई जिलों में रहने वाले दर्जनों निदेशक पहुंचे और उन्होंने कन्हैया गुलाटी के घर में घुसने की कोशिश की निवेशकों की भीड़ में मौजूद झारखंड के हाउसिंग कॉलोनी निवासी रवि पासवान ने बताया कि कैनविज कंपनी द्वारा अलग-अलग योजनाओं के माध्यम से निवेशकों का करोड़ों रुपया निवेश कराया गया था और सभी योजनाओं में निवेशकों को अच्छा लाभ होने की गारंटी दी गई थी प्रारंभ में कुछ निवेशकों को रकम भी दी गई लेकिन जब कंपनी के पास निवेशकों का करोड़ों रुपया पहुंच गया तो अचानक कंपनी ने सभी योजनाएं बंद कर दी और कंपनी के सभी कार्यालय भी बंद कर दिए तब निवेशकों ने कंपनी के मालिक से संपर्क करने की कोशिश की लेकिन वह संपर्क नहीं कर सके और तब आज 50 से अधिक निवेश मॉडल टाउन स्थित कंपनी के मालिक कन्हैया गुलाटी के घर के बाहर पहुंचे और हंगामा करने लगे निवेशकों की मांग थी कि वह कन्हैया गुलाटी से मिलना चाहते हैं लेकिन उन्हें बताया गया कि वह इस समय घर पर नहीं है दिल्ली गए हुए हैं गुस्साए निवेशकों ने हंगामा करते हुए घर में घुसने की कोशिश की जिससे घर के गेट पर लगा शीशा भी टूट गया कुछ हंगामे के चलते मॉडल टाउन में अफरा-तफरी मची रही घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची ।

## पुलिसकर्मियों को राखी बांधकर भाजपा महिला मोर्चा ने मनाया रक्षाबंधन का पर्व

संवाददाता। सीतापुर

**भाजपा महिला** मोर्चा की जिलाध्यक्ष कंचन प्रभा पांडेय के नेतृत्व में रक्षाबंधन का पर्व पुलिस स्नेह यात्रा के रूप मे मनाया गया। प्रदेश संगठन के आवाह्न पर पूरे जिले में भाजपा महिला मोर्चा की नेत्रियों ने रक्षाबंधन का पर्व पुलिस कर्मियों को राखी बांधकर मनाया। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष कंचन प्रभा पांडेय ने पुलिस अधीक्षक धुले सुशील चंद्रभान, सीओ सिटी पियूष सिंह एवं अन्य पुलिसकर्मियों को राखी बांधकर उन्हें रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर जिला महामंत्री लक्ष्मी पांडेय, अर्पणा गुप्ता, दीपशिखा जयसवाल, ममता डोडेजा, मोनिका आनंद, मधू श्रीवास्तव, बबिता गुप्ता, सीमा, संगीता आदि मौजूद थीं।

### वीर सपूत नाटक का हुआ प्रस्तुतीकरण

संवाददाता। सीतापुर

**आजादी के** अमृत महोत्सव के अवसर हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन सीतापुर के सहयोग से थिएटर व फिल्म वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आजादी के वीर सपूत नाटक प्रस्तुत किया गया। जिसमें नीशू त्यागी एंड दबीर सिद्दीकी एवं उनकी टीम ऋषभ पांडेय, अनामिका सिंह, राम विश्वकर्मा, कंचन शर्मा, शीखा श्रीवास्तव, प्रतीक कुमार तिवारी, शिवा राव, मनोज पांडेय, राकेश गुप्ता, आशुतोष तिवारी अमन का अहम योगदान रहा। इस मौके पर बीएसए अजीत कुमार, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज अनूप कुमार तिवारी सहित संबंधित अधिकारी व बड़ी संख्या में आमजनमानस एवं स्कूली बच्चे मौजूद थे।

### थानो में समाधान दिवस का हुआ आयोजन

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर के** सभी थानों में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इमलिया सुल्तानपुर थाने में डीएम अनुज सिंह और एसपी घुले सुशील चन्द्रभान व विधायक महोली शशांक द्विवेदी ने पहुंचकर समाधान दिवस में आये सभी फरियादियों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों से जल्द ही निस्तारण कराने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह सहित थाने का समस्त स्टॉप, लेखपाल मौजूद थे।

## रंजिश के चलते घर में घुसकर मारपीट, कई घायल

संवाददाता। बरेली

**चुनावी रंजिश** के चलते दबंगों ने घर में घुसकर मारपीट की जिससे महिला समेत कई लोग घायल हो गए उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया ।थाना भमोरा के गांव खेड़ा निवासी शिव कुमार राठौर ने बताया ग्राम प्रधान से उनकी चुनावी रंजिश चली आ रही है गांव के ही नन्हे लाल और शिव कुमार ने ग्राम प्रधानी का चुनाव सुन्दर लाल को लड़वाया था। और देवेंद्र , महेंद्र ने धर्मेश राजपूत को लड़ाया था जबकि चुनाव सुन्दर लाल हार गए और धर्मेश राजपूत जीत गया वोट न देने आए खफा प्रधान उनसे रंजिश मामने लगे। और गांव में कहते फिरते थे तुमने धर्मेश राजपूत को नही लड़ाया फिर भी हम जीत गए उनके साथ मे बीजेपी नेता धर्मवीर राठौर भी है जो दबंगो की मदद करता है। शुक्रवार की शाम को ग्राम प्रधान और धर्मवीर राठौर के कहने पर राकेश , राधे , महेंद्र , देवेंद्र , संजू , विनोद , विनीत , रंजीत, शिव सिंह , गुड्डू , शेर सिंह , नंदलाल और अनिल ने घर से खींच कर 40 बर्षीय नन्ही देवी पत्नी ओमकार राठौर , 70 बर्षीय नन्हे लाल पुत्र गंगा राम , 20 बर्षीय श्रीराम पुत्र नन्हे लाल की लाठी डंडों से पिटाई कर दी घर मे लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना रिकार्ड हो गई घायलों ने थाना भमोरा में शिकायत की घायलों की जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया ।

### आजादी का जश्न मनाने के लिये नमाजियों को वितरित किया गया तिरंगा

**बरेली** । 75वीं स्वतंत्रता दिवस का जशन घर घर मनाया जाएगा,अमृत महोत्सव अभियान के तहत आज बाद नमाजे जुमा जनसेवा टीम ने मस्जिदों के नमाजियों को तिरंगा देकर मुबारकबाद दी,इसी कड़ी में सिविल लाइन स्थित मस्जिद नौमहला में जनसेवा टीम के अध्यक्ष पम्मी खान वारसी ने तिरंगा फहराने को झण्डे वितरित किए और नमाजियों से घर घर तिरंगा फहराकर आजादी का जशन मनाएं,साथ ही उन्होंने कहा कि नौमहला क्रांतिकारियों की याद दिलाता है,अंग्रेजों के जुल्मो सितम का गवाह है नौमहला,जनसेवा टीम के अध्यक्ष पम्मी खान वारसी ने केंद्र सरकार प्रधानमंत्री मां नरेंद्र मोदी जी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री मा. योगी आदित्यनाथ जी से नौमहला को शहीद स्थल दिए जाने की मांग की।इस मौके पर मोहम्मद शादाब,अहमद उल्लाह वारसी,शाने अली कमाल मियाँ साबरी,मोहम्मद ऐजाज,मौलाना नजाकत,सलमान शम्सी,इरफान कुरैशी, शिरोज सैफ कुरैशी,हाजी साकिब रजा खाँ, हाजी यासीन कुरैशी आदि सहित बड़ी तादात में नमाजी शामिल रहे।

## डीएम को राखी बांध कर रक्षा में मांगा हार्ट का डॉक्टर



संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**जिला** अस्पताल में विगत दो दशकों से हृदय रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति न होने के कारण जनपद की 40 लाख से ऊपर की आबादी आकस्मिक स्थिति में किसी अपने को खोने की शंका से सशंकित रहती हैं।

इस संबंध में गत माह में युवा समाजसेवी अंकुर शुक्ला द्वारा मिशन कार्डियोलॉजिस्ट की मुहिम में अपना समर्थन प्रदान करने वाले संस्थाएं बचपन सवारों फाउंडेशन, श्री हरि चरण सेवा संस्थान, प्रयास संस्था सहित समाजसेवी मोती, सागर बसैया रिशु उपमन्यु त्रिवेदी मनीष मिश्र सुशील कुमार विशाल बाजपेई प्रथम हर्षित दिलीप मिश्र प्रतिनिधि शिक्षक संघ छाया पांडे संतोष वर्मा के तत्वावधान में कुछ महिलाओं ने जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी को जिले में हार्ट का डॉक्टर की स्पेशल राखी बांधकर हृदय रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति हेतु प्रार्थना की। डीएम ने स्वनिर्मित राखी के साथ मुख्यमंत्री को निवेदन भेजने का आश्वासन दिया गया।

## प्रौढ़ की गोली मारकर हत्या, पुत्र की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा

**मोहम्मदी खीरी।** कोतवाली पसगवां के गावं पनई में एक प्रौढ़ की देर रात अज्ञात ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुत्र की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हो गया है। पुलिस ने पंचनामा भर पोस्टमार्टम हेतु लखीमपुर भेजा। जानकारी के अनुसार बस गवाह के गांव पनई में स्वामी दयाल उम्र 50 वर्ष घर के दरवाजे पर चारपाई पर सो रहा था। रात लगभग 1 बजे किसी अज्ञात में 315 बोर से पीठ पर गोली चला दी जो मृतक के आर-पार निकल गई। स्वामी दयाल ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पड़ोस के छप्पर में सो रहा पुत्र अवनीश आवाज सुनकर जब जागा तब देखा पिता लहूलुहान थे। गांव वालों और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने अवनीश की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार वर्मा ने बताया कि मुकदमें की तफ्तीश की जा रही है तथा हर बिंदुओं की गहन समीक्षा की जा रही है। शीघ्र ही अभियुक्त पुलिस के कब्जे में होगा। हवाई प्रभारी निरीक्षक निर्भय कुमार सिंह का गैर जिम्मेदाराना बयान सामने आया है जिसमें उन्होंने कहा हत्या का कोई कारण नहीं है।

### साइबर से ठगी गई रकम को होल्ड कराया

**बरेली।** साइबर ठगों द्वारा एक युवती को भ्रमित करके खातों की डिटेल प्राप्त करने के बाद निकाली गई रकम को पुलिस ने होल्ड करा दिया और रकम वापसी की प्रक्रिया शुरू कर दी ।बारादरी थाना क्षेत्र के रहने वाले मुकुट बिहारी गर्ग ने एसएसपी से शिकायत करते हुए बताया कि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसकी बेटी को फोन करके भ्रमित करने के बाद उसके खाते की डिटेल प्राप्त कर ली और उसके बैंक खाते से 48000 रुपए निकाल लिए तब एसएसपी ने साइबर क्राइम की टीम को जल्दी ही मामले का निपटारा करने के निर्देश दिए तब पुलिस की साइबर क्राइम की टीम में मुकुट बिहारी गर्ग की 48000 की रकम होल्ड करा दी और इसकी वापसी की प्रक्रिया शुरू कर दी।

## आज़ादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में लगा पशु चिकित्सा शिविर

संवाददाता। रमियाबेहड़-खीरी

**मुख्य** पशु चिकित्सा अधिकारी डा.अजित सिंह के निर्देशन में बहुदेश्यी पशुचिकित्सा शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत सुजानपुर में किया गया। शिविर में कुल 70 पशुओं की नि:शुल्क चिकित्सा एवं औषधि वितरण किया गया तथा 50 पशुओं का गलाघोंटू से बचाव का टीकाकरण किया गया। इस मौके पर पशुचिकित्साधिकारी डा.देवेन्द्र प्रताप, पशु चिकत्सालय रमियाबेहड ने शिविर में पशुपालकों को पशु रोगों से बचाव हेतु आवश्यक सलाह दी।

पशुधन प्रसार अधिकारी डा.अनिल दुबे ने बाझपन चिकित्सा के बारे मे विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर डॉक्टर देवेंद्र प्रताप पशु चिकित्सा अधिकारी रमियाबेहड़ ने लोगों को बताया कि कहीं भीऔर कभी भी यदि किसी ग्रामीणों को घायल अवस्था में गोवंश दिखाई दे इसकी तुरंत सूचना पशु चिकित्सालय रमियाबेहड को उपलब्ध कराएं। हमारे कर्मचारी एवं मैं खुद तत्काल घायल गोवंश का इलाज करा कर यथासंभव मदद करने की कोशिश करूंगा। इस अवसर पर डा.देवेंद्र प्रताप पर चिकित्सा अधिकारी रमियाबेहड़ डा. अनिल दुबे ग्राम पंचायत अधिकारी प्रियंका सिंह ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विकास श्रीवास्तव एवं समस्त पैरावेट उपस्थित रहे।



## क्विक न्यूज

### दबंग ने युवक पर किया लाठी से हमला

**बरेली** । सड़क किनारे खड़े होकर तिरंगा यात्रा देख रहे एक युवक को मामूली विवाद के बाद दबंग ने लाठी मार दी जिससे वह घायल हो गया उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया ।इज्जत नगर थाना क्षेत्र के गांव कलारी निवासी 30 वर्षीय हुकुम सिंह पुत्र मोहनलाल को आज सुबह पुलिस घायल अवस्था में जिला अस्पताल लेकर पहुंची जहां हुकुम सिंह ने बताया कि आज सुबह उसके गांव के पास से तिरंगा यात्रा निकाल रही थी और वह भी गांव के लोगों के साथ यात्रा देख रहा था इसी दौरान उसी के गांव का रहने वाला राहुल उसके पास पहुंचा और उसने हुकुम की पत्नी को लेकर अभद्र टिप्पणी की जिससे हुकुम से उसका विवाद हो गया मौके पर मौजूद लोगों ने मामले को रफा-दफा करा दिया लेकिन कुछ देर बाद ही राहुल लाठी लेकर वापस आया और उसने सड़क किनारे खड़े होकर तिरंगा यात्रा देख रहे हुकुम सिंह पर हमला कर दिया जिससे हुकुम सिंह घायल हो गया मौके पर मौजूद लोगों ने राहुल को रोक लिया और उस हुकुम सिंह के घर वालों को सूचना दी मौके पर पहुंचे घर वालों ने घटना की शिकायत पुलिस से की और उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाए हमलावर राहुल फरार बताया जाता है

### दुर्घटना में बाइक सवार छात्र घायल

**बरेली** । घरेलू सामान खरीद कर घर लौट रहे बाइक सवार युवक को तेजी से आ रहे टेंपो ने टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया घटना के बाद टेंपो को फरार हो गया पुलिस ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा। सुभाष नगर थाना क्षेत्र के मोहल्ला शांति विहार निवासी रोहित पुत्र संतोष कुमार को आज सुबह घायल अवस्था में जिला अस्पताल लाया गया जहां रोहित ने बताया कि वह कक्षा 11 का छात्र है और आज सुबह रक्षाबंधन से पहले कुछ खरीदारी करने के लिए मोटरसाइकिल से बाजार गया था जहां से वापस घर लौटते समय चौकी चौराहा के पास पीछे से आए एक टेंपो ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे बाइक समेत जमीन पर गिर पड़ा और वह घायल हो गया जबकि मौका देखकर टेंपो फरार हो गया मौके पर मौजूद लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा

### सड़क दुर्घटना में घायल बाइक सवार की मौत

**बरेली** । तेजी से आ रही रोडवेज की बस ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया उसे इलाज के लिए अस्पताल लाया गया जहां उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा । भमोरा थाने के गांव नोगवा ठाकुरान निवासी 35 वर्षीय मोरपाल कि बीती रात इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में मौत हो गई उसे 21 जुलाई को घायल अवस्था में भर्ती कराया गया था पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि मोरपाल 21 जुलाई को गंगा जल लेने के लिए बदायूं से कछला घाट गया था जहां से वापस घर लौटते समय बदायूं के लाल पुल के पास पीछे से आ रही रोडवेज बस ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाली बस फरार हो गई मौके पर मौजूद मोरपाल के साथियों ने घटना की जानकारी पुलिस को देकर उसे इलाज के लिए बदायूं के जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया और घरवालों को सूचना दी घरवाले उसे इलाज के लिए बरेली के जिला अस्पताल लाये जहां से उसे निजी अस्पताल ले गए यहीं पर बीती रात उसने दम तोड़ दिया मृतक 6 बच्चों का पिता था उसकी पत्नी का नाम पिंकी है ।

### चेयरमैन ने दीं शुभकामनाएं



**मोहम्मदी खीरी।** आजादी के अमृत महोत्सव पर चेयरमैन संदीप मल्होत्रा के माध्यम से नगर के सभी विद्यालयों के प्रबंधकों सभी धर्मों के अध्यक्षों और वरिष्ठ पत्रकारो को उनके निवास पर चेयरमैन संदीप मेहरोत्रा ने पहुंचकर स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ पर राष्ट्रीय ध्वज का स्मृति चिन्ह भेट किया। इसी क्रम में वरिष्ठ पत्रकार साहित्यकार वस्या कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद अब्बास नकवी, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अतुल बाजपेई ,अतुल रस्तोगी,मौलाना असजद सिददीकी, व्यापार मंडल अध्यक्ष रूपेश गुप्ता सहित अन्य को तिरंगा स्मृति चिन्ह देकर अमृत महोत्सव की शुभकामनाएं दीं।

### करंट लगने से युवक की मौत

**बरेली** । खेत से चारा काट कर घर लौट रहे युवक पर हाईटेंशन बिजली का तार टूट कर गिर पड़ा युवक की मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।आंवला थाना क्षेत्र के गांव बहेटा चौहान निवासी 19 वर्षीय अरविंद कि कल शाम गांव के पास हुई घटना मे मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि अरविंद कल शाम को अपने घर के पालतू जानवरों को चारा काटने के लिए खेत पर गया था जहां से चारा काट कर वापस अपने घर लौट रहा था लेकिन रास्ते में ही ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन बिजली की लाइन टूट कर नीचे गिर पड़ी और अरविंद करंट की चपेट में आ गया पास के खेतों में काम कर रहे लोगों ने किसी तरह उसे तार से अलग किया और उसके घर वालों को सूचना दी जो मौके पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाने की कोशिश की लेकिन तब तक अरविंद की मौत हो चुकी थी घटना के बाद गांव के लोगों ने गहरी नाराजगी है उन्होंने बताया कि वह पहले भी कई बार जर्जर विद्युत लाइन को ठीक करने के लिए विद्युत विभाग के अधिकारियों से कह चुके थे इसके बावजूद लाइन ठीक नहीं की गई जिसके चलते अरविंद की मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

### बदमाश ने होटल कर्मचारी को मारी गोली

**बरेली।** पुरानी रंजिश के चलते ड्यूटी पर जा रहे होटल कर्मचारी को बदमाश ने गोली मार दी वह गंभीर रूप से घायल हो गया उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया घरवाले उसे निजी अस्पताल ले गए।सुभाष नगर थाना क्षेत्र के मोहल्ला वीर भट्टी निवासी 40 वर्षीय विजय कुमार पुत्र शंकरलाल को आज सुबह घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां विजय ने बताया कि गांव मोहल्ले का ही रहने बाला बदमाश मोंटी उसके परिवार से पहले से ही रंजिश मानता है और अक्सर हमला करता है कई बार मारपीट भी हो चुकी है आज सुबह विजय रामपुर बाग स्थित होटल में ड्यूटी करने के लिए पैदल ही घर से निकला था लेकिन जब वह रेलवे लाइन के पास पहुंचा तभी अचानक सामने से आए मोंटी ने उसे घेर लिया और तमंचा तानते हुए गाली गलौज करने लगा विरोध करने पर उसने विजय पर तमंचे से गोली चला दी जिससे विजय घायल हो गया गोली चलने की आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए उन्हें देखकर हमलावर मोंटी फरार हो गया घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने विजय के घर वालों को दी मौके पर पहुंचे घर वालों ने घटना की शिकायत पुलिस से करने के बाद घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया ।

## पेज एक का शेष

### सुरक्षा की...

ओडिशा के राउरकेला में तिरंगा बाइक रैली में भाग लिया। भूपेंद्र यादव उत्तर प्रदेश के बलिया में स्वतंत्रता सेनानी चित्तू पांडेय को श्रदांजलि दी और तिरंगा फहराया। उनके कैबिनेट सहयोगी अनुराग ठाकुर ने अपने आवास पर झंडा फहराया। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में अपने आवास पर स्कूली बच्चों के साथ हर घर तिरंगा यात्रा की शुरुआत की। कश्मीर में डल झील के तट पर महिलाओं ने तिरंगा रैली निकाली जिसका आयोजन जिला प्रशासन ने किया था। बडगाम में सीआरपीएफ ने वॉकथान रैली का आयोजन किया। इन्ही घटनाक्रमों में एक दिलचस्प वाकया यह रहा कि जम्मू के डोडा में दो भगोड़े आतंकवादियों के परिवार ने भी अपने घर पर तिरंगा फहराया।

### गुजरात के...

वह और कुछ अन्य लोग जमीन पर गिर पड़े।एक वीडियो क्लिप सामने आया है जिसमें गाय उनकी तरफ तेजी से आती दिखाई दे रही है और सुरक्षा कर्मी तथा अन्य लोग पटेल की मदद के लिए दौड़ते दिख रहे हैं। पटेल ने बताया कि चलने में दिक्कत के कारण उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां एक्सरे और सीटी स्कैन में उनके पैर की हड्डी टूटने की बात सामने आई। पटेल के अनुसार चिकित्सकों ने उन्हें 20-25 दिन आराम करने की सलाह दी है।

### संघ ने...

में राष्ट्रीय ध्वज लगाने के संदेश का अनुपालन करेगा। उल्लेखनीय है कि आरएसएस के प्रचार विभाग के सह प्रभारी नरेंद्र ठाकुर ने शुक्रवार को कहा था कि संघ अपने सभी कार्यालयों पर तिरंगा फहरा कर स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। उन्होंने कहा कि आएसएस कार्यकर्ता हर घर तिरंगा अभियान में सक्रिय रूप से हिस्सा ले रहे हैं।

### हिज्बुल सरगना...

के तिहाड़ जेल में बंद है। वह वर्ष 1990 की शुरुआत में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों की हुई हत्या मामले में भी संलिप्त है। सरकार ने कश्मीर विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस परास्नातक विभाग में वैज्ञानिक डॉ मुहीत अहमद भट को भी बर्खास्त कर दिया है। अलगाववादियों और आतंकवादियों के एजेंडे को विश्वविद्यालय में प्रसारित करने में उनकी कथित संलिप्तता पाई गई है। कश्मीर विश्वविद्यालय में वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक (सीनियर असिस्टेंट प्रोफेसर) माजिद हुसैन कादरी को कथित तौर पर लंबे समय से प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा सहित आतंकवादी संगठनों से संबंध होने के आरोप में बर्खास्त किया गया है। इससे पहले भी माजिद पर जन सुरक्षा अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर में अबतक करीब 40 सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त किया गया है।

### समीर वानखेड़े...

आवेदन दायर किए थे। मुंबई जिला जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति ने शिकायतों की जांच की और शुक्रवार को उसी पर एक आदेश पारित किया। आदेश में कहा गया है कि यह साबित नहीं हुआ कि वानखेड़े और उनके पिता ज्ञानदेव वानखेड़े ने हिंदू धर्म को त्याग कर स्वयं को विधिवत इस्लाम में परिवर्तित किया था। आदेश में ए भी कहा गया है कि इससे यह साबित होता है कि वानखेड़े और उनके ससुर महार-37 अनुसूचित जाति के हैं। आदेश में कहा गया है कि नवाब मलिक और अन्य द्वारा वानखेड़े के जातिगत दावे और जाति प्रमाण पत्र के धर्म के संबंध में दायर शिकायतों की पुष्टि नहीं की जाती है, जिसके बाद शिकायत में तथ्यों की कमी के कारण शिकायतों को खारिज कर दिया गया।

### रुश्दी वेंटिलेटर...

ने रुश्दी पर ईशनिंदा का आरोप लगाते हुए उनकी हत्या के लिए फतवा जारी किया था। रुश्दी (75) शुक्रवार को जब चौटाउक्वा इंस्टीट्यूशन में मंच पर थे, तभी उनकी गर्दन पर चाकू से हमला किया गया था। चौटाउक्वा इंस्टीट्यूशन दक्षिण-पश्चिमी न्यूयॉर्क राज्य में चौटौक्वा झील पर एक गैर-लाभकारी समुदाय है। स्टैनिसजेवस्की ने कहा कि आपातकालीन चिकित्सा कर्मियों के घटनास्थल पर पहुंचने तक रुश्दी का वहां कार्यक्रम में मौजूद एक डॉक्टर ने तुरंत प्राथमिक उपचार शुरू किया। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा है कि मशहूर लेखक सलमान रुश्दी पर जानलेवा हमले की कोशिश भयावह एवं निंदनीय है। उन्होंने एक बयान में कहा, बाइडन-हैरिस प्रशासन में हम सभी उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं। न्यूयार्क की गवर्नर कैथी होचुल ने इस हमले को भयावह करार दिया और कहा कि उन्होंने प्रांतीय पुलिस को जांच में जरुरी सहयोग करने का निर्देश दिया है।

### विवादित आईएएस...

एक और मौका देगी। मेरा एक हिस्सा उन आठ महीनों की स्मृतियों से थक गया है और मैं इन्हें मिटाना चाहता है। इसमें से बहुत कुछ है जो पहले ही चला गया। फैसल ने जनवरी 2019 में अपना इस्तीफा सौंप दिया था और जम्मू और कश्मीर पीपुल्स मूवमेंट (जेकेपीएम) पार्टी बनाई थी। फैसल को तत्कालीन राज्य जम्मू कश्मीर के विशेष दर्जे को निरस्त करने के तुरंत बाद कड़े सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम के तहत हिरासत में लिया गया था। हालांकि, अपनी रिहाई के बाद, फैसल ने राजनीति छोड़ दी और संकेत दिया कि वह सरकारी सेवा में फिर से शामिल होने के इच्छुक हैं। उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया गया था। डॉक्टर से नौकरशाह बने फैसल ने जम्मू-कश्मीर में लोकतांत्रिक राजनीति को पुनर्जीवित करने के लिए अपनी पार्टी बनाई, लेकिन उनका राजनीतिक करियर अचानक समाप्त हो गया। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस्तीफा वापस लेने के उनके आवेदन के बारे में जम्मू-कश्मीर प्रशासन से राय मांगी थी। केंद्रीय गृह मंत्रालय अरुणाचल प्रदेश-गोवा-मिजोरम और केंद्र शासित प्रदेश (एजीएमयूटी) कैडर के लिए कैडर नियंत्रण प्राधिकरण है। आतंकवादियों ने उत्तरी कश्मीर के सुदूरवर्ती गांव लोलाब के रहने वाले फैसल के पिता की 2002 में हत्या कर दी थी। फैसल ने 2009 में यूपीएससी परीक्षा में शीर्ष स्थान प्राप्त किया था। फैसल को 14-15 अगस्त, 2019 की मध्यरात्रि दिल्ली हवाई अड्डे पर हिरासत में लिया गया था और वापस श्रीनगर भेज दिया गया, जहां उन्हें हिरासत में रखा गया था। उन पर फरवरी 2020 में लोक सुरक्षा अधिनियम लगाया गया था, जिसे चार महीने बाद रद्द कर दिया गया था।

# महागठबंधन समन्वय समिति का कर सकता है गठन ताकि राजग जैसा न हो हाल

**भाषा।** पटना

**जनता दल** यूनाइटेड (जद-यू) द्वारा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में रहने के दौरान जिस समन्वय समिति के गठन के लिए लगातार दबाव बनाया जा रहा था, अब उसी तरह की समिति महागठबंधन के सुचारू रूप से काम करने के लिए बनाई जा सकती है। नीतीश कुमार के साथ आने के बाद महागठबंधन अब बिहार में सत्ता में है। इसके संकेत शुक्रवार शाम को तब मिले जब महागठबंधन के चौथे सबसे बड़े घटक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी लेनिनवादी) के विधायक ने मुख्यमंत्री को उनके आवास पर जदयू का वास्तविक नेता करार दिया।

भाकपा (माले) के विधायक संदीप सौरव ने पीटीआई-भाषा से कहा, मुख्यमंत्री समन्वय समिति के पुरजोर तरीके से पक्ष में हैं और हम भी ऐसा ही महसूस करते हैं। गठबंधन के किसी घटक को इस पर आपत्ति नहीं है। इसलिए, इसका गठन उचित समय पर होगा। गौरतलब है कि महागठबंधन में सात पार्टियां हैं, जिनमें जद (यू), राष्ट्रीय जनता दल (राजद), कांग्रेस, भाकपा (माले), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और हिंदुस्तान अवाम मोर्चा (हम) शामिल हैं। 243 सदस्ईय विधानसभा में महागठबंधन के 160 सदस्य से अधिक है। भाकपा (माले) महा सचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने भी समन्वय समिति की मांग की। उल्लेखनीय है कि जदयू और भाजपा में तनावपूर्ण रिश्ते चल रहे थे, तब कई नेताओं ने समन्वय समिति के गठन पर जोर दिया था जो पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के समय बनी थी और जिसके संयोजक जॉर्ज फर्नांडिस थे। जदयू नेताओं का मानना है कि इस तरह की समिति नहीं होने की वजह से घटकों के पास एक दूसरे के प्रति अपना विरोधी मत रखने के लिए कोई मंच





नहीं था, जिसकी वजह से नेता मीडिया के सामने जाते थे और दलों के रिश्तों में खटास आती थी। हालांकि, लोकसभा में भारी बहुमत के साथ भाजपा की स्थिति मजबूत दिख रही है, लेकिन राजग की हालत खस्ता है क्योंकि तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा), शिवसेना और शिरोमणि अकाली दल सहित उसके अधिकांश प्रमुख घटक अब गठबंधन से बाहर हो गए हैं। बिहार तक सीमित महागठबंधन में इस तरह की समिति की जरूरत और मजबूती से महसूस की जा रही है क्योंकि इससे अन्य राज्यों में भी व्यापक गठबंधन की अपील की जा सकती है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भाजपा के प्रभुत्व को तोड़ने के लिए संयुक्त विपक्ष के साथ काम करने की मंशा जताई है। नीतीश कुमार के करीबी सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री अगले सप्ताह दिल्ली का दौरा कर सकते हैं। यह दौरा मंत्रिमंडल विस्तार के कुछ समय बाद ही होगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में वह कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी सहित शीर्ष विपक्षी नेताओं से मुलाकात कर सकते हैं। इस बीच, सौरव ने कहा कि भाकपा (माले) की राज्य समिति की बैठक शनिवार को होगी जिसमें पार्टी महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य सहित अन्य पार्टी नेता शामिल होंगे। भट्टाचार्य ने इस सप्ताह की शुरुआत में संकेत दिया था कि उनकी पार्टी संभवतः नई सरकार में शामिल नहीं होगी और बाहर से समर्थन देने को तरजीह देगी। हालांकि, उन्होंने न्यूनतम साझा कार्यक्रम पर जोर दिया। नीतीश कुमार द्वारा 10 अगस्त को महागठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद भट्टाचार्य ने कहा, हम समन्वय समिति और निगरानी प्रणाली के साथ-साथ न्यूनतम साझा कार्यक्रम का प्रस्ताव करेंगे। सौरव ने कहा कि भट्टाचार्य भाजपा विरोधी मोर्चा बनाने के विषय और कार्ययोजना पर चर्चा के लिए मुख्यमंत्री से मिल सकते हैं। गौरतलब है कि भाकपा (माले) के 12 विधायकों के साथ-साथ माकपा व भाकपा के दो-दो विधायकों ने भी सरकार को बाहर से समर्थन देने का फैसला किया है।

## महागठबंधन सरकार में प्रभावी भागीदारी चाहते हैं बिहार कांग्रेस के नेता

**नई दिल्ली।** बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली नई महागठबंधन सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार की कवायद के बीच कांग्रेस की प्रदेश इकाई के कई वरिष्ठ नेताओं का कहना है कि इस सरकार में उनकी पार्टी की प्रभावी और सम्माजनक भागीदारी होनी चाहिए। हालांकि, प्रदेश कांग्रेस के कुछ नेताओं की यह राय भी है कि कांग्रेस इस सरकार में शामिल नहीं हो और बाहर से इसका समर्थन करे। गत नौ अगस्त को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को छोड़ कर महागठबंधन का हिस्सा बन गए। नीतीश की अगुवाई वाली नई सरकार में राजद नेता तेजस्वी यादव एक बार फिर से उप मुख्यमंत्री बने हैं। माना जा रहा है कि अगले कुछ दिनों के भीतर मंत्रिमंडल का विस्तार होगा। कांग्रेस के प्रदेश में 19 विधायक हैं और ऐसे में यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि नई सरकार में उसे तीन मंत्री पद मिल सकते हैं, हालांकि कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि पार्टी कम से कम चार मंत्री पद चाहती है। पार्टी के बिहार प्रभारी भक्त चरण दास ने शुक्रवार को राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद से मुलाकात की, जिसके बाद उन्होंने कहा था कि सरकार में कांग्रेस की हिस्सेदारी सम्मानजनक होगी। पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शकील अहमद की राय है कि सरकार में उनकी पार्टी के मंत्रियों की संख्या पांच तक होनी चाहिए, हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि सभी घटक दलों के नेता इस बारे में फैसला करेंगे। अहमद ने कहा, हम कांग्रेस के नेता हैं, इसलिए चाहते हैं कि हमारी पार्टी को ज्यादा से ज्यादा मंत्री पद मिले। लेकिन जब पार्टियों के नेता बातचीत के लिए बैठते हैं तो कई बिंदुओं को देखकर फैसला होता है...हमें लगता है कि पांच मंत्री पद मिलने चाहिए, लेकिन यह घटक दलों के नेता तय करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार में कांग्रेस की भागीदारी से कार्यकर्ताओं और आम जनता के काम करने में पार्टी को आसानी होगी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस को इस सरकार में न सिर्फ सम्मानजनक हिस्सेदारी मिलनी चाहिए, बल्कि प्रभावी भागीदारी भी होनी चाहिए। उन्होंने कहा, मेरी यह भी राय है कि सरकार में पिछड़ा, अति पिछड़ा, दलित, मुस्लिम और सवर्ण समुदायों से पांच उप मुख्यमंत्री होने चाहिए, ताकि सामाजिक समरसता दिखे। यह कांग्रेस की मांग नहीं, बल्कि मेरी अपनी सलाह है।



अमृत महोत्सव के दौादान मुंबई में स्कूली बच्चे तिरंगे केसाथ प्रदर्शन करते हुए

# हिमाचल विधानसभा ने सामूहिक धर्मांतरण-रोधी विधेयक ध्वनिमत से पारित किया

**भाषा।** शिमला

**हिमाचल प्रदेश** विधानसभा ने मौजूदा धर्मांतरण रोधी कानून में संशोधन वाले एक विधेयक को शनिवार को ध्वनिमत से पारित किया, जिसमें मौजूदा कानून में सजा बढ़ाने और जबरन या लालच देकर सामूहिक धर्मांतरण कराए जाने को रोकने का प्रावधान है। विधेयक में कारावास की सजा को सात साल से बढ़ाकर अधिकतम 10 साल तक करने का प्रावधान है। हिमाचल प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता (संशोधन) विधेयक, 2022 शनिवार को ध्वनिमत से पारित हुआ। विधेयक में सामूहिक धर्मांतरण का उल्लेख है, जिसे एक ही समय में दो या दो से अधिक लोगों के धर्म परिवर्तन करने के रूप में वर्णित किया गया है।

जयराम ठाकुर के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने शुक्रवार को विधेयक पेश किया था। संशोधन विधेयक में हिमाचल प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम, 2019 के प्रावधानों को और कठोर किया गया है, जो बमुश्किल 18 महीने पहले लागू हुआ था। हिमाचल प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम, 2019 को 21 दिसंबर 2020 को ही अधिसूचित किया गया था। इस संबंध में विधेयक 15 महीने पहले ही विधानसभा में पारित हो चुका था। साल 2019 के विधेयक को भी 2006 के एक कानून की जगह लेने के लिए लाया गया था, जिसमें कम सजा का प्रावधान था। नए संशोधन विधेयक में बलपूर्वक धर्मांतरण के लिए कारावास की सजा को सात साल से बढ़ाकर अधिकतम 10 साल तक करने का प्रस्ताव है। विधेयक में प्रावधान प्रस्तावित है कि कानून के तहत की गई शिकायतों की जांच उप निरीक्षक से नीचे के दर्जे का कोई पुलिस अधिकारी नहीं करेगा। इस मामले में मुकदमा सत्र अदालत में चलेगा।

## क्विक न्यूज

### सिख कैदियों की रिहाई की मांग को लेकर एसजीपीसी ने किया प्रदर्शन

**अमृतसर।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने सजा की अवधि पूरी कर चुके सिख कैदियों को जेल से रिहा करने की मांग करते हुए यहां शनिवार को प्रदर्शन किया। इस संबंध में उपायुक्त को एक ज्ञापन भी सौंपा गया। एसजीपीसी प्रमुख हरजिंदर सिंह धामी के नेतृत्व में आज सुबह, बड़ी संख्या में एसजीपीसी के सदस्यों और कर्मचारियों ने स्वर्ण मंदिर के बाहर गोल्डन प्लाजा से एक विरोध मार्च निकाला। प्रदर्शनकारियों ने काली पगड़ी बांधी हुई थी और बंदी सिखों को तत्काल रिहा करने की मांग को लेकर तख्तियां ले रखी थी। शहर के विभिन्न हिस्सों से होते हुए मार्च उपायुक्त कार्यालय पहुंचा, जहां उपायुक्त की ओर से सब डिविजनल मजिस्ट्रेट ने एक ज्ञापन स्वीकार किया। एसजीपीसी सचिव कुलविंदर सिंह रामदास ने कहा कि ज्ञापन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित किया गया है। धामी ने कहा कि एसजीपीसी ने प्रदर्शन करने का निर्णय 10 अगस्त को लिया था। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के लिए बलिदान देने वालों में से 80 प्रतिशत से ज्यादा सिख थे लेकिन उन्हें पिछले 75 साल से नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा, बंदी सिख पिछले तीस साल से जेल में बंद है जहां वे अपनी उम्रकैद से ज्यादा सजा काट चुके है।

### गुप्ता होंगे राजस्थान के नए मुख्य निर्वाचन आयुक्त

**जयपुर।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी मधुकर गुप्ता को राज्य का नया मुख्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया गया है। राज्यपाल कलराज मिश्र ने शनिवार को इस आशय के आदेश जारी किए। एक सरकारी बयान के अनुसार, राज्यपाल कलराज मिश्र ने एक आदेश जारी कर भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी मधुकर गुप्ता को राज्य के मुख्य निर्वाचन आयुक्त के पद पर नियुक्ति प्रदान की है। इसके अनुसार, गुप्ता की नियुक्ति पांच साल के लिए अथवा 65 साल की आयु, जो भी पहले हो के लिए की गई है।

### बिहार के सारण जिले में जहरीली शराब पीने से सात लोगों की मौत

**सारण (बिहार)।** बिहार के सारण जिले में कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से पिछले तीन दिन में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। गौरतलब है कि पिछले सप्ताह इसी जिले में शराब पीने से 11 लोगों की मौत हो गई थी और कई लोग बीमार हो गए थे। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने कहा, मसुधी इलाके में 10 अगस्त से अब तक सात लोगों की मौत हो चुकी है। ग्रामीणों का दावा है कि इन लोगों ने जहरीली शराब पी थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के कारणों के बारे में पता चल सकता है। कुमार ने बताया कि शराब बेचने वाले संदिग्धों को पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही है। पिछले सप्ताह की घटना मेकर थाना अंतर्गत आने वाली फुलवरिया पंचायत की है। इस मामले में थाने के प्रभारी और स्थानीय चौकीदार को निलंबित कर दिया गया है। बिहार सरकार ने अप्रैल 2016 में शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया था। लेकिन, पिछले साल नवंबर के बाद से राज्य में जहरीली शराब से जुड़ी कई घटनाएं हुईं जिनमें 60 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

### गडकरी और फड़णवीस ने भाजपा की महाराष्ट्र इकाई का अध्यक्ष बनने पर चंद्रशेखर बावनकुले की तारीफ की

**नागपुर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता चंद्रशेखर बावनकुले को पार्टी की महाराष्ट्र इकाई का नया अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने उनका अभिनंदन किया। शुक्रवार को यहां एक अभिनंदन समारोह में गडकरी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है जहां वे अपने कठिन परिश्रम से शीर्ष तक पहुंच सकते है, यह ऐसी इकाई नही है जहां मुख्यमंत्री का बेटा ही मुख्यमंत्री बनता है। उन्होंने कहा कि किसी नेता की संतान होना कोई गुनाह नही है लेकिन व्यक्ति को पार्टी में पद पाने के लिए विशेषताएं दिखाने की जरूरत होती है। पिछली देवेंद्र फड़णवीस सरकार में ऊर्जा मंत्री के तौर पर बावनकुले के कामों की तारीफ करते हुए गडकरी ने कहा कि नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष तब निराश नही हुए जब उन्हे 2019 के विधानसभा चुनाव में टिकट नही मिला था। उन्होंने कहा कि वह पार्टी के लिए काम करते रहे , फिर उन्हे पुरस्कृत किया गया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वह कामना करते है कि बावनकुले को पार्टी में और पदोन्नतियां मिलती रहें। उन्होंने हंसी के अंदाज में यह भी कहा कि लेकिन इसका यह मतलब यह नही है कि वह चाहते है कि बावनकुले मुख्यमंत्री बनें। गडकरी ने कहा, उस स्थिति में, मीडिया मेरे बयान को तोड़-मरोड़ देगा और कहेगा कि मै फड़णवीस को एक संदेश दे रहा हूं।

# विपक्ष ने रिक्त बिना ही प्रधानमंत्री पद के दो दर्जन उम्मीदवारों की प्रतीक्षा सूची बना ली है: नकवी

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने शनिवार को विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि उसने रिक्त बिना ही प्रधानमंत्री पद के लिए दो दर्जन उम्मीदवारों की सूची तैयार कर ली है। उत्तर प्रदेश के रामपुर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नकवी ने कहा कि जिन लोगों को मोदी फोबिया की राजनीतिक बीमारी है , वे जल्द खत्म हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि निराशावादी राजनीतिक खिलाड़ियों की मुद्रा और ढोंग कभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कड़ी मेहनत और ईमानदारी को नहीं हरा सकती।

नकवी ने विपक्षी दलों को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि विपक्ष ने पहले ही प्रधानमंत्री पद के दो दर्जन प्रत्याशियों की प्रतीक्षा सूची बना ली है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने इसे रिक्ति के



बिना महत्वकांक्षा करार दिया। नकवी ने कहा कि तमाम राजनीतिक असहिष्णुता और फर्जी आरोपों के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी लगातार और कर्मठता से समावेशी सशक्तिकरण की प्रतिबद्धता की दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी के लिए देश की सुरक्षा और सम्मान राष्ट्रनीति है जबकि प्रत्एक जरूरमंद का कल्याण राष्ट्रधर्म है।

## पीएम मोदी की मां ने बांटे तिरंगे, हर घर तिरंगा अभियान में हुईं शामिल


**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीरा बा ने गांधीनगर स्थित अपने आवास पर शनिवार को बच्चों को राष्ट्रीय ध्वज बांटे और हर घर तिरंगा अभियान में शामिल हुईं। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने गांधीनगर में चिल्ड्रेन्स यूनिवर्सिटी में सौ फुट ऊंचे ध्वज स्तंभ पर विशाल तिरंगा फहरा कर आजादी के 75 वर्ष के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत की। एक सरकारी बयान के अनुसार इस अभियान के तहत हीरा बा ने अपने आवास पर बच्चों को राष्ट्रीय ध्वज दिए और उनके साथ तिरंगा लहराया। हीरा बा प्रधानमंत्री मोदी के छोटे भाई पंकज मोदी के साथ रहती हैं। राज्य में विभिन्न स्थानों में तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें भारतीय जनता पार्टी के विधायकों और मंत्रियों ने लोगों के साथ भाग लिया। इससे पहले दिन में भाजपा की राज्य इकाई के प्रमुख सी आर पाटिल मेहसाणा जिले में विजापुर में सात किलोमीटर लंबी रैली में शामिल हुए।

# वीरभद्र प्रताप सिंह की मौत की जांच का आदेश देने में कोई परेशानी नहीः मुख्यमंत्री बघेल

**भाषा।** रायपुर

**छत्तीसगढ़ के** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार को मंत्री टीएस सिंहदेव के रिश्तेदार वीरभद्र प्रताप सिंह की मौत की जांच का आदेश देने में कोई परेशानी नहीं है। सरगुजा जिले के लुंड्रा जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष वीरभद्र प्रताप सिंह उर्फ सचिन बाबा (42) का शव शुक्रवार को बिलासपुर जिले में रेल पटरी के पास से बरामद हुआ था। पुलिस को संदेह है कि वह दुर्ग-अंबिकापुर एक्सप्रेस में यात्रा के दौरान दुर्घटनावश रेलगाड़ी से गिर गए होंगे। राज्य के मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी ने घटना की न्यायिक जांच की मांग करते हुए सिंह की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में होने का आरोप लगाया है।

भाजपा द्वारा मामले की न्यायिक जांच की मांग के संबंध में सवाल करने पर बघेल ने यहां संवाददाताओं से कहा, कल मेरी टीएस सिंहदेव जी से (घटना



को लेकर) बात हुई थी। उन्होंने इस प्रकार से कोई शंका जाहिर नहीं की। यदि परिवार (सिंह के) के लोग चाहते हैं, तो हमें घटना की जांच कराने में कोई परेशानी नहीं है। वीरभद्र प्रताप सिंह सरगुजा राजपरिवार की धौरपुर शाखा के प्रमुख सदस्य थे। वे स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंहदेव के करीब रिश्तेदार सोमेश्वर प्रताप सिंह के पुत्र थे। बिलासपुर जिले की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पारूल माथुर ने बताया था कि वीरभद्र प्रताप सिंह बृहस्पतिवार को दुर्ग-अंबिकापुर एक्सप्रेस ट्रेन से अम्बिकापुर लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि जिस स्थान पर उनका शव बरामद हुआ है वहां से ट्रेन रात एक बजे के आसपास गुजरती है। माथुर ने कहा था कि पुलिस को आशंका है कि वीरभद्र दुर्घटनावश ट्रेन से गिर गए जिससे उनकी मृत्यु हुई है। वहीं, राज्य के मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी ने मामले की न्यायिक जांच की मांग की है। भाजपा की छत्तीसगढ़ इकाई के मुख्य प्रवक्ता और विधायक अजय चंद्राकर ने एक बयान में स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव के रिश्तेदार की ट्रेन से गिरकर हुई मौत को संदिग्ध बताया है और आशंका जताई है कि यह राजनीतिक हत्या का मामला हो सकता है। चंद्राकर ने कहा है कि सचिन पूर्व में कांग्रेस विधायक पर हुए हमले के मामले में गिरफ्तार हुए थे। उन्होंने मांग की है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल इस मामले की तत्काल न्यायिक जांच के आदेश जारी कर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश से उच्च स्तरीय जांच कराएं।



एनडीआरएफ की टीम आसाम के सोनितपुर में नाव से तिरंगा यात्रा निकालती हुई

## उत्तरी कमान के कमांडर ने कश्मीर में नियंत्रण रेखा से लगे इलाकों की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की

**भाषा।** श्रीनगर

**सेना की** उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शनिवार को कश्मीर में नियंत्रण रेखा से लगे इलाके में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की और मजबूत घुसपैठ रोधी तंत्र बनाए रखने के लिए सुरक्षा बलों की सराहना की। सेना की उत्तरी कमान ने ट्वीट किया, उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने नियंत्रण रेखा से लगे कश्मीर के अग्रिम क्षेत्रों का दौरा किया और सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। इसमें कहा गया है कि लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी ने नियंत्रण रेखा की गरिमा बनाए रखने के लिए सेना के जवानों के पेशेवर रवैए की सराहना की।

# मेघालय के मुख्यमंत्री दिल्ली की कठपुतली: टीएमसी नेता मुकुल संगमा

**भाषा।** मावशिनरुत

**मेघालय की** सत्तारूढ़ नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) द्वारा अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में अकेले उतरने की घोषणा किए जाने के बाद विपक्ष के नेता मुकुल संगमा ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री कोनराड के. संगमा दिल्ली द्वारा नियुक्त कठपुतली हैं। कोनराड संगमा एनपीपी के अध्यक्ष भी हैं और वह गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं, जिसमें भाजपा एक घटक है।

मुकुल संगमा ने शुक्रवार को वेस्ट खासी हिल्स जिले के मावशिनरुत कस्बे में पार्टी की एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा, एनपीपी के नेतृत्व वाली एमडीए सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह द्वारा स्थापित की गई है। मुख्यमंत्री कोनराड संगमा दिल्ली द्वारा नियुक्त कठपुतली मात्र हैं। मेघालय में 2018 के विधानसभा चुनाव में किसी दल को बहुमत नहीं मिला था। इसमें कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी थी और सीट संख्या के मामले में यह केंद्र और मणिपुर में भाजपा की सहयोगी एनपीपी से थोड़ा आगे थी। बाद में, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कई अन्य दलों ने मेघालय डेमोक्रेटिक अलायंस (एमडीए) नाम से गठबंधन बनाकर राज्य में सरकार बनाई थी।

पूर्व मुख्यमंत्री मुकुल संगमा 11 अन्य कांग्रेस विधायकों के साथ पिछले साल तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में शामिल हो गए थे। उन्होंने दावा किया कि शाह ने कोनराड संगमा को भाजपा शासित असम के साथ सीमा समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए राजी किया। मुकुल संगमा ने कहा, अब, एनपीपी कह रही है कि वह भाजपा के साथ गठबंधन तोड़ देगी और 2023 का चुनाव अकेले लड़ेगी। एनपीपी ने शुक्रवार को घोषणा की थी कि वह अगले विधानसभा चुनाव में अकेले मैदान में उतरेगी। टीएमसी नेता ने कहा, हमें अपने लोगों, अपनी जनजातियों, अपनी संस्कृति, अपने बच्चों और अपनी आने वाली पीढ़ियों के हितों की रक्षा के लिए मिलकर काम करना चाहिए। वर्तमान सरकार हमारी पहचान की विशिष्टता को बनाए रखने में अक्षम है।


## महाराष्ट्र में मंत्रियों को जल्द प्रभार आवंटित किए जाएंगे: फडणवीस



**नागपुर।** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को कहा कि राज्य में नव नियुक्त मंत्रियों को जल्द उनके विभाग सौंपे जाएंगे। उन्होंने इसके साथ ही भरोसा दिलाया कि सरकार भारी बारिश की वजह से फसलों को हुए नुकसान के लिए राज्य के किसानों को जल्द ही मुआवजा देगी। यहां हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से बातचीत करते हुए फडणवीस ने चंद्रशेखर बावनकुले को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महाराष्ट्र इकाई का अध्यक्ष नियुक्त होने पर बधाई भी दी। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा, नए मंत्रियों को जल्द ही प्रभार सौंपे जाएंगे। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मंगलवार को अपने दो सदस्ईय मंत्रिमंडल का विस्तार किया था। उन्होंने मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के 41 दिनों के बाद 18 मंत्रियों को अपने मंत्रिमंडल में शामिल किया। नए मंत्रियों में नौ शिवसेना के बागी गुट के जबकि नौ भाजपा के हैं।

# यूएनओ महासचिव ने रुश्दी पर हमले को बताया अनुचित

भाषा। न्यूयॉर्क (अमेरिका)



**संयुक्त राष्ट्र** महासचिव एंतोनियो गुतारेस लेखक सलमान रुश्दी पर हुए हमले के बारे में जानकर स्तब्ध हैं। साथ ही गुतारेस ने कहा कि राय जाहिर करने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का इस्तेमाल करते हुए बोले गए या लिखे गए शब्दों की प्रतिक्रिया में हिंसा किसी भी प्रकार से उचित नहीं है। उनके प्रवक्ता ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा, प्रसिद्ध लेखक सलमान रुश्दी पर हमले के बारे में जानकर महासचिव स्तब्ध हैं। गुतारेस ने रुश्दी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए कहा, विचार व्यक्त करने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का इस्तेमाल करते हुए बोले गए या लिखे गए शब्दों की प्रतिक्रिया में हिंसा किसी भी प्रकार से ठीक नहीं है। न्यूयॉर्क टाइम्स (एनवाईटी) ने बताया कि रुश्दी के एजेंट एंड्रयू वायली के अनुसार, लेखक वेंटिलेटर पर हैं। वायली ने एनवाईटी को दिए एक बयान में कहा, खबर अच्छी नहीं है। सलमान की एक आंख खोने की आशंका है, उनकी बांह की नसें कट गई हैं और उनका लीवर क्षतिग्रस्त हो गया है। मुंबई में जन्मे रुश्दी को द सैटेनिक वर्सेज लिखने के बाद वर्षों तक इस्लामी चरमपंथियों से मौत की धमकियां मिलीं। उन्हें न्यूजर्सी के 24 वर्षीय निवासी ने पश्चिमी न्यूयॉर्क में एक कार्यक्रम में चाकू मार दिया था। न्यूयॉर्क राज्य पुलिस के मेजर यूजीन स्टैनिजेव्स्की ने शुक्रवार शाम एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि फेयरव्यू, न्यूजर्सी के हादी मतार की पहचान संदिग्ध के रूप में हुई है। रुश्दी (75) जब चौटाउक्वा इंस्टीट्यूशन में मंच पर थे, तभी उनकी गर्दन पर चाकू घोंपा गया था। स्टैनिजेव्स्की ने कहा कि आपातकालीन चिकित्सा कर्मियों के घटनास्थल पर पहुंचने तक रुश्दी का वहां कार्यक्रम में मौजूद एक डॉक्टर ने तुरंत प्राथमिक उपचार शुरू किया। इसके बाद लेखक को स्थानीय ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया जहां उनकी सर्जरी चल रही है। मतार की राष्ट्रीयता के बारे में एक सवाल के जवाब में स्टैनिजेव्स्की ने कहा, मुझे अब तक इसकी जानकारी नहीं है। स्टैनिजेव्स्की ने कहा, हम जानकारी प्राप्त करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी तलाशी वारंट प्राप्त करने की प्रक्रिया में हैं। घटनास्थल से एक बैग बरामद हुआ था। विद्युत उपकरण भी थे। यह माना जा रहा है कि संदिग्ध ने अकेले घटना को अंजाम दिया था। स्टैनिजेव्स्की ने कहा कि हमले का मकसद जानने के लिए हम एफबीआई, शेरिफ कार्यालय के साथ काम कर रहे हैं। रुश्दी चौटाउक्वा में एक विशेष कार्यक्रम में व्याख्यान देने वाले थे। रुश्दी के साथ हेनरी रीज भी थे जो पिट्सबर्ग गैर लाभकारी सिटी ऑफ असाइलम के संस्थापक हैं। सिटी ऑफ असाइलम हमले की धमकी का सामना करने के बाद निर्वासन में रह रहे लेखकों के लिए दुनिया का सबसे बड़ा आवासीय कार्यक्रम है। स्टैनिजेव्स्की ने कहा कि स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 10 बजकर 47 मिनट पर रुश्दी और रीज (73) कार्यक्रम के लिए चौटाउक्वा इंस्टीट्यूशन में मंच पर आए थे। उन्होंने बताया, इसके तुरंत बाद संदिग्ध मंच पर गया और रुश्दी पर हमला किया, उनकी गर्दन पर और पेट

### सलमान रुश्दी ने एकबार अपने आसपास बहुत अधिक सुरक्षा की शिकायत की थीः खबर

**न्यूयार्क।** न्यूयार्क मे शुक्रवार को हमले का शिकार हुए मशहूर लेखक सलमान रुश्दी ने पूर्व मे एक बार इस बात को लेकर शिकायत की थी की उनके आसपास बहुत अधिक सुरक्षा है। मीडिया मे शनिवार को इस आशय की खबर आई। मुंबई मे पैदा हुए और बुकर पुरस्कार से सम्मानित रुश्दी (75) पश्चिमी न्यूयॉर्क के चौटाउक्वा संस्थान मे शुक्रवार को एक कार्यक्रम के दौरान अपना व्याख्यान शुरू करने वाले ही थे कि तभी हदी मतार नामक व्यक्ति ने चाकू से उन पर हमला कर दिया। उनकी गर्दन पर चोट आई है। रुश्दी के विरूद्ध उन पुस्तक द सैटेनिक वर्सेज को लेकर मौत का फतवा जारी किया गया था। खून से लथपथ रुश्दी को उत्तर पश्चिमी पेन्सिल्वेनिया के एक अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी सर्जरी हुई। न्यूयार्क पोस्ट की खबर के अनुसार 2001 मे रुश्दी ने अपने आसपास बहुत अधिक सुरक्षा की शिकायत की थी। इस अखबार के अनुसार प्राग राइटर्स फेस्टिवल मे उन्होंने संवाददाताओ से कहा था, ..अपने आसपास बहुत अधिक सुरक्षा सुरक्षा देखकर थोड़ा असहज महसूस होता है.... मुझे लगा कि यह वाकई अनावश्यक है और एक प्रकार की ज्यादती है तथा निश्चित ही मेरे अनुरोध पर ऐसा नही किया गया है।

### हमला भयावह : अमेरिका के एनएसए सुलिवन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेम्स सुलिव×न ने कहा है कि मशहूर लेखक सलमान रुश्दी पर जानलेवा हमले की कोशिश भयावह एवं निंदनीय है। बुकर पुरस्कार से सम्मानित रुश्दी (75) शुक्रवार को पश्चिमी न्यूयॉर्क के चौटाउक्वा संस्थान मे एक कार्यक्रम के दौरान अपना व्याख्यान शुरू करने वाले ही थे कि तभी एक व्यक्ति मंच पर चढ़ा और रुश्दी को घूंसे मारे और चाकू से उन पर हमला कर दिया। रुश्दी की गर्दन पर चोट आई है। उस समय कार्यक्रम मे उनका परिचय दिया जा रहा था। खून से लथपथ रुश्दी को उत्तर पश्चिमी पेन्सिल्वेनिया के एक अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी सर्जरी हुई।

## ईरान में लोग सराह रहे हैं तो चिंता भी जता रहे

**तेहरान।** ईरानियों ने मशहूर उपन्यासकार सलमान रुश्दी पर हुए हमले को लेकर मिश्रित प्रतिक्रिया दी है। रुश्दी की पुस्तक द सैटेनिक वर्सेज को लेकर ईरान के तत्कालीन (अब दिवंगत) सर्वोच्च धार्मिक नेता अयातुल्ला रूहोल्लाह खमनेई ने उन्हें (रुश्दी को) मौत की सजा का फतवा जारी किया। वैसे अबतक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि हमलावर हदी मतार ने लेखक पर क्यों हमला किया। रुश्दी जब शुक्रवार को न्यूयार्क में एक कार्यक्रम में अपना संबोधन शुरू करने वाले थे, तब उसने उनपर हमला किया था। ईरान की सरकार एवं उसकी सरकारी मीडिया ने इस हमले का कोई मकसद नहीं बताया है।

**सार्वजनिक सूचना**

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री कमलेश गुप्ता पुत्र श्री किशोरी लाल गुप्ता, संपत्ति प्लाट संख्या 135, क्षेत्रफल 100 वर्ग गज, खसरा नंबर 640, स्थित अंजलि विहार, ग्राम लोनी परगना व तहसील लोनी जनपद गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, मूल बिक्री विलेख दिनांक 02.05.2022 पंजीकृत द्वारा प्रपत्र संख्या 6890 के द्वारा मालिक है। उपरोक्त संपत्ति, मेसर्स न्यू हैबिटेट हाउसिंग फाइनेंस एंड डेवलपमेंट लिमिटेड द्वारा वित्तपोषित व बंधक प्रस्तावित है। उपरोक्त संपत्ति के स्वामित्व सम्बंधित मूल दस्तावेज बिक्री विलेख दिनांक 12.10.2000 पंजीकृत द्वारा प्रपत्र संख्या 1278 और बिक्री विलेख संख्या दिनांक 06.02.2013 पंजीकृत द्वारा प्रपत्र संख्या 5402 कहीं खो गए हैं। इस सन्दर्भ में उत्तर प्रदेश पुलिस को सुचना दिनांक 06.04.2022 को एनसीआर एल0ऐ0आर0 नंबर 20220000148193 को दर्ज करवाई गई है। यदि मूल बिक्री विलेख किसी भी व्यक्ति के कब्जे में पाया जाता है तो कृपया संपत्ति दस्तावेजों के साथ हमें इस नोटिस की तारीख से 14 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें। ऐसा न करने पर, उपरोक्त बिक्री विलेख के अनुसार विषय संपत्ति के संबंध में दावा अमान्य माना जायेगा।

राघव तिवारी (अधिवक्ता)
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.: +8076188328

**LOST & FOUND**

I, Krishan Sharma S/o. Man Chand R/o. 11 Wood Villa 2nd Avenue, Bandh Road. Our Director was Carrying Property Documents with Him While Carrying the Documents He Met with an Accident and Property Documents Got Misplace. The Property Document Was Acknowledge with Address Property Name M3m Office No. 412, 414 Address:- 4th Floor, Cosmopolitan Complex, Golf Course Road, Sec-66, Gurugram, Second Property Name Pioner Urban Estate Address:- D-104 Sec-62, First Floor, Gurugram, Founder May Cont:- 95559 08834.

## हिमालय फूड इंटरनैशनल लिमिटेड

पंजी. कार्यालय : 118, प्रथम तल, 12 गगनदीप बिल्डिंग, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली–110008
फोन : +91 11 45108609, फैक्स : +91 1704 225178
ई–मेल आईडी : cs@himalyainternational.com, वेबसाइट : www.himalyafoodcompany.com

30 जून, 2022 को समाप्त तिमाही हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण

राशि लाख रू. में

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 30–06–2022 (अलेखापरीक्षित) | वर्ष समाप्त 31–03–2022 (लेखापरीक्षित) | तिमाही समाप्त 30–06–2021 (अलेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | परिचालन से कुल आय | 1626.96 | 6459.32 | 1328.32 |
| 2. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ (कर तथा अपवाद मदों से पूर्व) | 374.85 | 1137.43 | 64.67 |
| 3. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ, कर से पूर्व (अपवाद मदों के बाद) | -275.15 | 9492.32 | 64.67 |
| 4. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ, कर पश्चात (अपवाद मदों के बाद) | -275.15 | 9524.32 | 64.67 |
| 5. | अवधि हेतु कुल समावेशी आय खजिसमें अवधि हेतु लाभ (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित हैं, | -275.15 | 9524.32 | 64.67 |
| 6. | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी अंकित मूल्य रू. 10/– प्रति शेयर | 5787.29 | 5787.29 | 5787.29 |
| 7. | प्रति शेयर अर्जन (क) मूल (रू.) में | -0.48 | 16.46 | 0.11 |
| | (ख) तनुकृत (रू.) में | -0.48 | 16.46 | 0.11 |

नोट्स :–

1. 30 जून, 2022 को समाप्त तिमाही हेतु वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा पुनरीक्षित किए गए थे और उसके बाद निदेशक मंडल द्वारा 13 अगस्त, 2022 को आयोजित उनकी बैठक में अनुमोदित किए गए थे। कम्पनी के सांविधिक लेखापरीक्षक ने उक्त वित्तीय परिणामों का सीमित पुनरीक्षण किया है।
2. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट (www.bseindia.com) तथा कम्पनी की वेबसाइट : (www.himalyafoodcompany.com) पर उपलब्ध है।

*परिचालन व्यय में खपत किया गया कच्चा माल, पैकिंग, मजदूरी, बिजली और ईंधन शामिल है।
**जी एवं एसए. (भारत एवं यूएसए के सामान्य, बिक्री एवं प्रशासनिक व्यय, जिसमें लॉजिस्टिक लागत सम्मिलित है)।
***प्रथम तिमाही 2022–23 के दौरान कम्पनी के गुजरात प्लान्ट में आग लग गई थी। लगभग रू. 16.5 करोड़ का स्टॉक जल गया है। कम्पनी आग के कारण स्टॉक की क्षति के संबंध में लगभग रू. 10 करोड़ का बीमा दावा मिलने की आशा कर रही है। बीमा कम्पनी द्वारा नियुक्त एजेन्सीज द्वारा भवन और प्लाण्ट एवं मशीनरी को हुई क्षति की रिपोर्ट अभी प्रस्तुत की जानी है। प्रथम तिमाही 2022–23 में प्रभारित मूल्यह्रास आग से पहले के पुराने खंड पर है।

बोर्ड के आदेश द्वारा
वास्ते हिमालय फूड इंटरनैशनल लिमिटेड
हस्ता./–
मन मोहन मलिक
प्रबंध निदेशक

तिथि : 13–08–2022
स्थान : पाओन्टा साहिब

# मोंटेनेग्रो में बंदूकधारी ने 10 लोगों को गोली मारी

भाषा। सेटिंजे (मोंटेनेग्रो)

**दक्षिण पूर्वी** यूरोप के देश मोंटेनेग्रो के पश्चिमी शहर की सड़कों पर शुक्रवार को एक व्यक्ति ने ताबड़तोड़ गोलीबारी की, जिसमें दो बच्चों सहित 10 लोगों की मौत हो गई। इसके बाद एक राहगीर ने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मोंटेनेग्रो के पुलिस प्रमुख ज़ोरान ब्रजनिन ने मीडिया के साथ साझा किए गए एक वीडियो बयान में बताया कि हमलावर 34 वर्षीय व्यक्ति था जिसकी पहचान केवल उसके नाम के शुरुआती दो अक्षर वीबी से की गई। ब्रजनिन ने बताया कि संदिग्ध ने पहले आठ और 11 साल की उम्र के दो बच्चों और उनकी मां को राइफल से गोली मार दी जो सेंटिजा के मेडोविना इलाका स्थित हमलावर के मकान में किराएदार के तौर पर रहती थी।

### दक्षिणी मिस्र में सड़क हादसा, नौ लोगों की मौत, 18 घायल

**काहिरा।** दक्षिण मिस्र में एक बस के पलट जाने से कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई जबकि 18 अन्य घायल हुए हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रांतीय अधिकारियों ने यहां जारी बयान में बताया कि हादसा शुक्रवार को उस समय हुआ जब काहिरा से 273 किलोमीटर दूर मिन्या सूबे में राजमर्ग पर बस टायर फटने की वजह से पलट गई। बयान के मुताबिक, बस सोहाग प्रांत से काहिरा जा रही थी। घटना के बाद मौके पर पहुंची एंबुलेंस से घायलों को मिन्या के अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

### ब्रिटेन में सुनक का समर्थन कर रहे मंत्री ने बदला पाला

**लंदन।** ब्रिटेन में प्रधानमंत्री पद की दौड़ में ऋषि सुनक का समर्थन कर रहे एक वरिष्ठ मंत्री ने शनिवार को पाला बदल लिया और विदेश मंत्री लिज ट्रस के खेमे में शामिल हो गए। इसके साथ ही, सर रॉबर्ट बकलैंड पाला बदलने वाले प्रथम हाई प्रोफाइल मंत्री हो गए हैं। बकलैंड ने द डेली टेलीग्राफ में कहा है कि उनका मानना है कि ट्रस देश को आगे ले जाने वाली सही शख्स हैं ।

## भारत में होने वाले एससीओ आतंकवाद–रोधी अभ्यास में हिस्सा लेगा पाकिस्तान : विदेश कार्यालय

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** द्विपक्षीय संबंधों में खटास के बावजूद अक्टूबर में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के तहत भारत की मेजबानी में होने वाले आतंकवाद–रोधी अभ्यास में हिस्सा लेगा। मीडिया की एक रिपोर्ट में शनिवार को यह जानकारी दी गई। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तानी और भारतीय सैन्य टुकड़ियों ने एक साथ आतंकवाद–रोधी अभ्यासों में हिस्सा लिया है, लेकिन यह पहली बार होगा, जब पाकिस्तान भारत में इस तरह के अभ्यास में हिस्सा लेगा। अखबार ने शुक्रवार को पाकिस्तान के विदेश कार्यालय के प्रवक्ता असीम इफ्तिखार के हवाले से कहा कि पाकिस्तान एससीओ के क्षेत्रीय आतंकवाद–रोधी ढांचे (आरएटीएस) के तहत इस साल अक्टूबर में होने वाले अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद–रोधी अभ्यास में हिस्सा लेगा।

# यूक्रेन के मंत्री ने रूस पर दवाओं की आपूर्ति बाधित करने का आरोप लगाया

भाषा। कीव

**यूक्रेन के** स्वास्थ्य मंत्री ने रूस पर उसके कब्जे वाले क्षेत्रों में किफायती दवाओं की आपूर्ति बाधित करने का आरोप लगाया है। उन्होंने इसे मानवता के खिलाफ अपराध करार दिया है। एसोसिएटेड प्रेस के साथ साक्षात्कार में यूक्रेन के स्वास्थ्य मंत्री विक्टर लियाश्को ने कहा कि रूसी अधिकारियों ने कब्जे वाले शहरों, कस्बों और गांवों में लोगों को सरकार की सब्सिडी वाली दवाएं उपलब्ध कराने के प्रयासों को अवरुद्ध किया है। लियाश्को ने कहा, युद्ध के पूरे छह महीनों के दौरान रूस ने मानवीय गलियारों को अनुमति नहीं दी है, जिससे हमे जरूरतमंद रोगियों को दवाएं उपलब्ध कराने में रूकावट आ रही है। हम मानते हैं कि ए कदम रूस द्वारा जानबूझ कर उठाया जा रहा है और हम इसे मानवता के खिलाफ अपराध और युद्ध अपराध मानते हैं। यूक्रेन की सरकार एक विशेष कार्यक्रम के तहत कैंसर और अन्य जटिल रोगों से जूझ रहे लोगों को दवाएं प्रदान करती है।



यूक्रेन से बारह हजार टन कार्न लेकर निकला टर्की व यूनए का जहाज

## राठी बार्स लिमिटेड

सीआईएन नंबर : एल74899डीएल1993पीएलसी054781
पंजी. कार्यालय : ए–24/7, मोहन को–आपरेटिव इंड. एस्टेट, नई दिल्ली–110017
फोन : 91 – 11 – 42760373 वेबसाइट : www.rathisteels.com
ई–मेल : rathibars@hotmail.com

30 जून, 2022 को समाप्त तिमाही हेतु पृथक्कृत अलेखापरीक्षित परिणामों विवरण

(रू. लाख में)

| | विवरण | तिमाही समाप्त 6/30/2022 (अलेखापरीक्षित) | तिमाही समाप्त 3/31/2022 (अलेखापरीक्षित) | तिमाही समाप्त 6/30/2021 (अलेखापरीक्षित) | वर्ष समाप्त 3/31/2022 (लेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परिचालन से कुल आय | 12,906.73 | 13,787.42 | 10,383.46 | 49,392.66 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/हानि (कर पूर्व) | 96.97 | 94.92 | 44.19 | 317.48 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/हानि (कर पश्चात) | | | | 285.37 |
| 4 | कुल समावेशी आय | 96.97 | 94.92 | 44.19 | 285.37 |
| 5 | इक्विटी शेयर पूंजी | 1,633.04 | 1,633.04 | 1,633.04 | 1,633.04 |
| 6 | संचेय (पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर) | | | | 7,144.18 |
| 7 | प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/– प्रत्येक का) | | | | |
| | मूल : | 0.59 | 0.58 | 0.27 | 1.75 |
| | तनुकृत : | 0.59 | 0.58 | 0.27 | 1.75 |

*वार्षिककृत नहीं

1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व एवं अन्य प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 44 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट नामतः www.bseindia.com पर तथा कम्पनी की वेबसाइट www.rathisteels.com पर भी उपलब्ध है।
2. कम्पनी एम.एस. बार्स और अन्य उत्पादों जैसेकि एम.एस. बिलेट्स के विनिर्माण के व्यवसाय में है, अतः आईएनडी–एएस 108 के अनुसार केवल एक प्रतिवेदनीय प्रचालन खण्ड है।
3. कम्पनी इसकी आस्तियों के निर्वहन मूल्य की बहाली और इसके वित्तीय दायित्वों की पूर्ति की इसकी योग्यता पर कोविड–19 के किसी दीर्घकालिक प्रतिकूल प्रभाव की आशा नहीं करती है।
4. कम्पनी के पास उपरोक्त अवधियों के दौरान रिपोर्ट करने हेतु कोई अपवाद और असाधारण मद नहीं है।
5. कम्पनी ने उपरोक्त अवधियों के दौरान इसका कोई भी प्रचालन बंद नहीं किया है।
6. कर व्यय/कराधान हेतु प्रावधान केवल वार्षिक आधार पर किया गया है।
7. पूर्व वर्ष/तिमाहियों के आंकड़े, जहां आवश्यक महसूस किया गया है, पुनर्–व्यवस्थित/पुनर्–समूहित किए गए हैं।

बोर्ड के आदेश द्वारा
वास्ते राठी बार्स लिमिटेड
हस्ता./–
उद्धव राठी
(पूर्णकालिक निदेशक और सीएफओ)
डीआईएन : 06604905

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 13–08–2022

### एडीआईए समूह को आईआईएफएल होम में परोक्ष अधिग्रहण की मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने अबु धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी (एडीआईए) को आईआईएफएल होम मे हिस्सेदारी के परोक्ष ढंग से अधिग्रहण की मंजूरी दे दी है। प्रस्तावित लेनदेन आईआईएफएल होम फाइनेंस मे 20 फीसदी तक हिस्सेदारी के प्लेटिनम ऑउल सी 2018 आरएससी लिमिटेड द्वारा अधिग्रहण से संबंधित है। प्लेटिनम ऑउल प्लेटिनम जैस्मीन ट्रस्ट की कार्यवाहक न्यासी है। वही एडीआईए प्लेटिनम जैस्मीन ट्रस्ट के लिए इकलौती लाभार्थी है। सीसीआई ने शुक्रवार को एक ट्वीट मे कहा कि उसने एडीआईए समूह द्वारा आईआईएफएल होम में हिस्सेदारी के अप्रत्यक्ष अधिग्रहण को मंजूरी दी है।

### एवलॉन ने सेबी के पास डीआरएचपी फाइल किया

**मुंबई।** देश की अग्रणी इंटीग्रेटेड इलेक्ट्रॉनिक मैन्यूफेक्चरिंग सर्विसेज (ईएमएस) कंपनियों में से एक, एवलॉन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये 1,025 करोड़ रुपये जुटाने के लिए बाजार नियामक सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) जमा किया हैं। डीआरएचपी के अनुसार आईपीओ के तहत 400 करोड़ रुपये के नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे तथा सेलिंग शेयरहोल्डर्स द्वारा 625 करोड़ रुपए तक का ऑफर फॉर सेल भी शामिल किया गया है।। वित्तीय वर्ष 2022 तक इसका संचालन से राजस्व 840 करोड़ रुपए रहा तथा 30 जून 2022 के अनुसार कंपनी की ऑर्डर बुक 1,039 करोड़ रुपए की थी।

### आर के त्यागी ने पावरग्रिड में निदेशक (परिचालन) का पदभार संभाला

**नई दिल्ली।** सरकारी स्वामित्व वाली पावरग्रिड कॉरपोरेशन ने शनिवार को कहा कि आर के त्यागी ने निदेशक (परिचालन) के रूप मे पदभार संभाल लिया है। कंपनी ने बीएसई को दी गई सूचना में कहा, आर के त्यागी ने 12 अगस्त, 2022 को अपनी सेवानिवृत्ति की तारीख तक यानी 31 मार्च, 2026 तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, निदेशक (परिचालन) का पदभार ग्रहण किया है। त्यागी के पास चंडीगढ़ स्थित पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की डिग्री है।

# कॉरपोरेट कर संग्रह अप्रैल-जुलाई में 34 फीसदी बढ़ा : आयकर विभाग

भाषा। नई दिल्ली




**आयकर विभाग** ने कहा है कि चालू वित्त वर्ष के पहले चार महीनों में कंपनियों की आय पर वसूला जाने वाला कॉरपोरेट कर 34 फीसदी बढ़ गया है। आयकर विभाग ने अप्रैल–जुलाई के दौरान कॉरपोरेट कर संग्रह में हुई वृद्धि की जानकारी ट्वीट के जरिए दी। विभाग ने कर संग्रह की सटीक राशि का खुलासा न करते हुए कहा, वित्त वर्ष 2022–23 में 31 जुलाई, 2022 तक का कॉरपोरेट कर संग्रह पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 34 फीसदी अधिक है। आयकर विभाग ने बताया कि वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान कॉरपोरेट कर का कुल संग्रह 7.23 लाख करोड़ रुपए रहा जो वर्ष 2020–21 के कर संग्रह से 58 फीसदी अधिक है। विभाग ने कहा, कर संग्रह में वृद्धि का सकारात्मक रुझान चालू वित्त वर्ष में भी जारी है। यह दिखाता है कि कर व्यवस्था का सरलीकरण और बिना किसी छूट के कर दरों में कटौती के लिए उठाए गए कदम कारगर रहे हैं। आयकर विभाग ने इस आंकड़े के साथ कॉरपोरेट कर की दरों में 2019 में की गई कटौती को लेकर की जाने वाली आलोचनाओं का जवाब देने का प्रयास किया है। आलोचकों ने कहा था कि कंपनियों के लिए कर दरें कम करने से सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचेगा और इसका असर समाज कल्याण योजनाओं पर होने वाले सरकारी खर्च पर पड़ेगा। सरकार ने सितंबर 2019 में कंपनियों को 30 फीसदी की कर दर से 22 फीसदी कर दर में आने का विकल्प दिया था लेकिन इसके लिए कोई छूट नहीं मिलने की शर्त रखी गई थी।

## इंडियन ऑयल और टाटा पावर का पहला फास्ट ईवी चार्जिंग स्टेशन लखनऊ में खुला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**वैकल्पिक ईंधन** को बढ़ावा देने के अपने प्रयासों में, इंडियन ऑयल ने यूपी में ईवी स्टेशन शुरू करने के लिए टाटा पावर के साथ सहयोग किया है। पायलट आधार पर पहली ईवी चार्जिंग सुविधा का उद्घाटन इंडियनऑयल के मेसर्स इंद्रा ऑटोमोबाइल्स आशियाना लखनऊ में विज्ञान कुमार ईडी खुदरा बिक्री एन एंड ई द्वारा किया गया। यह सुविधा यूपी राज्य में अपनी तरह की पहली है क्योंकि इसमें फास्ट चार्जिंग क्षमता के साथ 25 किलोवाट का सेटअप शामिल है। इस अवसर पर बोलते हुए श्री कुमार ने कहा कि इंडियनऑयल के वैकल्पिक ईंधन में प्रवेश के साथ, यह ईवी स्टेशन लखनऊ के आधुनिक ईवी वाहन मालिकों को आराम देगा। 0.100 चार्जिंग एक घंटे से भी कम समय में 300 रुपये की मामूली राशि पर हासिल की जा सकती है। टाटा पावर ईज़ी चार्ज ऐप के माध्यम से स्लॉट उपलब्धता और भुगतान के अनुसार प्री.बुकिंग पहले करनी होगी। इस अवसर पर ग्राहकों की खुशी के लिए आई लव आईओसी सेल्फी, प्वाइंट का भी उद्घाटन किया गया। इंडियनऑयल की तरफ से जयबीर मिश्रा,जीएम आरएस, इंडियन ऑयलय, रजत कौशल, महाप्रबंधक ,आरएस.2, इंडियन ऑयलय सिद्धार्थ स्वरूप डिवीजनल रिटेल हेड लखनऊ डीओ ने उपस्थित ग्राहकों के साथ हर घर तिरंगा् अभियान में भाग लिया।



## एचडीएफसी लिमिटेड के एचडीएफसी बैंक में विलय को मंजूरी

भाषा। नई दिल्ली

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने एचडीएफसी बैंक और एचडीएफसी लिमिटेड के प्रस्तावित विलय को मंजूरी दे दी है। आयोग ने शुक्रवार को एक ट्वीट में इस फैसले की जानकारी दी। आयोग ने कहा, एचडीएफसी लिमिटेड, एचडीएफसी बैंक, एचडीएफसी इन्वेस्टमेंट्स और एचडीएफसी होल्डिंग्स के विलय संबंधी प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी गई है। एचडीएफसी लिमिटेड ने गत अप्रैल में ही इस विलय योजना का ऐलान किया था। पहले चरण में एचडीएफसी इन्वेस्टमेंट्स और एचडीएफसी होल्डिंग्स का विलय एचडीएफसी लिमिटेड में किया जाएगा। फिर दूसरे चरण में उस एकीकृत कंपनी का एचडीएफसी बैंक में विलय कर दिया जाएगा। एक खास सीमा से अधिक हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए कंपनियों को प्रतिस्पर्धा आयोग से मंजूरी लेना जरूरी होता है।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of Fullerton India Home Finance Company. That Mr. Tarun Kumar is owner of Property having area measuring 33 Sq. Yds., out of Khasra No. 232 Min, Situated in the area of Village Mavai, Pargana Loni, Tehsil & District Ghaziabad (the said property), by virtue of Gift deed dated 08.07.2022, Registration No. 3644, executed by Mrs. Rekha Kumari and Mr. Arun Kumar. All persons are hereby informed that above mentioned owner want to take Loan from Fullerton India Home Finance Company against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said property, its Sale /Mortgage/litigation, and any kind of objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of Fullerton India Home Finance Company. That Mrs. Saraoj Jain is claiming owner /attorney holder of Property bearing Plot No. P-91, admeasuring 40 sq.yds. out of Khasra No. 194, Khewat No. 11, Situated in the layout Plan of Shankar Nagar, Extn. Krishna Nagar area of Village Ghondli, Shahdara Delhi-51. (the said property), by virtue of regd. GPA, Agreement and will all dated 10.03.2008, executed by Mrs. Krishna Devi, All persons are hereby informed that above mentioned claiming owner/ attorney holder want to sell the said property to Mrs. Neetu Jain and Mrs. Anju jain who is taking Loan from Fullerton India Home Finance Company for purchase of the said property, if anybody has any objection/s upon the owner ship of above owner /attorney Holder of the said property, its sale /Mortgage/litigation, and any kind of objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा सूचित करना है कि भूखण्ड संख्या- ए-94, सेक्टर-36, नोएडा (ऐरिया 165.60 वर्गमीटर) जिला- गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0 जिसके मूल आंवटी श्री इन्द्रजीत पुत्र श्री एस.एल शर्मा निवासी डी-345, आनंद विहार, दिल्ली-92 है, जिनके द्वारा श्रीमती उज्जवल चौधरी पत्नी श्री भगवती प्रसाद चौधरी निवासी धनेवा धनेई, महाराजगंज उ0प्र0 के पक्ष में जीपीए पंजीकृत करायी गयी थी, जो उप निबन्धक कार्यालय दिल्ली में दिनांक 17.02.1998, को बही नं0-4, क्रमांक संख्या-9197, दस्तावेज नं0-4813, पृष्ठ नं0-144-145 पर रजिस्टर्ड है। तथा विक्रय संविदा पंजीकृत नही है। अतः अब उपरोक्त भूखण्ड का अंतरण जीपीए के आधार पर श्री राहुल चौधरी पुत्र श्री प्रदीप चौधरी एवं रोहन चौधरी पुत्र श्री पंकज चौधरी निवासीगण धनेवा धनेई, महाराजगंज उ0प्र0 के पक्ष में अंतरण (Transfer) होने के लिए प्राधिकरण में प्रस्तुत किया जा रहा है। यदि इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति है तो कृपया अपनी आपत्ति साक्ष्य सहित नौएडा प्राधिकरण के भूखण्ड विभाग में इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अंदर दाखिल कर दें। श्रीमती उज्जवल चौधरी

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है की राजनितिक दल "लोकहित अधिकार पार्टी" के नाम से रजिस्ट्रीकृत होना प्रस्तावित है। पार्टी कार्यालय 94 एच.आई.जी डुप्लेक्स ब्रिज विहार गाज़ियाबाद - 201011 में स्थित है। इस दल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम , 1951 की धारा 29 क के अधीन राजनितिक दल के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग , नई दिल्ली को आवेदन प्रस्तुत किया है - पार्टी के पदाधिकारियो के नाम / पता नीचे दिए गए है:
**सभापति / अध्यक्ष** : रोशन लाल गुप्ता , पता: 94, एच.आई.जी डुप्लेक्स ,ब्रिज विहार ,गाज़ियाबाद , उत्तर प्रदेश – 201011
**महासचिव / सचिव** : शेखर साहू , पता : माकन नंबर : 546/777 , सर्फराजगंज -1 , लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226003
**कोषाध्यक्ष** : गौरव गुप्ता, पता: 94 ,एच.आई.जी डुप्लेक्स ,ब्रिज विहार, गाज़ियाबाद,उत्तर प्रदेश - 201011
यदि किसी को "लोकहित अधिकार पार्टी" के रजिस्ट्रीकरण में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति कारणों सहित सचिव (राजनितिक दल ), भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचन सदन , अशोक रोड , नई दिल्ली - 110001 को , इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर भेजे।

## कॉस्को (इंडिया) लिमिटेड

सीआईएन : एल25199डीएल1980पीएलसी010173
पंजी. कार्यालय : 2/8, रूप नगर, दिल्ली–110007
वेबसाइट : www.cosco.in ई–मेल : mail@cosco.in
फोन : 91–11–23843000 फैक्स : 91–11–23846000

30 जून, 2022 को समाप्त तिमाही हेतु पृथक्कृत अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण

(रू. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 30–06–2022 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 30–06–2021 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 31–03–2022 लेखापरीक्षित | वर्ष समाप्त 31–03–2022 लेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परिचालन से कुल आय | 3,364.35 | 2,710.64 | 4,211.61 | 13,701.06 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ, कर पूर्व | 16.45 | 9.62 | 99.26 | 250.90 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ, कर पश्चात | 6.78 | (0.65) | 96.32 | 192.01 |
| 4 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित हैं] | 6.78 | (0.55) | 116.93 | 212.30 |
| 5 | इक्विटी शेयर पूंजी | 416.10 | 416.10 | 416.10 | 416.10 |
| 6 | अन्य इक्विटी | - | - | - | 4,168.39 |
| 7 | प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/–प्रत्येक) | | | | |
| | (क) मूल (रू.) | 0.16 | (0.02) | 2.31 | 4.61 |
| | (ख) तनुकृत (रू.) | 0.16 | (0.02) | 2.31 | 4.61 |

नोट्स :

1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेन्ज वेबसाइट्स (www.bseindia.com/corporates) तथा कम्पनी की वेबसाइट www.cosco.in पर उपलब्ध है।
2. उपरोक्त परिणामों का पुनरीक्षण लेखापरीक्षा समिति द्वारा तथा अनुमोदन निदेशक मंडल द्वारा दिनांक 13 अगस्त, 2022 को आयोजित उनकी संबंधित बैठक में किया गया है।

बोर्ड के आदेश द्वारा
वास्ते कॉस्को (इंडिया) लिमिटेड
देविन्दर कुमार जैन
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ
डीआईएन : 00191539

स्थान : दिल्ली
तिथि : 13–08–2022

# स्मृति ने सुजानपुर में अमृत सरोवर का फीता काटकर किया लोकार्पण

● स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के हाथों निर्मित किए गए तिरंगे झंडे का किया अवलोकन और उनकी प्रशंसा की

● अमृत सरोवर परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

●मनीषी महिला महाविद्यालय गौरीगंज में लगाई गई विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर आधारित प्रदर्शनी का किया अवलोकन







संवाददाता। अमेठी

**आजादी** की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत 11 से 17 अगस्त तक स्वतंत्रता एवं 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर आज माण् केंद्रीय मंत्री महिला एवं बाल विकास और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय, ध्सांसद अमेठी श स्मृति जुबिन इरानी ने अपने एक दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान विकासखंड गौरीगंज अंतर्गत सांसद आदर्श ग्राम सुजानपुर में मनरेगा योजना अंतर्गत 16०59 लाख की लागत से नवनिर्मित अमृत सरोवर का फीता काटकर लोकार्पण किया। इस दौरान माण् सांसद महोदया ने ग्राम प्रधान की प्रशंसा करते हुए कहा कि बहुत सुंदर अमृत सरोवर का निर्माण कराया गया है यह सरोवर जल संरक्षण में सार्थक सिद्ध होगा इसके उपरांत माण् सांसद महोदया ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित किए गए तिरंगे झंडे का अवलोकन किया एवं उनकी प्रशंसा की। इसके बाद उन्होंने अमृत सरोवर परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। माण् सांसद महोदया ने मनीषी महिला महाविद्यालय गौरीगंज में जिला प्रशासन द्वारा लगाई गई विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान विभिन्न विद्यालय की अध्यापिकाओं द्वारा बनाई गई रंगोली को देखा। इसके उपरांत विद्यालय परिसर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग किया तथा विभिन्न विद्यालय की छात्राओं एवं संस्कृति विभाग द्वारा भेजे गए सांस्कृतिक दलध्जादू द्वारा दी गई मनमोहक प्रस्तुतियों का अवलोकन किया। इस दौरान माण् सांसद महोदया ने समस्त जनपद वासियों से 13 से 15 अगस्त के मध्य हर घर तिरंगा फहराने की अपील किया। इस दौरान माण् राज्य मंत्री संसदीय कार्य चिकित्सा शिक्षा चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश श्री मयंकेश्वर शरण सिंहए जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरीए जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्रए पुलिस अधीक्षक इलामारन जीए मुख्य विकास अधिकारी डॉ अंकुर लाठरए जिलाध्यक्ष भाजपा दुर्गेश त्रिपाठीए पूर्व विधायक तेजभान सिंहए चंद्र प्रकाश मिश्रए प्रबंधक मनीषी महिला महाविद्यालय गौरीगंज श्री जगदंबा प्रसाद त्रिपाठीए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एके सिंहए अपर पुलिस अधीक्षक वीके पांडेए जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारीए कार्यकर्ता व जन सामान्य मौजूद रहे।

## केंद्रीय राज्यमंत्री ने बंधवाया रक्षा सूत्र

**कोंच ( जालौन )।** केंद्रीय राज्यमंत्री व स्थानीय सांसद भानुप्रताप सिंह वर्मा ने भाई बहिन के परस्पर प्रेम से परिपूर्ण रक्षा बंधन पर्व पर शुक्रवार की देर शाम मुहल्ला गांधीनगर में रहने वाली अपनी मुंहबोली बहिन पूर्व सभासद उमा मिश्रा पत्नी कैलाश मिश्रा के घर पहुंचकर अपनी कलाई पर रक्षा सूत्र बंधबाकर क्षेत्रवासियों को रक्षा बंधन पर्व की शुभकामनाएं दी।भाई भानुप्रताप का तिलक कर बहिन उमा ने उनका मुंह मीठा कराया और उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ आशीर्वाद दिया।भानुप्रताप ने बताया कि करीब तीन दशक से अधिक समय से वह रक्षा बंधन पर्व पर अपनी मुंहबोली बहिन के घर रक्षा सूत्र बंधबाने व्यस्तता के बाद भी हर हाल में पहुंचते हैं और बहिन का उन्हें हमेशा प्रेम स्नेह आशीर्वाद मिलता रहता है।इस दौरान भाजपा नेता कैलाश मिश्रा, रामप्रकाश यादव, अंजनी श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## डीएम व एसपी ने सुनीं समस्याएं

संवाददाता। चित्रकूट



**उत्तर** प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप थाना समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा की उपस्थिति में थाना मानिकपुर में थाना दिवस किया गया।

इस मौके पर डीएम अभिषेक आनंद ने थाना समाधान दिवस में आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुनकर शीघ्र निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए। साथ ही कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्ता युक्त समय बद्ध तरीके से निस्तारण कराया जाए । भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरणों पर जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर भेज कर निस्तारण कराएं। उप जिलाधिकारी तथा थानाध्यक्ष से कहा कि आज दो शिकायतें जो रास्ता रोकने की प्राप्त हुई है उन्हें तत्काल राजस्व पुलिस की टीम आज ही मौके पर निस्तारण कराकर अवगत कराएं। इसके बाद जिलाधिकारी ने थाना समाधान रजिस्टर का अवलोकन करके समस्याओं के निस्तारण की गुणवत्ता को देखा। थाना समाधान दिवस मे उप जिलाधिकारी मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव ,प्रभारी निरीक्षक थाना मानिकपुर गिरेन्द्र सिंह , लेखपाल, कानूनगो व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

**सावन तीज महोत्सव में शामिल हुईं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती** :कोंच( जालौन)। भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य ठाकुर अंजू सिंह द्वारा शनिवार को स्थानीय रॉयल गार्डन में संयोजित सावन तीज महोत्सव में भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

सावन तीज महोत्सव में पधारी कमलावती सिंह का अंजू सिंह ने माल्यार्पण व बैज अलंकरण कर स्वागत किया।

## छात्र-छात्राओं ने तिरंगा यात्रा निकाल दिया देश प्रेम का संदेश

संवाददाता। कुठौंद (जालौन)



तिरंगा यात्रा में शामिल जनप्रतिनिधि व छात्र-छात्रायें पायनियर

**शनिवार** को स्थानीय जनता सनातन धर्म इंटर कॉलेज से आजादी के अमृत महोत्सव अवसर पर छात्र-छात्राओं एवं संभ्रांत नागरिकों तिरंगा शोभायात्रा निकालकर देश प्रेम का संदेश दिया।

जिला पंचायत सदस्य प्रमुख प्रतिनिधि अनिरुद्ध कुमार द्विवेदी उर्फ रामू, कुठौंद प्रधान नरेंद्र महंत, जनता सनातन धर्म इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य जगदीश नारायण शुक्ल, भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता के साथ अनेकों छात्र-छात्राओं सहित संदीप दाऊ, अमित नीखरा भाजपा मंडल अध्यक्ष, प्रवेन्द्र सिंह, अनिल पाल मंडल उपाध्यक्ष भाजपा, पूजा शुक्ला भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष सहित लोगों की सहभागिता के बीच तिरंगा जागरूकता रैली सनातन धर्म इंटर कॉलेज के मुख्य द्वार से शुरू हुई जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्रायें अपने हाथों में तिरंगा झंडा लहराते हुये चल रहे है। तो वहीं डीजे पर देश भक्ति के गीत बजाये जा रहे थे। तिरंगा यात्रा में शामिल रहे अनिरुद्ध कुमार द्विवेदी जिला पंचायत सदस्य ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि, नरेंद्र महंत प्रधान सहित भाजपा ने घर-घर तिरंगा झंडा पहुंचाये जाने का संकल्प लिया। इसीक्रम में थानाध्यक्ष कुठौंद अखिलेश द्विवेदी के नेतृत्व में भी आजादी के अमृत महोत्सव अवसर पर तिरंगा शोभायात्रा का सफल आयोजन हुआ जिसमें अनेकों पुलिस कर्मियों ने सहभागिता कर देश प्रेज का जज्बा जगाया।

## तीन थानों में आयीं मात्र 4 शिकायतें, 2 हुईं निस्तारित

**कोंच ( जालौन )।** शनिवार को कोंच कोतवाली सहित सर्किल के थाना नदीगांव व कैलिया में आयोजित किये गये समाधान थाना दिवस में पुलिस व राजस्व विभाग से सम्बंधित मात्र 4 शिकायतें ही फरियादियों द्वारा दर्ज करायीं गयीं। दर्ज करायीं गयीं शिकायतों में से 2 शिकायतें मौके पर ही निस्तारित कर दी गईं। कोंच कोतवाली में एसएसआई आनंद कुमार ने शिकायतें सुनी। यहां पर दर्ज करायीं गयीं 2 शिकायतों में से 1 शिकायत निस्तारित कर दी गई। थाना नदीगांव में थानाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह पटेल ने शिकायतें सुनी।यहां पर भी दर्ज 2 शिकायतों में से 1 शिकायत मौके पर ही निस्तारित कर दी गई। थाना कैलिया में थानाध्यक्ष रविन्द्र यादव फरियादियों के इंतजार में बैठे रहे लेकिन एक भी फरियादी अपनी समस्या शिकायत लेकर नहीं पहुंचा। समाधान दिवस में दरोगाओं समेत राजस्व कर्मी उपस्थित रहे।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से भैंस मरी

**कोंच ( जालौन )।** तहसील क्षेत्र के ग्राम खैरावार में आकाशीय बिजली की चपेट में आकर खेतों में चारा चर रही एक भैंस की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। रेंढर थाना क्षेत्र के इस गांव के निवासी तेजसिंह कुशवाहा पुत्र बैजनाथ कुशवाहा की एक भैंस शनिवार को गांव के खेतों में चारा चर रही थी। इसी बीच गड़गड़ाहट और बारिश के बीच गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से भैंस की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि धर्मेंद्र कुमार जाटव ने मौके पर पहुंचकर थाना पुलिस को घटना की सूचना दी। वहीं तेजसिंह ने पुलिस से मृत भेंस का पोस्टमार्टम कराकर मुआवजा दिलाये जाने की मांग की है।

## क्विक न्यूज

### प्रशासनिक अमले ने नगर में निकाली तिरंगा यात्रा

**कालपी (जालौन)।** आजादी का 75वां अमृत महोत्सव देश के हर एक कोने में मनाया जा रहा है इसी उपलक्ष में बीते दिन शनिवार को एसडीएम कालपी द्वारा कालपी नगर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर पूरा देश इस वर्ष आजादी का अमृत महोत्सव मनाकर देश के प्रति अपने प्रेम को प्रकट कर रहा है। इसमें देश का प्रशासनिक अमला भी शामिल हैं देश की आन बान शान तिरंगा को उत्साह पूर्वक लहराया जा रहा है। इसी क्रम में दिन शनिवार को उप जिलाधिकारी कालपी अंकुर कौशिक द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा कालपी नगर के हर गली से निकाली गई, साथ ही साथ लोगों को धूमधाम से आजादी का 75वां अमृत महोत्सव बनाने का संदेश दिया गया। इस तिरंगा यात्रा में हर एक समुदाय के लोग शामिल हुए और भाई चारे की भावना एवं उत्साह के साथ तिरंगा यात्रा को नगर में घुमाया गया। वही नगर के लोगों को घरों में तिरंगा लगाने के लिए तिरंगा भी वितरित किए गए। एसडीएम कालपी ने कहा की आजादी का यह 75वां अमृत महोत्सव सभी लोगों को एक साथ मिलकर मनाएं और अपने घरों में तिरंगा लगाना लगाएं उन्होंने कहा कि यह गर्व की अनुभूति का पल है कि आज नगर में सभी जगह तिरंगा लहरा रहा है। इस प्रकरण में एसडीएम कालपी अंकुर कौशिक समेत, नायाब तहसीलदार राजेश पाल, शासकीय अधिवक्ता सत्यम पांडे, शिवम यादव, राहुल श्रीवास एवं सभी समुदाय के लोग शामिल रहे।

### सालाबाद में जल निकाली न होने से बरसाती पानी घरों में भरा

**जालौन (उरई)।** जल निकासी की व्यवस्था न होने से बारिश का पानी घरों में भर रहा है। पीड़ित ग्रामीणों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर समस्या का समाधान कराने की मांग की है। तहसील क्षेत्र के ग्राम सालाबाद निवासी रामप्रकाश, महेश कुमार, अरविंद आदि ने एसडीएम राजेश सिंह को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके गांव में डॉ. अंबेडकर स्कूल के पास दलित बस्ती है। इसी बस्ती के पास गांव का तालाब भी स्थित है। इस तालाब में पूरे गांव का पानी आता है। लेकिन पानी निकलने वाला रास्ता पूरी तरह से बंद है। जिसके चलते पानी तालाब तक पहुंच पा रहा है। जिसके चलते बारिश का पानी दलित बस्ती में ही भर जाता है। गलियों और रास्ते में जलभराव होने के बाद पानी घरों में भरने लगता है। जिससे लोगों को दिक्कत हो रही है। जितनी बार बारिश होती है उतनी ही बार घरों में पानी भर जाता है। घरों में पानी भरने पर उसे बाल्टियों अथवा अन्य साधनों से खाली करना पड़ता है। जिससे मुश्किल हो रही है। पीड़ित ग्रामीणों ने एसडीएम से जल निकासी की समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

### सींगपुरा में अधूरा पड़े पक्के नाले से ग्रामीणों की मुसीबतें बढ़ी

**जालौन (उरई)।** गांव में नाला पक्का न होने से ग्रामीणों को आवागमन में असुविधा हो रही है। पूर्व में नाले के कुछ भाग का निर्माण करा दिया गया। शेष भाग छोड़ दिया गया। ग्रामीणों ने पूरे नाले को पक्का कराने की मांग करते हुए एसडीएम को शिकायती पत्र दिया। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम सींगपुरा निवासी मनोज कुमार, शेखर, विनोद आदि ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके गांव में मुख्य मार्ग के बगल में ही कच्चा नाला बना हुआ है। इस नाले की लंबाई करीब 400 मीटर है। नाला कच्चा होने से उसके किनारे की मिट्टी धसकती रहती है। इसके अलावा कीचड़ भी होता है। जिससे रास्ते से होकर निकलने में परेशानी होती है। ग्रामीणों ने उक्त नाले को पक्का कराने की मांग की थी। जिसके बाद नाले का निर्माण शुरू हुआ था। लेकिन लगभग 180 मीटर नाले का ही पक्का निर्माण कराया गया। शेष 220 मीटर नाले को वैसा ही छोड़ दिया गया। विनोद चौधरी के मकान से अशर्फी पाल के मकान तक नाला पक्का न होने से ग्रामीणों को दिक्कत हो रही है। ग्रामीणों ने एसडीएम से जनहित में अवशेष नाले को भी पक्का कराने की मांग की है।

### इंगुई कलां में तालाब किनारे मिला मगरमच्छ, मचा हड़कम्प

**कोंच(जालौन)।** कोंच विकास खण्ड के ग्राम इंगुई कलां में शनिवार की सुबह तालाब किनारे करीब 9 फीट लंबा मोटा मगरमच्छ मिलने से गांव में हड़कम्प मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह ग्रामीण अपने खेतों की ओर जा रहे थे तभी ग्रामीणों ने आबादी के समीप स्थित तालाब किनारे मगरमच्छ को विचरण करते हुए देखा तो ग्रामीणों में हड़कम्प मच गया और मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गयी। मगरमच्छ होने की सूचना वन विभाग को दी गई जिसके बाद वन रेंजर पंकज भानु सिंह ने वन कर्मियों की टीम मौके पर भेजी। वन कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर मगरमच्छ को पकड़ लिया। विदित हो कि गांव में इससे पहले भी मगरमच्छ पाया गया था और एक बार फिर से मगरमच्छ पाए जाने से ग्रामीणों में डर देखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि नहर के पानी से मगरमच्छ तालाब में आ जाते हैं।

### छिरिया सलेमपुर में आजादी के अमृत महोत्सव निकली तिरंगा यात्रा

**जालौन (उरई)।** आजादी के अमृत महोत्सव पर पर चल रहे तिरंगा अभियान के तहत ग्राम मकरंदुपरा व छिरिया सलेमपुर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा को लेकर भारत माता की जय के नारे भी लगाए। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम छिरिया सलेमपुर में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी व प्रधान प्रतिनिधि आशू तिवारी के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। जो ग्राम पंचायत भवन से शुरू होकर गांव की विभिन्न गलियों से होकर पुनः पंचायत भवन पर जाकर समाप्त हुई। उधर, मकरंदपुरा में भी तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा गांव के राममंदिर से शुरू हुई। जो गांव की गलियों में भ्रमण करते हुए डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर जाकर समाप्त हुई। उधर, इस दौरान गांव के लोग और बच्चे देश की शान में राष्ट्रीय ध्वज को हाथों में थाम कर आगे बढ़ रहे थे।

## बारिश का पानी घरों में घुसा, धान की रोपाई कर सपाइयों ने जताया विरोध

संवाददाता। चित्रकूट



सड़क पर भरे पानी में धान रोपते सपाई पायनियर

**शुक्रवार** की रात शुरु हुई बारिश शनिवार दोपहर तक जारी रहने से नगर पालिका के विकास कार्यों की पोल खोल दी। बारिश का पानी लोगों के घरों में घुस गया। आसपास के लोग और सपा नेताओं ने सड़क में धान की रोपाई कर विरोध जताया।

शनिवार व शुक्रवार को हुई बारिश से लोगों के घरों में भरे पानी को दिखाने को स्थानीय लोगों ने प्रदेश के पूर्व राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय को मौके पर ले जाने का प्रयास किया। उन्होंने वहां जाने से इंकार कर दिया। इस बाबत पूंछने पर पूर्व राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने फोन नहीं उठाया। सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने बताया कि बारिश के पहले नगर पालिका ने नाली व नाले की सफाई की फोटो सोशल मीडिया में डाली थी। लोनिवि की पक्की सड़क और नाली बनवाने का दावा किया था। दो घंटे की बारिश ने विभागों की पोल खोल दी। हालत ये है कि सड़कों पर धान रोपा जा रहा है। जिला मुख्यालय के बस स्टैण्ड के पास रामपुरी, लक्ष्मणपुरी, पाण्डेय कालोनी, नयी दुनिया, अहिरनपुरवा में लोगों के घरों में बारिश का पानी घुस गया। लोग अपनी-अपनी छतों पर बैठकर रात गुजारने को मजबूर हुए। धीरे-धीरे पानी निकलने के बाद लोग अपने घरों की छत से नीचे उतरे। स्थानीय लोगों ने कहा कि कई बार नगर पालिका और लोक निर्माण विभाग से शिकायत की गई है।

## होमगार्डकर्मियों ने धूमधाम से निकाली भव्य तिरंगा यात्रा



संवाददाता। कोंच (जालौन)

**आजादी** का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में चल रहे कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को होमगार्ड कर्मियों ने नगर में तिरंगा यात्रा निकाली। परेड कमांडर अनिरुद्ध सिंह की अगुवाई में होमगार्ड कर्मियों ने खंड विकास कार्यालय से नदीगांव रोड होते हुए मारकंडेश्वर तिराहे तक तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा में क्रमबद्ध तरीके से शामिल होमगार्ड कर्मी अपने अपने हांथों में लिए तिरंगा झंडा लहराते हुए भारत माता की जय के गगनभेदी नारे लगाते हुए साथ चल रहे थे। यात्रा में उमेश सिंह, धर्मेंद्र ब्यास, रामानंद, लालजी प्रजापति, मनोज कुमार, नरेंद प्रताप, बीरसिंह, राजेन्द्र कांत खरे, रामकुमार, गंगाराम, शिवराम सिंह, विनीत कुमार, रमेश कुमार, दारा सिंह आदि होमगार्ड कर्मी शामिल रहे। उधर, सीएचसी में पदस्थ चिकित्सकों सहित स्टॉफ सदस्यों ने प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ दिनेश बरदिया के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली।

## कानपुर महोबा मार्ग पर संचालित होंगी शासन से मिली दो नई बसें



संवाददाता। हमीरपुर

**शासन ने** स्थानीय रोडवेज को दो नई बसे आवंटित की है,दोनों बसे कानपुर महोबा मार्ग में संचालित की जायेगी हालाकि इन दोनों बसों को फास्टटैग नही बन पाया है,इसलिये फिलहाल ये बसे विभिन्न रुटों पर भेजी जा रही है।

जानकारी के मुताबिक स्थानीय रोजबेज में ज्यादातर रोडवेज बसे अपनी मियाद पार कर चुकी है जिससे अक्सर बसे रास्ते में ही धोखा दे जाती है। बसों की बाडी टूट फूट गयी है, विभाग ने कई मर्तवा नयी बसों की मांग की है लिहाजा शासन ने कल दो नयी बसे आवंटित की है कल दोनो बसो का उद्घाटन किया जायेगा। एआरएम रोडबेज अकील खान ने बताया कि कानपुर महोवा मार्ग सबसे ज्यादा लाभ देने वाला मार्ग है इसलिये दोनों बसों को इसी मार्ग पर संचालित की जायेगी। फास्ट टैग न बना होने के कारण फिलहाल अभी एक बस राठ हमीरपुर व एक बस बांदा हमीरपुर मार्ग पर संचालित की जायेगी। दोनों बसो के आने से यात्रियो ने काफी राहत महसूस की है। इस रोड में सबसे ज्यादा सवारिया निकलती है।

## अमृत महोत्सव को यादगार बनाने के लिए विधायक ने मऊ में निकाली जनजागरण यात्रा

संवाददाता। मऊ (चित्रकूट)



**जिले** के मऊ-मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी ने शनिवार को अपनी विधानसभा क्षेत्र के केंद्रीय कार्यालय मऊ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह के आहवान पर आजादी के अमृत महोत्सव के तहत सैकडों समर्थकों के साथ तिरंगा यात्रा निकाली।

इस मौके पर अपना दल-भाजपा गठबंधन से विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी ने कहा कि देश की आजादी के 75 वर्ष पूर्ण चुके हैं। जिसके उपलक्ष्य पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस को अमृत महोत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इस बार पूरे भारत राष्ट्र में घर-घर तिरंगा लहराने का सरकार ने संकल्प लिया है।जिसको साकार करने के लिए जनजागरूकता के लिए तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है।विधायक ने बताया कि आज पार्टी पदाधिकारियों, प्रधानों एवं समर्थकों के हुजूम के साथ तिरंगा चेतना यात्रा मऊ नगर पंचायत में निकाली गई। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता अमित द्विवेदी ने भी बड़े जोरदारी के साथ अपने समर्थकों के साथ तिरंगा यात्रा में शिरकत किया। तिरंगा यात्रा मऊ बाजार होते हुए जमुना रोड पहुंचकर सीधे मऊ बस अड्डे की ओर चौराहा होते हुए बांए मुड़कर थाने के सामने से तहसील के पास से लौट कर के अपने केंद्रीय कार्यालय में यात्रा समाप्त हुई। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता गीता तिवारी,नगर पंचायत के ब्रांड एम्बेसडर शारदा अग्रहरि,पूर्व प्रधान खपटिहा दिलीप द्विवेदी,चंद्र शेखर द्विवेदी,लक्ष्मी शुक्ला सुमित्रा देवी आदि सकैडों लोग मौजूद रहे।

# भारतीय खेलों का स्वर्णिम काल दस्तक दे रहा है : मोदी

● 61 पदक जीतकर लौटे भारतीय दल का अभिनंदन किया

**भाषा**। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में 61 पदक जीतकर लौटे भारतीय दल का अभिनंदन करते हुए शनिवार को कहा कि भारतीय खेलों का स्वर्णिम काल दस्तक दे रहा है और अच्छे प्रदर्शन पर संतोष करके चुप नहीं बैठना है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने निवास स्थान पर भारतीय दल की मेजबानी की। भारतीय खिलाड़ियों ने बर्मिंघम खेलों में 22 स्वर्ण, 16 रजत और 23 कांस्य समेत 61 पदक जीते। प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा , आप सभी वहां मुकाबला कर रहे थे लेकिन समय का अंतर होने के कारण हिंदुस्तान में करोड़ों भारतीय रतजगा कर रहे थे। देर रात तक आपके हर एक्शन पर देशवासियों की नजर थी। बहुत से लोग अलार्म लगाकर सोते थे कि आपके प्रदर्शन का अपडेट लेंगे। खेलों के प्रति इस दिलचस्पी को बढाने में आप सभी की बहुत बड़ी भूमिका है और इसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं। इस बार का हमारे प्रदर्शन का ईमानदार आकलन सिर्फ पदकों की संख्या से संभव नहीं है। हमारे कितने खिलाड़ी इस बार करीबी मुकाबले खेलते नजर आए और यह भी किसी पदक से कम नहीं है। प्वाइंट एक सेकंड का फासला रह गया होगा लेकिन उसे भी हम कवर कर लेंगे क्योंकि ए मेरा आप पर विश्वास है जो खेल हमारी ताकत रहे हैं उनको तो हम मजबूत कर रही रहे हैं। हम नए खेलों में भी अपनी छाप छोड़ रहे हैं हॉकी में जिस प्रकार हम अपनी विरासत को फिर हासिल कर रहे हैं, उसके लिए मैं दोनों टीमों के प्रयास, मेहनत और मिजाज की सराहना करता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा , पिछली बार की तुलना में इस बार हमने चार नए खेलों में जीत का नया रास्ता बनाया। लॉन बॉल्स से लेकर एथलेटिक्स तक अभूतपूर्व प्रदर्शन रहा है जिससे नए खेलों में युवाओं का रूझान बढने वाला है। इसी तरह नए खेलों में प्रदर्शन सुधारते चलना है। उन्होंने हालांकि कहा , यह शुरूआत है और हम संतोष करके चुप बैठने वाले नहीं है। भारत के खेलों का स्वर्णिम काल दस्तक दे रहा है। यह अच्छी बात है कि खेलों इंडिया और टॉप्स के कई खिलाडि़यों ने इस बार बेहतरीन प्रदर्शन किया लेकिन इन प्रयासों को और तेज करना है। कोई भी प्रतिभाा छूटनी नहीं चाहिए क्योंकि वह देश की संपदा है। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा , अब आपके सामने एशियाई खेल हैं। आप जमकर तैयारी कीजिए। आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर मैं आपसे आग्रह करता हूं कि आप रोल मॉडल के रूप में देश की युवा पीढी को प्रेरित करना जारी रखें। सभी सीनियर खिलाड़ियों ने उम्मीद के अनुसार लीड किया और युवाओं ने तो कमाल ही कर दिया। मेरी खेलों से पहले जिन युवा साथियों से बात हुई थी, उन्होंने अपना वादा निभाया। प्रधानमंत्री ने कहा , आपकी सिद्धि का यश आपके साथ जुड़कर जैसे हर हिंदुस्तानी गर्व करता है।



## आईओए ने पदक विजेताओं को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया

**नई दिल्ली**। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने शनिवार को यहां एक समारोह में बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेताओं को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया। आईओए ने प्रत्एक स्वर्ण पदक विजेता को 20 लाख रुपए का नकद पुरस्कार दिया जबकि रजत और कांस्य विजेताओं को क्रमशः 10 लाख रुपए और 7.5 लाख रुपए का पुरस्कार दिया गया। इस कार्यक्रम में आईओए के कार्यवाहक अध्यक्ष अनिल खन्ना, महासचिव राजीव मेहता, कोषाध्यक्ष आनंदेश्वर पांडे, और बर्मिंघम खेलों के भारत के शेफ डे मिशन (दल प्रमुख) राजेश भंडारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे। इस मौके पर खन्ना ने भारतीय एथलीटों के प्रदर्शन की सराहना की, जिससे देश बहु-खेल स्पर्धा से निशानेबाजी की गैरमौजूदगी के बावजूद पदक तालिका मे चौथे स्थान पर रहा।

## खिलाड़ियों की तुलना आजादी के क्रांतिवीरों से की

**नई दिल्ली**। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों मे शानदार प्रदर्शन करने वाले भारतीय खिलाड़ियों की तुलना भारत की स्वतंत्रता के क्रांतिवीरों से करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि खिलाड़ी देश को सिर्फ एक पदक नही या गर्व करने का अवसर ही नही देते बल्कि एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को सुदृढ करते है। प्रधानमंत्री मोदी ने खिलाड़ियों से कहा , आप सभी बाकी क्षेत्रों मे भी युवाओं को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते है। आप सभी देश को एक संकल्प, एक लक्ष्य के साथ जोड़ते है जो हमारी आजादी की लड़ाई की भी बहुत बड़ी ताकत थी।अनगिनत क्रांतिवीरों की भी धारा अलग थी लेकिन लक्ष्य एक था। आप सभी का राज्य, जिला, गांव, भाषा कोई भी हो लेकिन आप भारत के मान अभिमान के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते है। आजादी की लड़ाई से लेकर आजाद भारत के नवनिर्माण तक जिस भावना से एकजुट होकर लोगों ने प्रयास किया, आप सभी भी उसी भावना से मैदान मे उतरते है।

# तोक्यो ओलंपिक के बाद मैंने लगभग कुश्ती छोड़ने का फैसला कर ही लिया था: विनेश फोगाट

**भाषा**। नई दिल्ली



**विनेश फोगाट** ने शनिवार को कहा कि तोक्यो में ओलंपिक में लगातार दूसरी बार पदक से चूकने के बाद उन्होंने लगभग कुश्ती छोड़ने का मन बना ही लिया था लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बातचीत ने उन्हें खेल में जारी रहने के लिए प्रेरित किया। 2016 रियो ओलंपिक में क्वार्टरफाइनल में घुटने की चोट से उनकी पदक की उम्मीद टूट गई लेकिन तोक्यो में वह अंतिम आठ चरण में बाहर हो गईं जबकि वह अपने वजन वर्ग में दुनिया की नंबर पहलवान के तौर पर उतरी थीं। विनेश ने स्वीकार किया कि इन दो निराशाओं ने उन्हें कुश्ती छोड़ने की कगार पर पहुंचा दिया था लेकिन उन्होंने फिर वापसी करते हुए हाल में समाप्त हुए बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता। इस स्टार पहलवान ने पीटीआई से कहा, निश्चित रूप से, आप कह सकते हैं (विनेश 2.0 रिलोडिड)। मैं मानसिक रूप से बहुत बड़े बैरियर को पार करने में सफल हुई हूं। मैंने लगभग कुश्ती छोड़ ही दी थी क्योंकि दो ओलंपिक में मैं एक पदक नहीं जीत सकी थी।

## शॉपमैन के व्यावहारिक दृष्टिकोण ने मेरा सर्वश्रेष्ठ लाने में मदद की: ज्योति

**नई दिल्ली**। भारतीय महिला हॉकी टीम की फॉरवर्ड ज्योति ने कहा कि मुख्य कोच यानेके शॉपमैन के व्यावहारिक दृष्टिकोण ने उन्हें अपने खेल में काफी सुधार करने में मदद की जिससे वह राष्ट्रमंडल खेलों में पदार्पण में अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रहीं। ज्योति उस भारतीय महिला हॉकी टीम का हिस्सा थीं जिसने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में 16 साल का पदक सूखा खत्म कर यादगार कांस्य पदक जीता।

## टेबल टेनिस खिलाड़ी नैना जायसवाल के ऑनलाइन उत्पीड़न पर मामला दर्ज

**हैदराबाद**। टेबल टेनिस खिलाड़ी नैना जायसवाल की सोशल मीडिया पर कथित उत्पीड़न की शिकायत के बाद मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि जायसवाल के पिता ने गुरुवार को शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने कहा कि इसमें महिला का अपमान , गलत इशारा करना जैसे मामले दर्ज हुए है। उन्होने कहा कि चूंकि मामला जमानती है, इसलिए आरोपी को सीआरपीसी की धारा 41 (पुलिस अधिकारी के समक्ष पेशी) के तहत नोटिस जारी किया गया है।

## आजादी के अमृत महोत्सव पर साइकिल तिरंगा यात्रा आज

**लखनऊ**। स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ और आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में लखनऊ के साइकिलिस्ट व अन्य प्रबुद्धजन 14 अगस्त को साइकिल पर तिरंगा लेकर निकलेंगे। लखनऊ साइकिलिंग एसोसिएशन व पेडलयात्री साइकिलिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में होने वाले इस साइकिल तिरंगा यात्रा के बारे में एलसीए अध्यक्ष उत्कर्ष त्रिपाठी ने बताया कि इस यात्रा की शुरुआत सुबह 6: 30 बजे केडी सिंह बाबू स्टेडियम से होगी। इसको लेकर साइकिलिस्टों के साथ सभी वर्गो के लोगों में उत्साह व्याप्त है। आयोजन सचिव आनन्द किशोर पाण्डेय ने बताया कि इस साइकिल तिरंगा यात्रा को लेकर अब तक 250 लोग अपना पंजीकरण करा चुके है। इसमें साइकिलिस्टों के अलावा अन्य लोग भी शामिल है।

## बैडमिंटन 25 से

**लखनऊ** । श्री सुविदा फाउंडेशन सेकेण्ड मेजर रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता 25 से 28 अगस्त होगी। सचिव डा. सुधर्मा सिंह के अनुसार मेजर रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता बीबीडी0 बैडमिंटन अकादमी, गोमती नगरए लखनऊ में खेली जाएगी जिसमें एकल, युगलए मिश्रित युगल की स्पर्धा खेली जायेगी। इस प्रतियोगिता के अंकों के आधार पर राज्य टीम का चयन होगा। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु इन्ट्री की अन्तिम तिथि 20 अगस्त 2022 है। इन्ट्री 18 से 20 अगस्त 2022 सायं 04 से 07 बजे तक लखनऊ बैडमिंटन संघ के सचिव अनिल ध्यानी को अकादमी में दे सकते है।

## धोनी नए अवतार में

**नई दिल्ली**। ज़ेड ब्लैक अगरबत्ती के नए कैम्पेन में धोनी एक गुरूजी की भूमिका में नज़र आएंगे। यह नया टीवी विज्ञापन ज़ेड ब्लैक के प्रार्थना होगी स्वीकारका ही विस्तार है जिसका उद्देश्य है यह संदेश लोगों तक पहुंचाना कि मुश्किल समय में केवल प्रार्थनाएं ही वायरल होती हैं और इसे निस्वार्थ भावना के साथ फैलाने की आवश्यकता है। ज़ेड ब्लैक देश के शीर्ष तीन अगरबत्ती निर्माताओं में से एक है जो प्रति दिन तीन करोड़ से ज़्यादा अगरबत्तियाँ तैयार करती है और 15 लाख पैक की बिक्री करती है।

## महिंद्रा की कार ने फार्मूला–ई सियोल ई–प्रीं में पोल पोजिशन हासिल की

**सियोल**। भारतीय कार निर्माता महिंद्रा की रेसिंग टीम के ओलिवर रौलेंड ने एफआईए एबीबी फार्मूला ई सियोल ई-प्री में शुरूआती दो रेस में पोल पोजीशन (शीर्ष तीन में) हासिल किया। रौलेंड ने महिंद्रा के फार्मूला ई मे 100वें रेस को यादगार बनाते हुए 30 महिंद्रा एम8इलेक्ट्रो कार से दूसरा स्थान हासिल किया। ब्रिटेन के इस ड्राइवर ने बारिश के कारण मुश्किल परिस्थितियों मे कार पर शानदार नियंत्रण दिखाते हुए पोल पोजीशन हासिल किया। उ

# भारतीय टी20 क्रिकेट टीम में शमी से बेहतर तेज गेंदबाज हैं: पोंटिंग

**भाषा**। दुबई



**आस्ट्रेलिया** के महान क्रिकेटर रिकी पोंटिंग ने एशिया कप की टीम में मोहम्मद शमी की अनुपस्थिति के बारे में कहा कि वह लंबे प्रारूप के लिए सर्वश्रेष्ठ हैं क्योंकि भारत की टी20 टीम में उनसे बेहतर कई तेज गेंदबाज हैं। भारत ने भुवनेश्वर कुमार, आवेश खान और अर्शदीप सिंह को तीन विशेषज्ञ तेज गेंदबाजों के तौर पर चुना है जिसमें आल राउंडर हार्दिक पंड्या 15 सदस्ईय टीम में चौथे गेंदबाज हैं। दो बार के विश्व कप विजेता कप्तान पोंटिंग ने द आईसीसी रिव्यू के ताजा एपिसोड में कहा, वह (शमी) भारत के लिए काफी लंबे समय से बहुत बहुत अच्छा गेंदबाज रहा है। अगर आप उसकी काबिलियत देखो तो वह टेस्ट क्रिकेट में शायद सबसे ज्यादा बेहतर प्रदर्शन करता है। पोंटिंग ने कहा, मुझे लगता है कि भारतीय टी20 क्रिकेट टीम में शमी से कहीं बेहतर तेज गेंदबाज हैं और उन्होंने एशिया कप के लिए केवल तीन का ही चयन किया है। इसलिए अगर टीम में संभावित चार नाम होते तो वह चौथे तेज गेंदबाज हो सकते थे। जसप्रीत बुमराह और हर्षल पटेल चोटों से उबर रहे हैं तो कईयों को लगता है कि शमी को एशिया कप में नई गेंद की जिम्मेदारी साझा करने के लिए शामिल किया जाना चाहिए था। एशिया कप 27 अगस्त से 11 सितंबर तक दुबई और शारजाह में आयोजित किया जाएगा और पोंटिंग ने भारत को टूर्नामेंट में प्रबल दावेदार बताया। पोंटिंग ने कहा, एशिया कप ही नहीं बल्कि किसी भी टूर्नामेंट में भारत को पछाड़ना हमेशा ही मुश्किल होता है, लेकिन मुझे लगता है कि हर बार हम टी20 विश्व कप के बारे में बात करते हैं जो आने ही वाला है और इसमें भी भारत मजबूत टीम होगी। उनकी टीम में गहराई निश्चित रूप से अन्य टीमों से कहीं बेहतर है और मुझे लगता है कि भारत एशिया कप जीतेगा। भारत और चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के बीच एक दशक से द्विपक्षीय श्रृंखला आयोजित नहीं हुई है। उन्होंने कहा, ईमानदारी से कहूं तो हमें इसकी कमी महसूस हुई है, ऐसा नहीं है क्या? जरा पिछले 15 या 20 साल को देखो। क्रिकेट प्रशंसक के तौर पर जब भी इस तरह की भिड़ंत होती है तो हमेशा इन्हें बैठकर देखना अच्छा लगता है क्योंकि इसमें थोड़ा उत्साह अधिक होता है। पोंटिंग ने कहा, प्रतिद्वंद्विता की बात आती है तो आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज टेस्ट क्रिकेट शीर्ष पर है।

## न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को 90 रन से हराकर श्रृंखला में बढ़त ली


**किंगस्टन**। ग्लेन फिलिप्स के 33 गेंद में अर्धशतक की मदद से न्यूजीलैंड ने दूसरे टी20 क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज को 90 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2 . 0 की अजेय बढत बना ली। टी20 क्रिकेट में अपना पांचवां अर्धशतक बनाने के बाद फिलिप्स ने 40 गेंद में 76 रन बनाकर न्यूजीलैंड को पांच विकेट पर 215 रन तक पहुंचाया।

## आयरलैंड ने अफगानिस्तान को हराकर श्रृंखला में बढत ली

**बेलफास्ट**। आयरलैंड ने अफगानिस्तान को दूसरे टी20 मैच में पांच विकेट से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 2- 0 से बढत ले ली। अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन आठ विकेट पर 122 रन ही बना सकी। उसके लिए हशमतुल्लाह शाहिदी ने 42 गेंद में 36 रन बनाए। आयरलैंड के लिए जोश लिटिल, मार्क एडेयर, कुर्टिस कैंफर और जेरेथ डेलानी ने दो दो विकेट लिए।

# मेरे जीवनकाल में नही खत्म होगा टेस्ट क्रिकेट : इयान

**भाषा**। नई दिल्ली



**आस्ट्रेलिया के** महान क्रिकेटर इयान चैपल निश्चित हैं कि टेस्ट क्रिकेट उनके जीवनकाल में खत्म नहीं होगा लेकिन उन्होंने हैरानी जताई कि टी20 लीग के फलने फूलने के बीच क्या सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भविष्य में इसे खेलेंगे। पूर्व आस्ट्रेलियाई कप्तान का मानना है कि दुनिया भर में तेजी से बढ़ती टी20 लीग के चलते अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सामने खिलाड़ियों को बरकरार रखने की चुनौती हैं। चैपल ने वाइड वर्ल्ड ऑफ स्पोर्ट्स से कहा, टेस्ट क्रिकेट मेरे जीवनकाल में खत्म नहीं होगा। लेकिन इसे कौन खेल रहा होगा? यह सबसे बड़ा सवाल है। अगर आपके सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी नहीं खेल रहे तो क्या टेस्ट क्रिकेट देखने लायक होगा? इसका जवाब शायद नहीं होगा। टेस्ट क्रिकेट एक अच्छा खेल है लेकिन इसे अच्छी तरह खेला जाना चाहिए। चैपल ने क्रिस लिन के क्रिकेट आस्ट्रेलिया से संयुक्त अरब अमीरात की आईएलटी20 लीग में खेलने के लिए अनापत्ति पत्र (एनओसी) मंगाने के मुद्दे के बारे में भी बात की। लिन ने इस लीग में खुद को मार्की खिलाड़ी के तौर पर पंजीकृत कराया है लेकिन लीग में खेलने के लिए उन्हें क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) से अनापत्ति पत्र की जरूरत होगी। लेकिन शायद उन्हें यह नहीं मिलेगा क्योंकि आस्ट्रेलियाई क्रिकेट भी इसी समय अपनी बिग बैश लीग आयोजित करता है। चैपल ने कहा कि अगर वह लिन की जगह होते और उन्हें एनओसी नहीं मिलती तो वह सीए को अदालत खींच कर ले गए होते।

## एआईएफएफ चुनाव : सुब्रत दत्ता, लारसिंग मिंग के नामांकन निर्वाचन अधिकारी ने खारिज किए

**नई दिल्ली**। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के चुनावों से पहले अनुभवी प्रशासक सुब्रत दत्ता और लारसिंग मिंग के नामांकन को निर्वाचन अधिकारी उमेश सिन्हा ने खारिज कर दिया। एआईएफएफ के एक सूत्र ने कहा, एआईएफएफ के निर्वाचक मंडल में से भारतीय फुटबॉल संघ (आईएफए) और मेघालय फुटबॉल संघ के नामांकन को निर्वाचन अधिकारी ने खारिज कर दिया है।

## अनाहत ने विश्व जूनियर स्क्वॉश के क्वार्टर फाइनल में पहुंची

**नैंसी (फ्रांस)**। उदईमान भारतीय स्क्वॉश खिलाड़ी अनाहत सिंह ने शनिवार को यहां चौथे दौर में इंग्लैंड की टोरी मलिक को 3-। से हराकर डब्ल्यूएसएफ विश्व जूनियर 2022 के महिला एकल वर्ग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। बर्मिंघम में हाल ही में संपन्न राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय स्क्वॉश दल की सदस्य अनाहत ने मलिक को 11-5, 11-5, 6-।, 11-7 से हराया।

# सिंधू स्ट्रेस फैक्चर के कारण विश्व चैम्पियनशिप से हटीं

भाषा। नई दिल्ली

**भारत** की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने बाएं पैर में स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण आगामी बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप से शनिवार को नाम वापस ले लिया। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता ने ट्विटर पर साझा बयान में पुष्टि की कि वह 2022 विश्व चैंपियनशिप से हट जाएंगी। सिंधू ने 2019 में विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है। वह इसमें दो रजत और दो कांस्य पदक भी जीत चुकी है। हड्डियों या ऊतक पर अत्यधिक दवाब पड़ने से होने वाले हल्के फ्रैक्चर या सूजन को स्ट्रेस फ्रैक्चर कहते हैं। सिंधू ने यहां जारी बयान में कहा, राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के बाद मैं शिखर पर हूं। दुर्भाग्य से, मुझे विश्व चैंपियनशिप से हटना पड़ा। मुझे दर्द महसूस हुआ और राष्ट्रमंडल खेलों के क्वार्टर फाइनल में चोट से दर्द महसूस हुआ। लेकिन अपने कोच, फिजियो और ट्रेनर की मदद से मैंने जितना हो सके आगे बढ़ने का फैसला किया। उन्होंने कहा, फाइनल के दौरान और उसके बाद दर्द असहनीय था। इसलिए जैसे ही मैं हैदराबाद वापस आई, मैंने एमआरआई कराया। डॉक्टरों ने मेरे बाएं पैर में स्ट्रेस फ्रैक्चर की पुष्टि की और कुछ हफ्तों के लिए आराम करने की सलाह दी। मैं कुछ सप्ताह के बाद मैं फिर से अभ्यास शुरू करुंगी। समर्थन और प्यार के लिए आप सभी का धन्यवाद।

# कोको गॉ को हराकर टोरंटो सेमीफाइनल में पहुंची हालेप



**भाषा**। टोरंटा

**दो बार की** चैम्पियन सिमोना हालेप ने अमेरिका की कोको गॉ को 6-4, 7- 6 से हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। रोमानिया की 30 वर्ष की हालेप ने 2016 और 2018 में मांट्रियल में यह टूर्नामेंट जीता था। अब उनका सामना सातवीं वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला से होगा जिन्होंने कजाखस्तान की यूलिया पुतिनत्सेवा को 6-3, 6- 3 से मात दी। ब्राजील की बीट्रिज एच माइया ने स्विटजरलैंड की 12वीं वरीयता प्राप्त बेलिंडा बेंचिच को 2- 6, 6 - 3, 6 -3 से हराया। अब उनका सामना शीर्ष रैंकिंग वाली पोलैंड की इगा स्वियातेक से होगा। वहीं चेक गणराज्य की कैरोलिना प्लिसकोवा की टक्कर चीन की झेंग किंवेन से होगी।

## कोरोना का टीका नहीं लगवाने के कारण जोकोविच सिनसिनाटी ओपन से बाहर

**सिनसिनाटी**। 21 बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नोवाक जोकोविच कोरोना का टीका नही लगवाने के कारण अमेरिका की यात्रा नही कर सकेंगे और इसी वजह से सिनसिनाटी ओपन हार्डकोर्ट टूर्नामेंट से उन्हे पीछे हटना पड़ा। वह इस साल अमेरिकी ओपन भी नही खेल पाएंगे जो न्यूयॉर्क मे 29 अगस्त से शुरू हो रहा है। सर्बिया के 35 वर्ष के जोकोविच पहले भी कह चुके है कि वह कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव के लिए टीका नही लगवाएंगे। इसी वजह से वह जनवरी मे आस्ट्रेलियाई ओपन और अमेरिका मे दो टूर्नामेंट नही खेल सका मांट्रियल मे चल रहे टूर्नामेंट से भी वह बाहर है क्योकि अमेरिका और कनाडा मे उन्हे प्रवेश वर्जित है जिन्होने कोरोना का टीका नही लगवाया है।

## रूड ने मांट्रियल ओपन में ओगर एलियास्सिमे को हराया

**मांट्रियल**। चौथी वरीयता प्राप्त नॉर्वे के कैस्पर रूड ने नेशनल बैंक ओपन टेनिस के क्वार्टर फाइनल मे स्थानीय खिलाड़ी फेलिक्स ओगर एलियास्सिमे को 6-1, 6-2 से हरा दिया। वह सत्र मे तीसरी बार मास्टर्स 1000 सेमीफाइनल मे पहुंचे है। उनका सामना अब आठवी वरीयता प्राप्त पोलैंड के हुबर्ट हुरकाज से होगा जिन्होने आस्ट्रेलिया के निक किर्गियोस को 7-6, 6-7, 6-। से हराया। ब्रिटेन के डेनियल इवांस ने अमेरिका के टॉमी पॉल को। -6, 6 -3, 6 -4 से शिकस्त दी और स्पेन के पाब्लो कारेनो बस्टा ने ब्रिटिश क्वालीफायर जैक ड्रेपर को 7-6, 6 -1 से मात दी।

## सितंबर में लुसाने जाएगा आईओए प्रतिनिधिमंडल, खन्ना ने निलंबन के खतरे को खारिज किया

**नई दिल्ली**। निलंबन के खतरे को खारिज करते हुए भारतीय ओलंपिक संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष अनिल खन्ना ने शनिवार को कहा कि तीन सदस्ईय प्रतिनिधिमंडल अगले महीने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के मुख्यालय जाकर आईओसी को चुनाव के संबंध में मौजूदा स्थिति से अवगत कराएगा। चुनाव नहीं कराने की दशा में आईओए को निलंबित करने की आईओसी की चेतावनी के हफ्तों बाद खन्ना ने कहा कि आईओए देश का कानून और खेल कोड मानने के लिए प्रतिबद्ध है। आईओसी के आईओए को निलंबित करने की चेतावनी संबंधी रपटों के बारे में मैं कहना चाहता हूं कि भारत इतना छोटा देश नहीं है कि उसे धमकाया जा सके।

## पुजारा के 79 गेंद में 107 रन के बावजूद हारा ससेक्स

**भाषा**। नई दिल्ली

**भारत के** स्टार बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने 79 गेंद में 107 रन बनाए लेकिन उनकी काउंटी टीम ससेक्स रॉयल लंदन वन डे कप के मैच में वार्विकशर से चार रन से हार गई। पुजारा ने एक ओवर में 22 रन निकालते हुए अपना शतक पूरा किया। जीत के लिए 311 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उनकी टीम हालांकि चार रन से चूक गई। पुजारा ने मध्यम तेज गेंदबाज लियाम नोर्वेल को 45वें ओवर में तीन चौके और एक छक्का जड़ा। उन्होंने अपनी पारी में सात चौके और दो छक्के लगाए। वह 49वें ओवर की पहली गेंद पर आउट हुए। ससेक्स की टीम सात विकेट पर 306 रन ही बना सकी। वहीं स्टार हरफनमौला कृणाल पंड्या ने वार्विकशर के लिए तीन विकेट लिए जिनमें से दो बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल सके। पंड्या ने अली ओर (81), टॉम क्लार्क (30) और डेलरे रॉलिंस (11) के विकेट चटकाए।

# शाकिब अल हसन एशिया कप, टी20 विश्व कप के लिए बांग्लादेश के कप्तान नियुक्त



**भाषा**। ढाका

**बांग्लादेश** क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने शनिवार को अपने मुख्य आल राउंडर शाकिब अल हसन को आगामी एशिया कप, न्यूजीलैंड त्रिकोणीय श्रृंखला और टी20 विश्व कप के लिए टी20 टीम का कप्तान नियुक्त किया। एशिया कप संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में खेला जाएगा और आस्ट्रेलिया अक्टूबर–नवंबर में टी20 विश्व कप की मेजबानी करेगा। बीसीबी ने काफी हफ्तों की अनिश्चितता के बाद यह घोषणा की क्योंकि शाकिब को बोर्ड ने कहा था कि वह बांग्लादेश की ओर से खेलने या एक सट्टेबाज कंपनी बेटविनर न्यूज से साझेदारी बनाए रखने में किसी एक का चयन करें। शाकिब ने अंत में कंपनी से करार खत्म कर दिया। उन्हें मोमिनुल हक के हटने के बाद जून में टेस्ट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया था। बीसीबी ने 27 अगस्त से खेले जाने वाले एशिया कप के लिए 17 सदस्ईय टीम की घोषणा की। बांग्लादेश ने एशिया कप के लिए अपनी टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में कई बदलाव किए जिसमें लिटन दास को चोटों के कारण टूर्नामेंट से बाहर कर दिया गया। मध्यक्रम बल्लेबाज सबीर रहमान की टीम में वापसी हुई है जबकि मुश्फिकुर रहीम ने भी वापसी की है। टीम में शोरीफुल इस्लाम, मुनीम शहरियार और नजमुल हुसैन शांटो को जगह नहीं मिली।

## राजस्थान रॉयल्स के मालिक ने चेहरे पर तीन–चार चांटे लगाए थे: रॉस टेलर

**नई दिल्ली**। न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज रॉस टेलर ने एक चौकाने वाले खुलासे में दावा किया कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2011 सत्र के दौरान राजस्थान रॉयल्स फ्रेंचाइजी के मालिकों में से एक ने उन्हें थप्पड़ लगाया था। इस पूर्व कप्तान ने कहा कि मोहाली में किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स) के खिलाफ मैच के दौरान शून्य पर आउट होने के बाद फ्रेंचाइजी के एक मालिक ने उन्हें थप्पड़ मारा था। टेलर ने अपनी नई आत्मकथा, रॉस टेलर: ब्लैक एंड व्हाइट में यह रहस्योद्घाटन किया। स्टफ डॉट सीओ डॉट एनजेड पर छपी खबर के मुताबिक उन्होंने कहा, हम 195 रन के लक्ष्य का पीछा कर रहे थे और मैं खाता खोले बगैर आउट हो गया था। मैच के बाद टीम, सहयोगी स्टाफ और प्रबंधन से जुड़े लोग होटल की सबसे ऊपरी मंजिल पर स्थित बार में थे। वॉर्नी (शेन वॉर्न) के साथ वहां लिज हर्ले भी थीं।

# अमृत महोत्सव पर नेशनल जूडो चैंपियनशिप 16 से

**लखनऊ**। यू.पी. जूडो एसोसिएषन, भारतीय जूडो महासंघ के तत्वाधान में 16 से 20 अगस्त 2022 तक बैडमिन्टन हॉल, के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम, लखनऊ में सीनियर राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता का आयोजन करेगी। 700 से अधिक खिलाड़ी व ऑफ़ीशियल इस भव्य आयोजन का हिस्सा होगें। यह जानकारी यूपी जूडो संघ के उपाध्यक्ष मुकेश मेश्राम ने दी। इस अवसर मुन्नवर अंजार, आयशा, समेत कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का उद्घाटन बृजेष पाठक, मउपमुख्यमंत्री, एवं गिरीष यादव मंत्री खेलकूद एवं युवा कल्याण करेंग। समापन श्रीमती आनन्दी बेन पटेल जी, राज्यपाल उत्तर प्रदेष द्वारा होगा। यह प्रतियोगिता खेल निदेषालय द्वारा दिये गये 2 सेट नये जूडो मैट्स पर खेली जायेगी। यह प्रतियोगिता 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में खेली जायेगी। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रकाश चन्द्रा, तकनीकी सचिव दीपक कुमार गुप्ता, अजीत कुमार सिंह एवं राजेन्द्र शर्मा मौजूद रहे।

